RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 350
नई दिल्ली, रविवार, 29 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




भारत की राह में रोड़ा होंगे ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका
स्पोर्ट्स-12

# गाजा पर भारत के रुख से सियासी तूफान

## ● गाजा पर संघर्ष विराम के लिए मतदान से दूरी को लेकर सरकार पर बरसा विपक्ष, भाजपा ने पलटवार किया

**एजेंसी।** नई दिल्ली



गाजा और इजराइल संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में हुए मतदान का परिणाम डिस्प्ले होता हुआ।

**कांग्रेस** समेत कई विपक्षी दलों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में संघर्ष-विराम का आह्वान करने वाले प्रस्ताव पर मतदान से भारत के दूर रहने को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि सरकार फलस्तीन के मुद्दे पर भारत के पुराने रुख के खिलाफ चली गई है।

दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि सरकार ने सही कदम उठाया है और भारत कभी आतंकवाद के पक्ष में खड़ा नहीं हो सकता। भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा में आम नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखने शीर्षक वाले जॉर्डन के मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा। इस प्रस्ताव में इजराइल-हमास युद्ध में तत्काल मानवीय संघर्ष-विराम और गाजा पट्टी में निर्बाध मानवीय पहुंच सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया था। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्ईय महासभा ने उस प्रस्ताव को अपनाया, जिसमें तत्काल, टिकाऊ और निरंतर मानवीय संघर्ष-विराम का आह्वान किया गया है, ताकि शत्रुता समाप्त हो सके। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए अपने पोस्ट में महात्मा गांधी के उस कथन का उल्लेख किया कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देती है। उन्होंने कहा कि मैं स्तब्ध और शर्मिंदा हूं कि हमारा देश गाजा में संघर्ष-विराम के लिए हुए मतदान में अनुपस्थित रहा। प्रियंका ने कहा कि हमारे देश की स्थापना अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों पर हुई थी। इन सिद्धांतों के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया। ये सिद्धांत संविधान का आधार हैं, जो हमारी राष्ट्रीयता को परिभाषित करते हैं।

वे भारत के उस नैतिक साहस का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सदस्य के रूप में उसके कदमों का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि जब मानवता के हर कानून को नष्ट कर दिया गया है, लाखों लोगों के लिए भोजन, पानी, चिकित्सा आपूर्ति, संचार और बिजली काट दी गई है और फलस्तीन में हजारों पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, तब रुख अपनाने से इनकार करना और चुपचाप देखना गलत है। प्रियंका ने कहा कि यह उन सभी चीजों के विपरीत है, जिनके लिए एक राष्ट्र के रूप में भारत हमेशा खड़ा रहा है। प्रियंका गांधी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि जो लोग शर्मिंदा और स्तब्ध हैं, उन्हें इसका एहसास होना चाहिए कि भारत कभी भी आतंकवाद के पक्ष में नहीं होगा। पूर्व अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत के वोट को लेकर स्पष्ट रूप से बताया गया है। इजराइल-फलस्तीन मुद्दे पर हमारी स्थिति दृढ़ और तर्कसंगत है। जो लोग आतंक का साथ देना चुनते हैं, वे अपने जोखिम पर ऐसा करते हैं...।

उन्होंने प्रियंका गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा, जो लोग आपको राहुल गांधी से बेहतर दिखाने की कोशिश में हैं, वे आपको मूर्ख बना रहे हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि गाजा में संघर्ष विराम के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर मतदान से भारत का अनुपस्थित रहना 'चौंकाने वाला' है और यह दर्शाता है कि भारतीय विदेश नीति अब अमेरिकी साम्राज्यवाद के अधीनस्थ सहयोगी होने के रूप में आकार ले रही है। माकपा महासचिव सीताराम एचुरी और भाकपा महासचिव डी राजा ने गाजा में इस नरसंहार आक्रामकता को रोकें शीर्षक वाले बयान में कहा कि भारत का यह कदम फलस्तीन मुद्दे को उसके लंबे समय से चले आ रहे समर्थन को नकारता है। बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली ने भारत सरकार के रुख ( शेष पेज 9 )

# गाजा में इंटरनेट व संचार माध्यम बंद

## ● वहां रहने वाले 23 लाख लोगों का आपस में तथा बाहरी दुनिया से संपर्क कटा, इजराइल का जमीनी अभियान जारी

**एजेंसी।** यरूशलम


इजराइली बमबारी से बुरी तरह तबाह गाजा पट्टी का एक इलाका।

**इजराइल** हवा और समुद्र से बड़े पैमाने पर हमले करने के साथ पैदल सेना और बख्तरबंद वाहनों की मदद से गाजा में अपने जमीनी अभियान का विस्तार कर रहा है। इजराइली सेना के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। इधर, सेना ने दावा किया कि उसने हमास की एयरफोर्स के हेड इस्साम अबू रुकबेह को मार गिराया है। बताया जाता है कि सात अक्टूबर को इजराइल में पैराग्लाइडिंग से हमले के लिए रुकबेह ही जिम्मेदार था।

रियर एडमिरल डेनियल हैगारी ने शनिवार को कहा कि सेनाएं अब भी जमीन पर हैं और युद्ध जारी है। इससे पहले इजराइली सैनिक कुछ देर के लिए रात में जमीनी मार्ग से गाजा में गए थे और फिर लौट आए थे। इजराइली सेना ने शनिवार को एक वीडियो जारी किया था, जिसमें गाजा के खुले रेतीले इलाकों में बख्तरबंद वाहनों के काफिले धीरे-धीरे चलते नजर आ रहे थे। सेना ने कहा कि युद्धक विमानों ने दर्जनों हमास सुरंगों और भूमिगत बंकर को निशाना बनाया। इससे पहले, इजराइल ने गाजा पट्टी में इंटरनेट और संचार के अन्य माध्यम बंद कर दिए हैं, जिससे वहां रहने वाले 23 लाख लोगों का आपस में तथा बाहरी दुनिया से संपर्क कट गया है। इजराइल ने शुक्रवार रात से गाजा पर हवाई और जमीनी हमले भी तेज कर दिए हैं।

इजराइल की सेना ने शुक्रवार को कहा था कि वह क्षेत्र में जमीनी अभियान व्यापक कर रही है। सेना की यह घोषणा इस बात का संकेत देती है कि वह गाजा पर संपूर्ण आक्रमण के नजदीक पहुंच रही है। उसने गाजा में हमास उग्रवादियों का पूरी तरह से सफाया करने का प्रण लिया है। इजराइल के हवाई हमलों के कारण हुए विस्फोट से गाजा सिटी के आसमान में लगातार चमक दिखाई देती रही। फलस्तीन के टेलीकॉम प्रदाता पालटेल ने कहा कि बमबारी के कारण इंटरनेट, सेल्युलर और लैंडलाइन सेवाएं पूर्ण रूप से बाधित हो गई हैं। संचार ठप होने का मतलब यह है कि हमले में लोगों के मारे जाने और जमीनी कार्वाई के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाएगी। हालांकि, क्षेत्र में कुछ सेटेलाइट फोन काम कर रहे हैं। गाजा एक सप्ताह से बिजली नहीं होने से अंधेरे में डूबा हुआ है।

फलस्तीन के लोग भोजन और पेयजल की समस्या से भी जूझ रहे हैं। गाजा के लोग उस वक्त दशहत में आ गए, जब मैसेजिंग ऐप अचानक बंद होने के कारण परिवारों के साथ उनका संपर्क कट गया और कॉल आने बंद हो गए। वेस्ट बैंक के रामल्ला शहर में महिलाओं की एक संस्था की निदेशक वफ़ा अब्दुल रहमान ने कहा, मैं बहुत डर गई। मेरी कई घंटों से मेरे परिवार से कोई बातचीत नहीं हुई है। कब्जे वाले क्षेत्रों के लिए संयुक्त राष्ट्र के मानवीय समन्वयक लिन हेस्टिंग्स ने सोशल मीडिया ( शेष पेज 9 )

# दो नवंबर को समिति के समक्ष पेश होंगी महुआ

## ● आचार समिति ने तारीख और आगे बढ़ाने से किया इनकार, कहा- मोइत्रा मामले की गंभीरता तो ध्यान में रखे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**लोकसभा** की आचार समिति ने पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने से जुड़े आरोपों के मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा का पांच नवंबर के बाद उन्हें बुलाने का अनुरोध शनिवार को अस्वीकार कर दिया और उनकी पेशी की तारीख पूर्व निर्धारित तिथि से दो दिन आगे खिसकाकर दो नवंबर कर दी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने मोइत्रा से कड़े लहजे में कहा कि वह मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए और संसद के साथ साथ उसके सदस्यों की गरिमा पर इसके कारण पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए किसी भी कारण से विस्तार के किसी अन्य अनुरोध पर विचार नहीं करेगी। मोइत्रा ने उन पर लगे आरोपो की जांच कर रही आचार समिति को शुक्रवार को पत्र लिखकर कहा था कि वह भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों के मामले में अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के चलते समिति के समक्ष 31 अक्टूबर को उपस्थित नहीं हो पाएंगी।

उन्होंने कहा था कि वह पांच नवंबर के बाद ही पेश हो सकेंगी। लोकसभा सचिवालय ने शनिवार को मोइत्रा से कहा, आचार समिति के अध्यक्ष ने समिति के समक्ष पेश होने की तारीख आगे बढ़ाने के आपके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है, यानी समिति की बैठक का कार्यक्रम फिर से तय किया जा रहा है। तदनुसार, आपके व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए दो नवंबर की तारीख तय की गई है। दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को 15 अक्टूबर को लिखे एक पत्र में मोइत्रा पर अडाणी समूह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाने के लिए उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी के कहने पर लोकसभा में सवाल पूछने के लिए रिश्वत लेने और लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है।


उन्होंने शिकायत में कहा था कि किसी समय मोइत्रा के करीबी रहे देहाद्रई ने मोइत्रा और हीरानंदानी के बीच अडाणी समूह तथा मोदी पर निशाना साधने के लिए रिश्वत के लेनदेन के ऐसे साक्ष्य साझा किए हैं जिन्हें खारिज नहीं किया जा सकता। इस मामले के संदर्भ में बृहस्पतिवार को वकील जय अनंत देहाद्रई और दुबे ने मोइत्रा के खिलाफ आचार समिति को मौखिक साक्ष्य सौंपे थे। मोइत्रा ने कहा था कि उन्हें दुबे और देहाद्रई द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए झूठे, दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक आरोपों के खिलाफ खुद का बचाव करने के लिए पर्याप्त अवसर दिया जाना चाहिए ( शेष पेज 9 )

# पंजाब में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** पुलिस ने खालिस्तान समर्थक प्रतिबंधित समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल के चार सदस्यों की गिरफ्तारी के साथ एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि उनके पास से छह पिस्तौल और 275 कारतूस बरामद किए हैं। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, एक बड़ी सफलता में एसएएस नगर पुलिस ने एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) संगठन के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बीकेआई मॉड्यूल के सदस्यों को लक्षित हत्याओं का काम सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि मॉड्यूल को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर रिंडा का समर्थन हासिल था, जो उसे देश की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) की मदद ( शेष पेज 9 )




- **परिणामः** ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पांच रन से हराया
- नीदरलैंड ने बांग्लादेश को 87 रन से हराया
- **आजः** भारत और इंग्लैंड

## क्विक न्यूज

### धनशोधन मामले में पैराबोलिक ड्रग्स के दो प्रवर्तक गिरफ्तार

**नई दिल्ली, चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय ने बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में चंडीगढ़ की फार्मा कंपनी पैराबोलिक ड्रग्स के दो प्रवर्तकों और कंपनी के एक सीए को गिरफ्तार कर लिया। पैराबोलिक प्रवर्तक विनीत गुप्ता, प्रणव गुप्ता और कंपनी के चार्टर्ड अकाउंटेंट एसके बंसल को पूछताछ के बाद धनशोधन रोधी अधिनियम के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया गया। पंचकूला की एक विशेष पीएमएलए अदालत में तीनों को पेश किया गया जिसने उन्हें पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया।

# साइबर जगत को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने की पहल

## ● राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अपने एक परामर्श में इस संबंध में उपायों का किया जिक्र

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली



**पोक्सो** अधिनियम में 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' शब्द को 'बाल यौन शोषण सामग्री' (सीएसएएम) से बदलना, आईटी अधिनियम के तहत शब्द की स्पष्ट पहचान को प्रेरित करना और ऑनलाइन सीएसएएम को हटाना सुनिश्चित करना उपायों की एक श्रृंखला है, जिसका उद्देश्य साइबरस्पेस को बच्चों के लिए सुरक्षित बनाना और साथ ही अपराधियों पर शिकंजा कसना है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा प्रस्तावित एक एडवाइजरी में ये उपाय बताए गए हैं।

एनएचआरसी ने ऑनलाइन सीएसएएम से संबंधित अपराधों के लिए मौजूदा सजा की समीक्षा के लिए भी एक मजबूत मामला बनाया है ताकि उन्हें विधायी कवर देकर सुरक्षित किया जा सके। आयोग का यह कदम नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन की 'साइबर टिपलाइन रिपोर्ट 2022' से जुड़ी चिंताओं के बाद आया है, जिसमें पता चला है कि अमेरिका स्थित एनसीएमईसी को सभी देशों से प्राप्त 3.2 करोड़ रिपोर्टों में से, 56 लाख रिपोर्ट भारत से बाहर स्थित अपराधियों द्वारा अपलोड किए गए सीएसएएम से संबंधित हैं। इसके अलावा 2021 में आईटी अधिनियम और पोक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत सीएसएएम को प्रकाशित करने, संग्रहीत करने और प्रसारित करने के 1,505 मामले सामने आए।

वास्तव में इस चिंतित करने वाली प्रवृत्ति से परेशान होकर, संयुक्त राष्ट्र में पहली बार जून में 71 सरकारें एक साथ आईं और सहमत हुईं कॉल टू एक्शन घोषणा में ऑनलाइन से ज्ञात बाल यौन शोषण सामग्री को हटाने के लिए आगे और तेज कार्रवाई का आग्रह किया गया है। कॉल टू एक्शन घोषणा इस मुद्दे पर जोर देता है कि इस बात पर वैश्विक सहमति बढ़ रही ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 29 अक्टूबर, 2023



# मेरठ हाईवे से जीटी रोड व पेरीफेरल से यमुना एक्सप्रेसवे जुड़ेगा

## एनएचएआई चेयरमैन संतोष यादव ने बुलाई अफसरों की बैठक, सात प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




गाजियाबाद। एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव की अध्यक्षता में मेरठ मंडल के बड़े प्रशासनिक अफसरों के साथ बैठक हुई। बैठक में फैसला हुआ कि दिल्ली.मेरठ एक्सप्रेस वे को जीटी रोड और ईस्टर्न पेरीफेरल को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाएगा। लालकुआं के पास अतिरिक्त प्रवेश और निकास मार्ग बनाए जाएंगे।

बैठक में मंडल के सभी जिले के जिलाधिकारियों साथ.साथ नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, यमुना प्राधिकरण के सीईओ भी शामिल हुए। संतोष यादव की अध्यक्षता में हुई इस मीटिंग में सात महत्वपूर्ण फैसले लिए गए, जिससे जाम की समस्या कम होगी और जिलों का विकास होगा।

संतोष यादव ने बैठक में कहा कि सबसे अधिक जाम की समस्या सामने आती है, इसको खत्म करने और कनेटिटिवी को बढाने के लिए जिला प्रशासन, निकाय और सभी प्राधिकरण समय से मंजूरी दें ताकि समय से इन फाइलों को पूरा कर काम को आगे बढाया जा सके।

बैठक में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस.वे को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़े जाने को लेकर चर्चा हुई और इसको लेकर जो भी समस्या, जो मुआवजा आदि से सम्बंधित हैं उसका तत्काल निस्तारण कर तीन महीने के अन्दर काम शुरू करने के निर्देश संतोष यादव ने दिए हैं। बैठक में बताया कि गया कि नोएडा प्राधिकरण को 64 फीसदी पैसा जारी कर दिया गया है जो किसानों को मुआवजे के रूप में बांटा जाएगा। बैठक में मेरठ एक्सप्रेस वे के पांचवे चरण के काम को तत्काल शुरू किए जाने का फैसला लिया गया है। संतोष यादव ने कहा कि जिस हिस्से में कोई समस्या नहीं है, वहां तत्काल प्रभाव से काम शुरू किया जाए। बैठक में डीएम गाजियाबाद आरके सिंह और मेरठ के डीएम ने मोउद्दीनपुर और खरखौदा मार्ग को जोड़े जाने की मांग रखी और बताया कि इस मार्ग पर करीब 14 हजार कार व अन्य वाहनों का प्रतिदिन आवागमन है। ऐसे में इस मार्ग के बनने से जहां आवागमन सुगम होगा वहीं मेरठ के अंदरूनी हिस्से में भी जाम की समस्या समाप्त हो जाएगी।

इस पर चेयरमैन संतोष यादव ने विचार कर फैसला लेने की बात कही है। बैठक में संतोष यादव ने कहा कि सरकार की यह योजनााएं है जिन पर हर कीमत पर तत्काल काम शुरू किया जाए, जहां जो रूकावट है उसे तत्काल दूर किया जाए। जिससे योजनाएं समय से पूरी हो सकें।

### लालकुआं-दादरी के बीच बनेगा अंडरपास

*गाजियाबाद। बैठक में एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव ने लालकुआं से दादरी के बीच लगने वाले जाम को लेकर अहम फैसला दिया है। उन्होंने बैठक में बताया कि एनएच-91 पर लालकुआं से दादरी के बीच जाम को समाप्त करने के लिए अंडर पास और फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। इसका काम एनएच-9 की परियोजना क्रियान्वयन इकाई अलीगढ़ को दिया गया है। इसके अलावा जिस हिस्से में जलभराव की समस्या हैए इसको लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने कहा कि वहां नालों का निर्माण कराया जाएगा। बैठक में दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे के पांचवे चरण के काम को तत्काल शुरू करनेए ईस्टर्न पेरीफेरल को यमुना एक्सप्रेस वे से जोडने, तत्काल मुआवजा वितरित करनेए 43 करोड़ की लागत से गाजियाबाद के विजयनगर में एनएच-9 के किनारे ड्रेनेज बनाने, मेरठ में हापुड़ रोड पर इंटरचेज के पास कूड़े के पहाड़ को हटाने सहित कई फैसले लिए गए।*

### अतिरिक्त प्रवेश निकास मार्ग को मिली मंजूरी

**गाजियाबाद। दिल्ली मेरठ एकसप्रेसवे के किनारे एनएच-9 पर जाम की समस्या रहती है। इसके लिए गाजियाजाद के लोग अतिरिक्त प्रवेश व निकास मार्ग की मांग कर रहे थे। जनता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव ने गाजियाबाद में लालकुआं के पास अतिरिक्त प्रवेश और निकास मार्ग को बनाए जाने को मंजूरी दी है। जिससे दिल्ली से जाने वाले वाहन लालकुआं पर निकल सकें और गाजियाबाद से दिल्ली को जाने वाले वाहन लालकुआं के पास एक्सप्रेस वे की लाइन पर चढ़ सके। इसके लिए नौ करोड़ की लगात से निर्माण होगा, जिसको मंजूरी चेयरमैन संतोष यादव ने दे दी है। इस फैसले से गाजियाबाद के लोगों को काफी राहत मिलेगी।**

## युवती ने 11वीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या



नोएडा। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक सोसायटी में रहने वाली युवती ने 11वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने बताया कि युवती पिछले से साल से मानसिक रूप से परेशान थी। पुलिस के अनुसार, ग्रेटर नोएडा की एक सोसायटी में रहने वाली युवती ने 11वीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी।

परिजनों ने बताया कि युवती पिछले साल ब्रेन हेमरेज हुआ था। ब्रेन हेमरेज के बाद से ही वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी। शुक्रवार देर रात वह रसोई में काम करते वक्त खिड़की से झांक रही थी तभी खिड़की टूट गई और वह नीचे गिर गई।

साथ ही परिजनों ने बताया कि युवती ने पहले भी दो बार अपनी जान देने की कोशिश की थी, जिसमें वह असफल रही।

# लुटेरों ने ऑटो से छात्रा को घसीटा, गंभीर

### ● सिर में गहरी चोट, शरीर में दो जगह फ्रैक्चर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद में ऑटो से घर लौट रही बीटेक छात्रा से बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने हाथ खींचकर छात्रा को ऑटो से गिरा दिया, छात्रा करीब 15 मीटर तक सड़क पर घिसटती चली गई। जिससे उसके शरीर में दो फ्रैक्चर हुए हैं और सिर में गंभीर चोट आई है।

घायल छात्रा को गाजियाबाद के यशोदा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मसूरी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। घटना शुक्रवार दोपहर की है। हापुड़ शहर में पन्नापुरी निवासी कीर्ति सिंह गाजियाबाद के इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक फर्स्ट ईयर की छात्रा है। शुक्रवार को कीर्ति कॉलेज से अपनी दोस्त दीक्षा के साथ ऑटो से घर लौट रही थी। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर मसूरी थाना क्षेत्र में डासना फ्लाईओवर के पास बाइक सवार दो बदमाश पीछे आए। उन्होंने ऑटो के बराबर में अपनी बाइक धीमी की और कीर्ति के हाथ से मोबाइल छीनने लगे। कीर्ति ने मोबाइल नहीं छोड़ा और बदमाशों से भिड़ गई। छीना.झपटी के दौरान बदमाशों ने छात्रा को ऑटो से बाहर खींच लिया। जिससे वह सड़क पर गिर गई और करीब 15 मीटर तक घिसटती चली गई। बदमाश मोबाइल लेकर फरार हो गए। ऑटो का ड्राइवर और फ्रेंड दीक्षा घायल कीर्ति सिंह को लेकर पिलखुवा के निजी अस्पताल में गए।

यहां उसके सिर में गंभीर चोट बताई गई और प्राथमिक इलाज देकर गाजियाबाद के लिए रेफर कर दिया। कीर्ति सिंह फिलहाल यशोदा हॉस्पिटल गाजियाबाद में भर्ती है। डॉक्टरों के अनुसार, सिर में लगी चोट गंभीर है। छात्रा के पिता रविंद्र सिंह ने बताया कि मेरी बेटी को कल से होश नहीं आया है।

वो भर्ती है। डॉक्टरों ने सिर में बहुत गहरी चोट बताई है। डॉक्टरों का कहना है कि 72 घंटे ऑब्जर्वेशन में रखने के बाद ही वे कुछ बता पाएंगे। मैंने मसूरी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा हूं। अभी बदमाश पकड़े नहीं गए हैं। छात्रा कीर्ति के भाई अंकित ने बताया, हमें शुक्रवार शाम को कॉलेज से फोन आया और एक्सीडेंट की जानकारी दी गई। तब हम पिलखुवा के हॉस्पिटल में पहुंचे, जहां हमारी बहन एडमिट थी। अभी उसकी हालत सीरियस है।

शीरर में 2 फ्रैक्चर आए हैं। सिर में खून का क्लॉट बन गया है। डॉक्टरों ने अभी उसको ऑब्जर्वेशन में रखने की बात कही है। डीसीपी ग्रामीण विवेक ने कहा। रिपोर्ट दर्ज कर कैमरों की फुटेज खंगाल रहे हैं। दोनों बदमाश फुटेज में दिख रहे हैं। बाइक के नंबर की तस्दीक करने के प्रयास कर रहे हैं। पहचान कर जल्द बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# बीकेयू के प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों संग की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतम बुद्ध नगर में पहले से तय कार्यक्रम के तहत भारतीय किसान यूनियन के 65 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक प्राधिकरण और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई। जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में हुई इस बैठक में जिलाधिकारी मनीष वर्मा और यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह भी मौजूद रहे। किसानों और अधिकारियों की यह बैठक देर शाम तक चली।

इस बैठक में किसानों ने अधिकारियों से साफतौर पर कहा कि किसानों की समस्या का अगर समाधान नहीं हुआ, तो 21 दिसंबर से खुद राकेश टिकैत अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। इस बैठक में किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों के सामने किसानों की समस्याओं को रखा। इस मैराथन वार्ता में 64 प्रतिशत मुआवजा वितरण, 10 प्रतिशत प्लॉट, यमुना एक्सप्रेस हाइवे का आवसीय भूखंड, दनकौर इंटरचेंज का 3650 प्रतिकर वितरण, जनपद गौतम बुद्ध नगर के सर्किल रेट की वृद्धि एवं जेवर एयरपोर्ट की विस्थापन नीति में परिवर्तन जिसमें विस्थापित किसानों को घर के बराबर प्लॉट, रोजगार भत्ता के नाम पर 5.50 की राशि को बढ़ाकर 12 लाख करना, बेटों के प्लाट को पिता के प्लाट में मर्ज ना करना आदि समस्याओं को अधिकारियों के सामने प्रमुखता के साथ उठाया गया।

किसानों ने प्रशासन को यह भी चेतावनी दी, कि यदि किसानों की इन सभी समस्याओं का समाधान 15 दिसंबर तक नहीं किया गया, तो 21 दिसंबर से स्वयं चौधरी राकेश टिकैत जीरो पॉइंट पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। इस पर अधिकारियों ने भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिया की ऐसी नौबत नहीं आएगी। जिससे किसानों को दोबारा धरने पर बैठना पड़े। 15 दिसंबर से पहले ही इन सभी समस्याओं को चाहे वो प्रशासन के स्तर की हों या शासन के स्तर की हों सभी का समाधान कर दिया जाएगा।

# पुलिस मुठभेड़ में पांच बदमाश गिरफ्तार

### ● जवाबी कार्रवाई के दौरान चार को लगी गोली, एक फरार

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा



नोएडा की थाना सेक्टर 39 पुलिस की शनिवार तड़के बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। यह बदमाश मॉर्निंग वॉक पर आए लोगों के साथ लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। पुलिस से हुई मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। वहीं एक बदमाश मौके से फरार हो गया।

फरार बदमाश की पुलिस तलाश कर रही है। दरअसल, थाना क्षेत्र के आसपास सुबह.सुबह सैर पर आए लोगों के साथ लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया गया था।

इसी को लेकर पुलिस के द्वारा सेक्टर 37 के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया। लेकिन वह लोग नहीं रुके। बदमाशों ने अपनी मोटरसाइकिल को दौड़ा दिया। जिस पर पुलिस ने उनका पीछा करना शुरू किया। सेक्टर-43 के पास पहुंचकर उन लोगों ने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की और जवाबी फायरिंग के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर गया। मुठभेड़ के दौरान घायल हुए बदमाश को पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। बदमाश की पहचान गाजियाबाद निवासी आरिफ के रूप में हुई। वहीं उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल, तमंचा, कारतूस व अन्य सामान बरामद किया है। नोएडा के एडिशनल डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि यह शातिर किस्म के लुटेरे हैं, जो सुबह के समय मॉर्निंग वॉक को गए लोगों के साथ लूट करने के इरादे से घूम रहे थे। घायल बदमाश को इलाज के अस्पताल भेजा जा रहा है। यह लोग काफी वारदातों को अंजाम दे चुके हैं, फिलहाल बदमाश के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

## सुबह की सैर करने वालों को बनाते थे निशाना

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 पुलिस की शातिर बदमाशों के साथ में मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ के दौरान चार बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से अवैध शस्त्र, घटना में प्रयुक्त कार, लूटे गए मोबाइल फोन और एटीएम आदि बरामद किए हैं। अपनी गाड़ी में लोगों को लिफ्ट देकर उनके साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों की पुलिस तलाश कर रही थी। मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि यह गिरोह आज थाना क्षेत्र में किसी वारदात को अंजाम देने के लिए आ रहा है। इसी सूचना पर बीटा 2 पुलिस एटीएस गोल चक्कर के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक स्विफ्ट गाड़ी में सवार कुछ संदिग्ध पुलिस को दिखाई दिए। पुलिस ने उन लोगों को रुकने का इशारा किया लेकिन उन लोगों ने अपनी गाड़ी को दौड़ा दिया। जिसके बाद पुलिस ने उनका पीछा किया तो उन लोगों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी उन लोगों पर जवाबी फायरिंग की। इसके बाद वह अपनी गाड़ी को छोड़कर एटीएस के पास जंगल की तरफ भागने लगे। जिसमें चार बदमाशों के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर गए। इन सभी बदमाशों को पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। इन बदमाशों की पहचान सोनू, हन्सार, अब्दुल और शहजाद के रूप में हुई। इसमें से तीन आरोपी गाजियाबाद के रहने वाले हैं। पैर में गोली लगने से यह घायल हो गए। चारों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि यह लोग बड़े ही शातिर किस्म के लुटेरे हैं, जो आम लोगों को अपनी गाड़ियों में सवारियों के रूप मे लिफ्ट देकर उनसे नगदी, मोबाइल व कीमती सामान लूट लेते हैं। उनके पेटीएम पिन की जानकारी कर खाते से रुपये निकालकर उन लोगों को छोड़कर फरार हो जाया करते थे। इन लोगों पर नोएडा गाजियाबाद में काफी लूट के मुकदमे दर्ज हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी से हुए विवाद के बाद युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर-37 के अंबेडकर बिहार कॉलोनी के गली नंबर.3 में रहने वाले वीर बहादुर पुत्र राजेंद्र 35 वर्ष ने आज सुबह को अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। उसका उसकी पत्नी से विवाद हुआ था। उसके परिजनों ने उसे फंदा लगाते हुए देखा तथा उसे फंदे से उतार कर नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। उन्होंने बताया कि वहां पर वीर बहादुर को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी सेक्टर.37 राजेंद्र सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पीईटी की परीक्षा शुरू

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारम्भिक अर्हता यानि पीईटी की दो दिवसीय परीक्षा आज से शुरू हो गई है। दो दिन चलने वाली इस परीक्षा में 50 हजार 592 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के लिए जिले में 27 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। 28 अक्टूबर को पहले दिन की पहले पाली की परीक्षा सुबह दस बजे से शुरू हुई। 12 बजे जब परीक्षा छूटी तो केन्द्रों के बाहर सडकों पर जाम लग गया। पहली शिफ्ट की परीक्षा में केन्द्रों पर 12 हजार 648 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

### ग्लोबल डिजाइन थिंकिंग चैलेंज का आगाज

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नोएडा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और स्कूल ऑफ फ्यूचर स्किल्स के द्वारा सेग्वे 2.0 ग्लोबल डिजाइन थिंकिंग चैलेंज का आयोजन एआईसीटीई के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार को सेग्वे 2.0 का ग्रांड फिनाले शुरू हो चुका है। जिसके मुख्य अतिथि कुलपति जेपी पांडे रहे। इसका फाइनल दौर 2 दिन तक चलेगा। जिसका समापन वेलेडिक्ट्री सेशन के साथ जायेगा। जिसके मुख्य अतिथि एआईसीटीई, मेंबर सेक्रेटरी, राजीव कुमार होंगे। बताया जा रहा है कि यह अपनी तरह का एक अनोखा ग्लोबल डिजाइन थिंकिंग चैलेंज है, जहां पर यूनाइटेड नेशंस के 17 सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स पर आधारित प्रोबलम स्टेटमेंट के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं।

### पुलिस ने दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश

**नोएडा।** मिशन शक्ति के अंतर्गत नारियों को सशक्त बनाने हेतू चैलेंजर्स ग्रुप एवं पुलिस कमिशनरेट, गौतमबुद्ध नगर के संयुक्त प्रयासों से आईपीएस प्रीति पुलिस उपायुक्त, गौतम्बुद्ध नगर के नेतृत्व मे पिछले 15 दिनों से लगातार जिले के विभिन्न स्थानों जैसे नोएडा सेक्टर. 74,75,138,142 के स्थानों पर नारी सशक्तिकरण नामक विषय पर जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की गयी। जिसमें बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श पर प्रोजेक्टर से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी व साथ ही खेल.खेल के माध्यम से बच्चों तक हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090,1098,112 आदि के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए चैलेंजर्स ग्रुप संस्थापक प्रिंस शर्मा ने कहा कि अगर आपको कोई भी परेशान करे तो आप इन नंबर पर कॉल करके तुरंत सूचना दें। जिसमें आपकी पहचान छुपाते हुए तुरंत कार्यवाही की जायेगी। समय समय पर इतनी जागरूकता के बाद भी बच्चियों में माहवारी, यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़ जैसे देखने को मिल रही है।

# घर में अकेली युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म

### ● पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने एक युवती से घर में घुसकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी दबंग किस्म का है। जिसने घर में अकेली युवती को देखकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

इस संबंध में पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया था। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी को शनिवार की सुबह उसके घर के नजदीक से गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजेगी। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि दो दिन पहले उनकी 21वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। वह किसी काम के चलते परिवार के साथ बाहर गए हुए थे। उसी का फायदा उठाते हुए पड़ोस के ही दीपक उर्फ भूरा नाम के एक युवक ने उनके घर में घुसकर बेटी को बंधक बनाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। साथ ही परिवार के लोगों को बताने पर जान से मारने की धमकी दे डाली थी। जिसके चलते पीड़िता ने एक दिन तक परिवार के लोगों को अपने साथ हुई घटना की जानकारी नहीं दी। दूसरे दिन उसकी उदासी का कारण जब परिजनों ने पूछा तो उसने घटना के बारे में उनको बताया। जिसके आधार पर परिवार ने आरोपी के खिलाफ शुक्रवार की रात केस दर्ज कराया था।

पुलिस ने आरोपी को शनिवार की सुबह उसके गांव के नजदीक स्थित यमुना एक्सप्रेसवे से गिरफ्तार किया है।

पुलिस का कहना है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति का है। जो गांव में आए दिन विवाद करता रहता है।

इस बारे में रबूपुरा कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार का कहना है कि युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसको कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

# दुपहिया वाहन चुराने वाले दो आरोपी पकड़े गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



जिले की कोतवाली फेस-1 नोएडा पुलिस ने एनसीआर क्षेत्र में दुपहिया वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। नोएडा फेस-1 पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान दो आरोपी को धर दबोचा।

आरोपी की पहचान नोएडा के हरौला स्थित लेबर चौक निवासी रिंकू 19 और दिनेश 32 के तौर पर हुई है। आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल टीवीएस स्टार स्पोर्ट्स बरामद की गई है। आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। वहीं, कोतवाली सेक्टर-63 की पुलिस ने तीन ठगों को शनिवार को गिरफ्तार किया है। ये ठग अलग-अलग कॉलेज और यूनिवर्सिटी के नाम से मार्कशीट, सनद और अन्य शैक्षिक महत्वपूर्ण प्रपत्रों को फर्जी तरीके से तैयार कर लाखों-करोड़ों रुपये की ठगी करते थे।

आरोपी की पहचान नोएडा सेक्टर 63 निवासी थानचंद शर्मा 35, थाना फेस 3 निवासी पुष्पेंद्र यादव 27 और मथुरा निवासी गोविंद अग्रवाल 38 के तौर पर की गई है।

# लोकसभा चुनाव: मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



अगले साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग कार्यक्रम के अनुसार गौतम बुद्ध नगर में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का शुभारंभ किया गया।

1 जनवरी 2024 तक जिनकी उम्र 18 की हो जाएगी, उन्हें मतदाता बनाने के लिए अभियान पर विशेष फोकस दिया जाएगा। डीएम मनीष वर्मा ने बताया कि दावा और आपत्ति के निस्तारण के बाद 5 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह पुनरीक्षण का कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए डीएम मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि 27 अक्टूबर 2023 को मतदाता सूची का आलेख्य का प्रकाशन किया जाएगा। दावे और आपत्ति के लिए 27 अक्टूबर 2023 से दिसंबर 2023 समय निर्धारित किया गया है। इस अवधि के दौरान 04, 05, 25 और 26 नवम्बर 2023 तथा 02 और 03 दिसम्बर, 2023 को विशेष अभियान चलाया जाएगा। उसके बाद दावा और आपत्ति के निस्तारण के बाद 5 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। डीएम मनीष कुमार ने बताया कि आज की डेट तक में गौतमबुद्ध नगर जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 17 लाख 53 हजार 995 मतदाता है, जबकि पोलिंग बूथों की संख्या 1804 है।

### कई जगह पर किए बूथ परिवर्तन

हाल में ही हम लोगों ने एक व्यापक व्यापक अभियान चलाकर जो हाईराइज सोसायटी की बिल्डिंगों में बूथ बनाए हैं हमने इसका प्रचार प्रसार भी किया है। नोएडाए दादरी और जेवर के मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने-अपने बूथो को चेक कर ले, क्योंकि कई जगह पर कुछ परिवर्तन किए गए हैं। हालांकि हमारे बीएलओ घर.घर जा जाकर जानकारी भी देंगे और सत्यापन भी करेंगे। डीएम ने बताया कि वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने एवं संशोधन आदि के लिए भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर मोबाइल से भी यह सेवाएं ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

# साफ हवा को तरसे, एक्यूआई 300 के पार

## 23 जगहों पर हवा बहुत खराब श्रेणी में, जहांगीरपुरी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 407 दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मौसम में बदलाव के साथ-साथ राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण लगातार खराब हो रहा है। शुक्रवार के औसत एक्यूआई 261 की अपेक्षा शनिवार को एक्यूआई 63 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 324 पर पहुंच गया है। जो बहुत खराब श्रेणी में आता है।

दिल्ली के 23 इलाकों की हवा बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई है। इन सभी जगहों का एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के पार चला गया। सबसे ज्यादा जहांगीरपुरी में 407 गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है।

वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक अभी खराब हवा से राहत मिलने के आसार कम ही हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन के मुताबिक शनिवार शाम को दिल्ली का औसत एक्यूआइ 312 रहा।

इस स्तर की हवा को बहुत खराब श्रेणी में रखा जाता है। अलीपुर 302, शादीपुर-341, एनलएसआईटी द्वारका 326, आरकेपुरम 341, पंजाबी बाग 339, डीयू नार्थ कैंपस 332, सीआरआर मथुरा रोड 303, आईजीआई एयरपोर्ट 313, नेहरू नगर-353, द्वारका सेक्टर-8 357, पटपड़गंज 305, सोनिया विहार 314, जहांगीरपुरी-407 रोहिणी-331, विवेक विहार 320, नरेला 314, ओखला फेस-दो 306, वजीरपुर 374, बवाना-354, मुंडका-356 आनंद विहार-361 बुराड़ी-343 रहा। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच अच्छा , 51 से 100 के बीच संतोषजनक , 101 से 200 के बीच मध्यम , 201 से 300 के बीच खराब , 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।



### बहुत खराब श्रेणी में पहुंचा प्रदूषण

चौबीस घंटे के भीतर इसमें 51 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। वहीं एनसीआर के शहरों में शनिवार को फरीदाबाद का एक्यूआइ 284, गाजियाबाद का 299, ग्रेटर नोएडा 344, गुरुग्राम का 251 जबकि नोएडा का 292 दर्ज किया गया। सभी जगहों का एक्यूआइ खराब श्रेणी में ही रिकार्ड किया गया।

वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक अगले चार-पांच दिनों के बीच हवा की दिशा उत्तरी पश्चिमी रहने और हवा की रफ्तार ज्यादातर समय दस किमी प्रति घंटे से कम रहने के आसार हैं। इसके चलते प्रदूषक कणों का बिखराव धीमा रहेगा और हवा की गुणवत्ता खराब या बहुत खराब श्रेणी में ही रहेगी।

# एंटी-स्मॉग गन तैनाती समेत कई उपाय किए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- एनडीएमसी की सभी सड़कों को रोजाना या वैकल्पिक दिनों में मशीन से साफ किया जा रहा साफ

मौसम के करवट लेने के बीच नई नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपायों के तहत मैकेनिकल रोड स्वीपर (सड़क सफाई मशीन) तैनात की हैं साथ ही आठ एंटी-स्मॉग गन की मदद ली जा रही है। एंटी-स्मॉग गन , एक ऐसा उपकरण है जो सड़क या प्रदूषण वाले स्थान पर पानी की महीन बूंदों का छिड़काव करता है ताकि धूल और प्रदूषण के कण बैठ जाएं।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने 2023-24 के लिए वायु प्रदूषण नियंत्रण उपायों की घोषणा की। त्योहारी सीजन से पहले उपाध्याय ने कहा, हम पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने की तत्काल आवश्यकता को समझते हैं क्योंकि वायु प्रदूषण के कारण श्वसन रोग, हृदय रोग और कैंसर का खतरा बढ़ सकता है।

एनडीएमसी ने जीपीएस ट्रैकिंग और वेट स्वीपिंग के साथ दो पाली में काम करने वाले सात मैकेनिकल रोड स्वीपर तैनात किए हैं। उपाध्याय ने कहा कि क्षेत्र की सभी सड़कों को रोजाना या वैकल्पिक दिनों में मशीन की मदद से साफ किया जा रहा है।

एनडीएमसी ने धूल शमन उपायों को लागू करने के वास्ते निर्माण स्थलों का निरीक्षण करने के लिए अधिकारियों की एक टीम गठित की है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ एक अप्रैल से 27 अक्टूबर तक 12.50 लाख के चालान जारी किए गए हैं।

# शनिवार को हल्की धुंध छाई रही



*शनिवार को भी मौसम का थोड़ा मिश्रित मिजाज रहा। अधिकतम तापमान सामान्य जबकि न्यूनतम सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि हाल फिलहाल ऐसा ही मौसम बना रहेगा। इसमें अधिक बदलाव नहीं होगा। शनिवार की सुबह हल्की धुंध रही, लेकिन दिन में आंशिक बादल भी छाते रहे।प्रतिकूल मौसम संबंधी स्थितियां और प्रदूषण के स्थानीय स्रोतों के अलावा, पटाखों और धान की पराली जलाने से होने वाले उत्सर्जन के चलते, सर्दियों के दौरान दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर में पहुंच जाती है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी के विश्लेषण के अनुसार, एक नवंबर से 15 नवंबर तक राजधानी में प्रदूषण शीर्ष पर पहुंच जाता है जब पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ जाती हैं।*

# प्रदूषण के खिलाफ आवाज उठाई तो सफर वेबसाइट बंद की: आप

- प्रवक्ता ने कहा, डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में भारत के 99.5 फीसद जिलों में हवा खराब है, केंद्र सरकार ने नहीं उठाए ठोस कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने उत्तर भारत में हवा की गुणवत्ता खराब होने पर केंद सरकार पर तीखा हमला बोला। आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता रीना गुप्ता ने कहा कि वायु प्रदूषण से पूरे उत्तर भारत में लोगों का दम घुट रहा है लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार के पास कोई कार्य योजना नहीं है। उन्होंने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि विश्व के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 39 शहर भारत से हैं और इसमें 20 शहर भाजपा शासित उत्तर प्रदेश से हैं।

आज देश में एकमात्र केजरीवाल सरकार है जो विंटर और समर एक्शन प्लान बनाकर वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कड़े कदम उठा रही है।

इसी के परिणाम स्वरूप पिछले कुछ सालों में दिल्ली की हवा में 30 फीसद का सुधार हुआ है। रीना गुप्ता ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र की आईएमडी विभाग की वेबसाइट से पता चलता है कि दिली में 70 फीसद वायु प्रदूषण बाहरी राज्यों से आ रहा हैं। जब आम आदमी पार्टी ने बाहरी राज्यों से दिल्ली में आ रहे



आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता रीना गुप्ता

प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए आवाज उठाई तो केंद्र ने उस वेबसाइट को ही बंद कर दी। आम आदमी पार्टी की मांग है कि उत्तर भारत के सभी राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों की एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई जाए और सफर वेबसाइट को फिर से खोला जाए।

आप नेता नेता का आरोप है कि केंद्र सरकार के आईएमडी विभाग ने सफर वेबसाइट पर एक डेटाबेस बनाया था। उससे पता चला कि एनसीआर का कितना प्रदूषण दिल्ली में आ रहा है। उसमें यह भी पता चला कि कूड़ा जलाने से हवा खराब हो रही है या वाहनों की वजह से हवा खराब हो रही है या औद्योगिक गतिविधियों के कारण खराब हो रही है। हैरानी की बात यह है कि 24 अक्टूबर को केंद्र सरकार ने उस डेटाबेस को ही खत्म कर दिया।

# बैंक अधिकारी ने मेट्रो के आगे छलांग लगाई, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पंजाब एवं सिंध बैंक के 35 वर्षीय एक अधिकारी ने राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतक के बैग से उसका आई कार्ड मिला है कि जिससे उनकी पहचान दिव्यांशु चोपड़ा के रूप में हुई है। चोपड़ा के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इस घटना के बाद मेट्रो की आवाजा ही पर भी असर पड़ा था लेकिन 20 मिनट के बाद ट्रेनों का परिचालन सुचारू हो सका। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार शाम को हुई और दिव्यांशु चोपड़ा नामक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, चोपड़ा शुक्रवार को पंजाब के अमृतसर से दिल्ली आए थे। चोपड़ा पंजाब एवं सिंध बैंक में अधिकारी के रूप में काम करते थे और अपने माता-पिता के साथ अमृतसर में रहते थे।

### 20 मिनट तक रुकी मेट्रो की आवाजाही



पुलिस ने कहा कि वह उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन से कहां जा रहे थे और दिल्ली क्यों आए थे ये जां च के बाद ही पता चल पाएगा। ट्रैक पर कूदकर बैंक अधिकारी के खुदकुशी कर लेने से मेट्रो ट्रेन की आवाजा ही 20 मिनट तक रुकी रही।

# एलजी ने दी हाईकोर्ट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की मंजूरी

**सिख दंगा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों से संबंधित एक मामले में उच्च न्यायालय द्वारा 9 अगस्त 2023 को 12 हत्याओं के आरोपियों को बरी करने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर करने की मंजूरी दे दी। यह मामला राज्य बनाम मैकाले राम एवं अन्य से संबंधित है। नांगलोई पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। इस केस में नांगलोई इलाके में 8 लोग मारे गए थे और 1 घायल हो गया था।

उपराज्यपाल ने उच्च न्यायालय के 9 अगस्त, 2023 को दिए फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर करने के गृह विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसके द्वारा सभी आरोपियों को बरी करने के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील खारिज कर दी गई थी। उच्च न्यायालय ने कहा कि मामले में निचली अदालत द्वारा 29 अप्रैल, 1995 को दिए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर करने में 27 वर्ष की अप्रत्याशित रूप से हुए देरी के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया और उक्त मामले में राज्य द्वारा इसके लिए जो आधार बनाए गए वह सही नहीं थे।

सक्सेना ने एसएलपी को स्थानांतरित करने के प्रस्ताव से संबंधित फाइल का अवलोकन किया जिसमें कहा गया था कि उच्च न्यायालय ने मामले की गंभीरता पर विचार नहीं किया और केवल अपील दायर करने में हुई अप्रत्याषित देरी के आधार पर राज्य की अपील को खारिज कर दिया। उपराज्यपाल को बताया गया कि यह ध्यान देने योग्य है कि एस गुललाड सिंह बनाम भारत संघ एवं अन्य शीर्षक से दर्ज मामले में दायर रिट याचिका (आपराधिक) संख्या 9/2016 पर शीर्ष कोर्ट द्वारा 11 अगस्त 2018 को दिए गए आदेश के तहत 1984 के सिख विरोधी दंगों से संबंधित 186 मामलों की आगे की जांच के लिए एक विशेष जांच दल गठित किया गया था, वर्तमान मामला भी इन्हीं 186 मामलों में से एक है। आदेश के अनुपालन में, दिनांक 9 फरवरी 2018 की अधिसूचना के जरिए एक विशेष जांच दल, जिसमें न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एस.एन. ढींगरा और आईपीएस अधिकारी श्री अभिषेक शामिल थे, का गठन किया गया, जिसको 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामलों से संबंधित मामलों की जांच का काम सौंपा गया था। एसआईटी ने दिनांक 15 अप्रैल 2019 को अपनी रिपोर्ट पेश की।

# रेड लाइट ऑन-गाड़ी ऑफ अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए रेड लाइट ऑन-गाड़ी ऑफ अभियान के तहत शनिवार को बारहखंभा चौराहे पर लोगों को जागरूकता किया गया। आईटीओ चौराहे से अभियान की शुरुआत की गई थी। इस अभियान का आज दूसरा दिन है।

इस अवसर पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर रेड लाइट पर गाड़ी बंद रखने के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि पंजाब में पराली जलने की घटना में कमी आयी है। पंजाब की तरह अगर एनसीआर के सभी राज्यों में पराली जलने की

# पर्यावरण मंत्री ने लोगों को किया जागरूक


आईटीओ चौराहे पर वाहन चालक को फूल भेंट करते पर्यावरण मंत्री गोपाल राय।

घटनाओं में कमी आ जाए तो दिल्ली में इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

बाराहखंभा चौराहे पर वाहन चालकों को जागरूक करने के दौरान पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में जो प्रदूषण बढ़ता है उसमें बायोमास वर्निग और डस्ट से होने वाले प्रदूषण के साथ-साथ वाहनों से होने वाले प्रदूषण का भी योगदान होता है। इसी को देखते हुए रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ मुहिम शुरू किया गया है। प्रदूषण के विरूद्ध ग्रीन वॉर रूम शुरू किया है। साथ ही एंटी डस्ट कैम्पेन चला रखा है, जिसमें लोगों को धूल से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए अब रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान चलाया जा रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जन जागरूकता अभियान के तहत रविवार को शाम 5 बजे सोशल मीडिया पर ट्रेंड किया जाएगा। जिसमें लोगों से अपील की जाएगी कि वह भी इस ट्रेंड के माध्यम से अपना योगदान दें और लोगों को रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ कैंपेन में जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

# प्रेम प्रसंग के चलते महिला की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** जैतपुर इलाके में व्यक्ति ने एक महिला की उसके घर पर मां और भाई के सामने गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावर ने पूजा यादव को चार गोली मारी, उसकी मौत हो गई।

आरोपी की पहचान रॉकी के रूप में हुई है जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। रॉकी को प्रॉपर्टी डीलर का काम करने वाले अपने बड़े भाई कृष्ण प्रधान के यादव के साथ अवैध संबंध से आपत्ति थी और उसने यादव की हत्या करने का फैसला किया। रॉकी ने बताया कि उसका बड़ा भाई शादीशुदा है और उसके चार बच्चे हैं। यादव के साथ संबंध के चलते उसकी भाभी और मां अकसर प्रधान के साथ झगड़ा करती।


# होमगार्ड के तौर पर बस मार्शल होंगे तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत गृह सचिव को जारी करेंगे जरूरी निर्देश

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने शनिवार को कहा कि वह बस मार्शल को होम गार्ड के रूप में तैनात करने के निर्देश जारी करेंगे, ताकि उनकी नौकरी नहीं जाए और यात्रियों को भी असुविधा नहीं हो।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनसे बस मार्शल को होम गार्ड के रूप में तैनात करने के निर्देश जारी करने के लिए कहा है। गहलोत के पास गृह विभाग का भी प्रभार है। कैलाश गहलोत ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बस मार्शल प्रशिक्षित हैं। उन्हें होम गार्ड के रूप में तैनात करने से यह सुनिश्चित होगा कि



वे नियोजित रहेंगे और यात्रियों को भी असुविधा नहीं होगी। मैं सचिव (गृह) को आवश्यक निर्देश जारी क-रूंगा। गहलोत ने यह भी कहा कि उन्होंने बस मार्शल के रूप में तैनात नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों का बकाया जारी करने के लिए पहले भी कई बार निर्देश जारी किए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा किए जा रहे काम को रोकने की कोशिश की गई थी। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और मुख्यमंत्री केजरीवाल नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के साथ हैं।

हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि बस मार्शल को होम गार्ड के रूप में तैनात किया जाए।

# संक्षिप्त समाचार


नंदनगरी में वाल्मीकि जयंती पर भाईचारे की मिसाल पेश करते लोग।

### वाल्मीकि जयंती पर पेश की भाईचारे की मिसाल

**नई दिल्ली।** शाहदरा के नंदनगरी इलाके में वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मुस्लिम समाज ने जयंती आयोजकों का फूल माला पहनाकर भाईचारे की मिसाल पेश की। इस मौके पर महर्षि वाल्मीकि धार्मिक सेवा समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे झांकी निकाली गई और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। झांकी ओर रंगारंग कार्यक्रम देखने के लिए सैकड़ो की तादाद में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अनिल गौतम, जयभगवान चारण, जितेंद्र महाजन, चंद्रप्रकाश शर्मा ने उपस्थिति दर्ज कराई। जबकि महर्षि वाल्मीकि धार्मिक सेवा समिति की तरफ से सत्येंद्र कैरो, सोनू धींगान, मनोज टांक, बिरजू उमरवाल, विनोद चंदेल, मुकेश बिडलान, अनिल शील आदि उपस्थित थे।

### दिग्विजय ढाबरिया पीएचडी चैंबर राजस्थान के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने राजस्थान के उद्योगपति दिग्विजय ढाबरिया, सीएमडी, ढाबरिया पॉलीवुड लिमिटेड को वर्ष 2023-24 के लिए पीएचडी चैम्बर, राजस्थान चैप्टर का अध्यक्ष नियुक्त किया है। अग्रवाल ने अमित चौधरी, डायरेक्टर, डीडी फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, जितेंद्र सिंह राठौर, सीएमडी, रॉयल डेजर्ट सफारीज प्राइवेट लिमिटेड और मनीष गुप्ता, चेयरमैन, इन्सुलेशन एनर्जी लिमिटेड को पीएचडी चैम्बर, राजस्थान चैप्टर के सह अध्यक्ष नियुक्त किये हैं। उल्लेखनीय है कि दिग्विजय ढाबरिया वर्ष 2019-20 से पीएचडी चैम्बर राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष रहे हैं। पीएचडी चैम्बर राजस्थान के नेतृत्व में वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य सरकार एवं अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में कई कार्यक्रम एवं नवाचार प्रस्तावित है।

### भक्ति भाव से सराबोर निरंकारी सन्त समागम शुरू



**समालखा/नई दिल्ली।** हर एक इंसान चाहता है कि विश्व में शांति, हर कोई सुकून से जीवन यापन करें। असल में यह तभी सम्भव है जब हम अपने अंतर्मन में पहले शांति व सुकून ले आयें। यह बातें निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज ने शनिवार को 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के शुभारम्भ में मानवता के नाम दिये सन्देश में व्यक्त किए। सुकून अंतर्मन का शीर्षक पर आधारित यह तीन दिवसीय सन्त समागम निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा, हरियाणा में आयोजित किया गया है जिसमें देश के कोने-कोने से एवं दूर देशों से लाखों की संख्या में उपस्थित होकर इस पावन अवसर का भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे हैं। सत्गुरु माता ने सुकून का जिक्र करते हुए कहा कि जब हम स्वयं बेचैन हैं, हमारे अंतर्मन में उथल-पुथल है तो हम कहीं पर भी चले जायें हमें सुकून प्राप्त नहीं हो सकता।

# वर्ल्ड स्ट्रोक-डे : चेतावनी संकेत को समझने से बच सकती है जान

## बचाव के लिए करें जीवन शैली में सुधार, स्ट्रोक होने पर अविलंब लें चिकित्सा सहायता: डॉ. पाराशर


डॉक्टर आर. पी. पाराशर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

स्ट्रोक के लक्षणों को पहचानने, स्ट्रोक होने पर तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने और इस रोग के बारे में लोगों को जागृत व शिक्षित करने के उद्देश्य से हर वर्ष 29 अक्टूबर को विश्व स्ट्रोक दिवस मनाया जाता है ताकि स्ट्रोक के कारण होने वाली मौतों और विकलांगता को नियंत्रित किया जा सके। मनोचिकित्सक एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉक्टर आर. पी. पाराशर के अनुसार विश्व में हर वर्ष सवा करोड़ से अधिक व्यक्ति स्ट्रोक का शिकार होते हैं। स्ट्रोक के लक्षणों के बारे में व्यापक रूप से जागरूकता फैला कर स्ट्रोक के 90 प्रतिशत मामलों को टाला जा सकता है और स्ट्रोक से बचे व्यक्तियों की जीवन प्रत्याशा में सुधार लाया जा सकता है।



जीवन शैली में सुधार करने, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने और धूम्रपान छोड़ने जैसे उपायों से स्ट्रोक के मामले काफी सीमा तक कम हो सकते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि व्यक्ति अपने कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड और ब्लड शुगर के स्तर को दवा, योग, प्राणायाम व पंचकर्म चिकित्सा थेरेपी आदि के संयुक्त प्रयोग से नियंत्रित रखें। शरीर की डिटॉक्सिफिकेशन के लिए ऋतु अनुसार वमन व विरेचन जैसी पंचकर्म चिकित्सा से खून के गाढ़ेपन को कम कर रक्त वाहिकाओं में क्लोट बनने तथा स्ट्रोक से बचा जा सकता है।

आम लोगों को स्ट्रोक के लक्षणों के बारे में जानकारी होना भी आवश्यक है ताकि स्ट्रोक के लक्षण दिखते ही रोगी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जा सके जिससे उसका जीवन भी बच जाए और विकलांगता भी न होने पाए। स्ट्रोक के रोगी की चिकित्सा में समय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि समय पर चिकित्सा सहायता मिल जाए तो न केवल रोगी का जीवन बच सकता है बल्कि स्ट्रोक के कारण होने वाली विकलांगता से भी बचा जा सकता है। इसलिए उपरोक्त में से एक या कुछ लक्षण दिखते ही रोगी को तुरंत अस्पताल पहुंचाना आवश्यक है।

### मुख्य लक्षण

1. ***चेहरे का टेढ़ापन***- स्ट्रोक से रोगी का चेहरा और गर्दन एक तरफ को झुक जाते हैं या उन में सुन्नता आ जाती है। रोगी मुस्कुरा नहीं पाता है।
2. ***हाथ का लटक जाना*** - रोगी का एक हाथ एक तरफ लटक जाता है और प्रयास करने के बावजूद भी रोगी हाथ को ऊपर नहीं उठा पाता।
3. ***बोलने में कठिनाई*** - स्ट्रोक का रोगी साफ नहीं बोल पाता है। सुनने और समझने में भी वह कठिनाई का अनुभव करता है।
4. इसके अलावा रोगी को तेज सर दर्द हो सकता है, उसे चलने में कठिनाई का अनुभव हो सकता है, एकदम से कमजोरी महसूस हो सकती है, चेहरे हाथ या पैर में सुन्नता व कमजोरी महसूस हो सकती है।

# कांग्रेस को झटका, पार्टी के कई नेता आप में शामिल

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के कई बड़े नेता शनिवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। आम आदमी पार्टी के विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष जरनैल सिंह ने करीब एक सौ कांग्रेस नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। आप में शामिल हुए सभी नेताओं का स्वागत करते हुए जरनैल ने कहा कि दिल्ली सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर लोग लगातार पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

सिंह ने तिलक नगर विधानसभा से कांग्रेस उपजिला प्रधान कुलबीर सिंह, ब्लॉक प्रधान मनमोहन सिंह, ब्लॉक प्रधान जसबीर सिंह, मधु शर्मा (महिला सचिव), मीत जग्गी (यूथ सचिव), गुरदेव सिंह (यूथ कांग्रेस) और जसपाल कौर समेत कांग्रेस के सैकड़ो नेताओं को पार्टी में शामिल कराया।

# सबसे अधिक निर्यात करने वाले राज्यों में हरियाणा सातवें स्थान पर

**मनोहर सरकार में प्रदेश का निर्यात बढ़कर 245453 करोड़ रुपए हुआ**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सबसे** अधिक निर्यात करने वाले राज्यों में हरियाणा सातवें स्थान पर है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में प्रदेश का निर्यात वर्ष 2022-23 में बढ़कर 245453 करोड़ हो गया है। यह बात हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन अनुराग बख्शी ने जारी बयान में कही।

अनुराग बक्शी ने अपना कार्यकाल एक वर्ष और बढ़ाये जाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गत नौ वर्षों में प्रदेश में निवेश और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जो ऐतिहासिक कदम उठाये हैं, उनके परिणाम स्वरूप आज हरियाणा औद्योगिक विकास और निर्यात में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक हरियाणा वासी को इस बात पर गर्व होना चाहिए की हरियाणा देश के कुल भूभाग का केवल 1.34 प्रतिशत है, और जनसंख्या के अनुपात में केवल 02.09 प्रतिशह हैं, फिर भी देश के



अनुराग बख्शी।

सकल घरेलु उत्पाद (जीडीपी) में हरियाणा का योगदान 04 प्रतिशत है। वस्तु और सेवाकर (जीएसटी) संग्रहण में पूरे देश में पांचवे स्थान पर है। वहीं 29700 रुपये की प्रति व्यक्ति आय के साथ देश में पांचवे पायदान पर है।

बख्शी ने कहा की हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां पर विदेशों के साथ व्यापार और दूसरे सामाजिक आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विदेश सहयोग विभाग और प्रदेश से निर्यात को गति देने के लिए हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का गठन किया गया है। यह मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरगामी सोच का प्रमाण है 7 पिछले 2-3 वर्षों में विशेष रूप से इस दिशा में अफ्रीकी देशों के साथ सम्बन्ध मजबूत करने का काम विदेश सहयोग विभाग ने किया है।

## गुरुग्राम से आज दिल्ली के लिए रवाना होंगे 9 अमृत कलश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आजादी** के अमृत काल में एक भारत-श्रेष्ठ भारत के ध्येय के साथ शुरू की गई अमृत कलशों में गुरुग्राम सहित देश के प्रत्येक गांव व कस्बों से एकत्रित की गई मिट्टी को रविवार 29 अक्टूबर को दिल्ली ले जाया जाएगा। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के महान वीरों के सम्मान में 31 अक्टूबर को इन अमृत कलशों की मिट्टी दिल्ली में बनी अमृत वाटिका में रखेंगे।

यात्रा में देशभर के विभिन्न राज्यों से अमृत कलश यात्रियों का दिल्ली बार्डर स्थित गुरुग्राम के धनचिरी कैंप में पहुंचने का सिलसिला शनिवार से आरंभ भी हो चुका है। गुरुग्राम सहित हरियाणा के अन्य जिलों से अमृत कलश रविवार को पहुंचेंगे। धनचिरी कैंप में करीब 12 हजार यात्रियों के ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि जिला के मानेसर व गुरुग्राम नगर निगम, पटौदी व सोहना नगर परिषद, नगर पालिका फरूखनगर तथा सोहना, पटौदी, फरुखनगर व गुरुग्राम खण्ड से एक-एक अमृत कलश दिल्ली भेजा जाएगा। जिला के सभी 9 कलश यात्री व नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर रविवार को 12 बजे सिविल लाइन स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल परिसर के शहीद स्मारक से धनचिरी कैंप के लिए रवाना होंगे।

उन्होंने बताया कि गुरुग्राम जिला से फरुखनगर पंचायत समिति के चेयरमैन सुधीर कुमार के नेतृत्व में अमृत कलश यात्री दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इस दल में कुलदीप बोहरा, सुंदर लाल, शुभम, नितिन यादव,कप्तान सिंह आदि शामिल होंगे।

## हरियाणा सरकार ने 9 सालों में प्रदेश का चौतरफा विकास किया: डा. सुधा



गुरुग्राम के भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बात करती पूर्व सांसद डा. सुधा यादव।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति सदस्य तथा पूर्व सांसद डा. सुधा यादव ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार के 9 सालों का कार्यकाल व्यवस्था परिवर्तन, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास, संवेदनशील व पारदर्शी प्रशासन और अंत्योदय उत्थान का साक्षी रहा है। यह बात उन्होंने यहां भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता में कही।

डा. सुधा यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हरियाणा का चौतरफा विकास किया है। इन 9 सालों में व्यवस्था परिवर्तन से सुशासन और सुशासन से सेवा के संकृपों के परिणाम को प्रदेशवासी महसूस कर रहे हैं। जनहित के कार्यों की बदौलत 2024 में केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने ऐसी व्यवस्था कायम की है, जिसने भ्रष्टाचार पर प्रहार किया है। भाई-भतीजावाद व क्षेत्रवाद को खत्म कर प्रदेश का एक समान विकास किया है। आज हरियाणा के विकास की दशा व दिशा पूरी तरह बदल गई है। सरकारी सेवाओं व योजनाओं के लाभ घर बैठे मिल रहा है। बिना सिफारिशों के युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही है।

## किडलीशियस 2023-24 में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से मोहा मन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रोटरी** पब्लिक स्कूल सेक्टर-22 में प्राथमिक वार्षिक समारोह किडलीशियस 2023-24 का आयोजन किया गया। इस समारोह में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला गनर्वर दीपक तलवार, रोटरी फाउंडेशन के चेयरमैन ने शिरकत की। प्रेसिडेंट रोटरी क्लब तथा चेयरमैन रोटरी सर्विस ट्रस्ट रोटेरियन मनीष अग्रवाल, फर्स्ट लेडी ऑफ दा क्लब रोटेरियन भारती अग्रवाल, स्कूल प्रबंध कमेटी के चेयरमैन मजीत सिंह ओबेरॉय समेत मैनेजिंग कमेटी के विशिष्ट व गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

विद्यालय की प्रधानाचार्या संदीपा राय ने अपने संबोधन में पर्यावरण चेतना के गहन मूल्यों



रोटरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह में बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि।

और हमारे ग्रह के लिए सांझा जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि कक्षा की सीमाओं से परे मूल्यों को स्थापित करने के संदर्भ में भी युवा दिमागों के पोषण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों और माता-पिता की अटूट प्रतिबद्धता पर अत्यधिक गर्व व्यक्त किया। कक्षा पहली के विद्यार्थियों द्वारा इट्स ब्यूटीफुड डे कार्यक्रम में बेहतरीन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फेयरी टेल विद ए टिविस्ट नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को परी कथाओं की दुनिया में पहुंचाया। पर्यावरण संरक्षण के बारे में प्रभावशाली संदेश देने के लिए विभिन्न परी कथाओं के पात्र जीवंत हो उठे।

## फार्म हाउस में अवैध रूप से शराब पी रहे चार गिरफ्तार

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने चार लोगों को फार्म हाउस में शराब पीते हुए गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शुक्रवार को गश्त के दौरान भोंडसी थाना पुलिस को सूचना मिली डी-10 पहलपा फार्म अवैध रुप से शराब परोशी जा रही है। वहा पर अभी चार लोग एक साथ हर बैठकर शराब पी रहे है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शराब पी रहे चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान जितन मूल निवासी राजस्थान व हाल निवास स्थानीय फार्म के रुप में हुई है। जितन ने तीन अन्य लोगों को फार्म हाउस में शराब पीने के लिए बुलाया हुआ था। जिनकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने फार्म हाउस में शराब की बोतल, गिला, पानी की बोतल और खाने का सामान बरामद किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आधुनिक युग में विधि के क्षेत्र में भी तरक्की हुई



एसजीटी यूनिवर्सिटी में प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** एसजीटी विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के सहयोग से 7वीं राष्ट्रीय मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर, विशिष्ट अतिथि दिलीप उके वीसी महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी और गणमान्य अतिथि के रूप में कुलपति ओपी कालरा की उपस्थिति रही। विधि संकाय की डीन डॉ. ऋचा चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर ने कानूनी क्षेत्र के विकास और वर्तमान परिदृश्य में न्यायपालिका के कामकाज के बारे में बात की। उन्होंने अपने अनुभव सांझा करते हुए छात्रों को बताया कि विधि में काफी बदलाव आया है। आज के आधुनिक युग में विधि के क्षेत्र में बहुत ही तरक्की की है। आज विधि के छात्र के पास बहुत सी सुविधाएं जैसे इंटरनेट, एसएससी ऑनलाइन एवं लॉ ऐप उपलब्ध हैं। जिससे वे विधि का ज्ञान अर्जित कर सकते हैं और अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। प्रो. उके ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सार और निर्णयों को प्रभावित करने वाले दर्शन के बारे में बताया। उन्होंने संविधान के मुख्य निर्णय के बारे में विस्तार से चर्चा की। विधि के विद्यार्थियों को बताया कि उन्हें सभी निर्णय को ध्यान से पढ़ना चाहिए, जिससे वह इस प्रतियोगिता को ही नहीं, बल्कि किसी भी प्रतियोगिता को जीत सकते हैं। भविष्य में सफल अधिवक्ता बनकर देश एवं समाज की सेवा भी कर सकते हैं। समापन विधि संकाय की डीन डॉ. ऋचा चौधरी द्वारा सभा को संबोधित करने और मंच पर उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

### फर्जी केस में फंसाने की धमकी देने वाली महिला गिरफ्तार

**सोहना।** सदर थाना पुलिस ने ट्रांसपोर्टर पर दुष्कर्म का झूठा आरोप लगाने वाली 40 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला ने ट्रांसपोर्टर से 50 हजार रुपये की मांग की थी। रुपये न देने पर महिला ट्रांसपोर्टर के खिलाफ दो दिन पहले ही सदर थाना में झूठा केस दर्ज कराया था। जानकारी के अनुसार सदर थाना सोहना में 26 सितम्बर को सोहना निवासी पंकज के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। पुलिस द्वारा 40 वर्षीय महिला की शिकायत पर दर्ज मामले की जांच करने पर मामला झूठा पाया गया। पुलिस जांच में महिला ने ही ट्रांसपोर्टर से 50 हजार रुपये की मांग की थी। उक्त मांग पूरी न होने पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर मामला दर्ज करा दिया। पुलिस ने आरोपी महिला को झूठा मामला दर्ज कराने पर गिरफ्तार कर लिया।

### विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं व शंकाओं को किया जाएगा दूर



गुरुग्राम के बादशाहपुर स्थित राजकीय विद्यालय में प्रोजेक्ट मन की लांचिंग पर बोलते डीसी निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम।** किशोरावस्था के नाजुक मोड़ पर स्कूली विद्यार्थियों के अंतर्मन में इस अवस्था में होने वाले शारीरिक बदलावों के बीच तमाम तरह की जिज्ञासाओं और शंकाओं को लेकर अंर्तद्वंद चलता रहता है। ऐसे में वे अपने विद्यार्थी जीवन में सही समय पर सही निर्णय लेकर किसी अन्य बुराई से बचे से रहें, इसके लिए जिला प्रशासन ने प्रोजेक्ट मन लांच किया है। प्रोजेक्ट लांच का कार्यक्रम शनिवार को डीसी निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में बादशाहपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुआ। डीसी ने आत्मन ऐप के साथ प्रोजेक्ट मन को लांच करने उपरांत उपस्थित जिला के स्कूल प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि किशोरावस्था बड़ी नाजुक होती है। यही समय होता है जब भविष्य बनाने की दिशा में कार्य किए जाते हैं। इसी उम्र में भटक जाने के आसार भी होते हैं। इसलिए उम्र के इस मोड़ पर समझदारी से काम लेना बहुत आवश्यक हो जाता है। भटकाव का सबसे बड़ा और पहला कारण संगत होती है। इस उम्र में मस्ती मजाक करना, दोस्तों के साथ घूमना-फिरना अच्छा है। लेकिन अगर संगत गलत हो तो भविष्य खतरे में पड़ सकता है। किशोर इतने परिपक्व नहीं होते कि सही-गलत पहचान सकें। इसलिए माता-पिता बच्चे की संगत व दोस्तों की पूरी जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि बदलाव के इस दौर में एकल परिवारों में जहां माता पिता दोनों नौकरी करते हैं, वहां किशोरों को काफी समय अकेले बिताना पड़ता है। अगर वह सही दिशा में हैं तब तक कोई दिक्कत नहीं होती लेकिन गलत राह पर बढ़ने पर उन्हें रोकना जरूरी हो जाता है। इस उम्र में उत्सुकता इतनी अधिक होती है कि किशोर सही गलत का अंतर नहीं कर पाते। कार्यक्रम में आत्मन टीम की प्रभारी माधवी ने टीवी स्क्रीन पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रोजेक्ट मन की जानकारी देते हुए आत्मन एप की कार्यप्रणाली के बारे में समझाया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव, जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन, डिप्टी सीएमओ डा. केशव शर्मा, डा. अजय, डा. अनुज, सुशासन सहयोगी हिया बनर्जी, रामकिशन वत्स सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## न्याय भारतीय संविधान की आत्मा, भारत में हरेक को बचाव का अधिकार: जस्टिस सुधीर जैन

**न्यायविदों के तीन दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**न्याय** भारतीय संविधान की आत्मा है। भारत में ही ऐसा सिस्टम है, जहां हर व्यक्ति अपना बचाव कर सकता है। यह बात दिल्ली उच्च न्यायालय के जस्टिस सुधीर जैन ने ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में न्यायविदों के लिए आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में उन्होंने ये बात कही।

न्यायविदों की प्रगति के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण विषय पर जस्टिस जैन ने कहा कि किसी बात को बताना आसान होता है, लेकिन जीवन में अपनाना मुश्किल लगता है। आज समाज में विवाद होना सामान्य बात है, लेकिन जरूरी है उसको समझना। जस्टिस सुधीर ने कहा कि सही अर्थ में आध्यात्मिक वही है, जिसमें आत्मिक भाव हो। न्याय में यही भाव निर्णय को सही स्वरूप प्रदान करता है। आज कानून को सही अर्थों में समझाने की जरूरत है। लोगों को लगे कि कानून उनकी सुरक्षा के लिए है। जस्टिस जैन ने कहा कि हमें आदमी को आदमी से जोड़ना है। 50





गुरुग्राम के ब्रह्मकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में न्यायविदों के लिए तीन दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ करते अतिथि।

परसेंट जस्टिस को 100 परसेंट जस्टिस में कन्वर्ट करना है। जस्टिस जैन ने कहा कि लोगों के शब्दों को नहीं, बल्कि उनकी भावनाओं को समझना जरूरी है। आध्यात्मिकता का प्रैक्टिकल स्वरूप हमें सच्चा मीडिएटर बनाता है। जिससे ही निर्णय सही हो सकता है। आज ज्यूडिशियल रिफॉर्म की नहीं, बल्कि उसमें कुछ सुधार करने की जरूरत है।

आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व चीफ जस्टिस ईवी ईश्वरैया ने कहा कि भारत एक समय सोने की चिड़िया कहलाता था, लेकिन आज नैतिक पतन के कारण देश की ये हालत हो गई है। उन्होंने कहा कि विश्व के वर्तमान संकट का समाधान आध्यात्मिक सशक्तिकरण के द्वारा ही संभव है। जस्टिस ईश्वरैया ने कहा कि वो 25 वर्षों से राजयोग का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कभी भी किसी दबाव में कोई निर्णय नहीं दिया। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व जस्टिस व ब्रह्माकुमारीज ज्यूरिस्ट विंग के वाइस प्रेसिडेंट बीडी राठी ने स्वागत वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज विश्व की एकमात्र संस्था है, जो मातृ शक्ति के द्वारा संचालित होती है।

एसोचैम नेशनल काउंसिल ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स न्यू दिल्ली की चेयरपर्सन प्रीति मल्होत्रा ने भी कार्यक्रम के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर भारत सरकार के विधि कार्य विभाग के अतिरिक्त सचिव डॉ. राजीव मणि, ऑल इंडिया बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. आदिशा अग्रवाल, ब्रह्माकुमारीज संस्थान के अतिरिक्त महासचिव बीके बृजमोहन, ओआरसी की निर्देशिका आशा दीदी ने भी विचार रखे।

## नगर परिषद ने शहर की सौंदर्यीकरण के लिए दो आर्किटेक्ट की नियुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद ने दो आरकेटैक्ट (कला इंजीनियर) की नियुक्ति की गई है। आर्किटेक्ट शहर का सौंदर्यीकरण कराने में अब आसनी हागी। स्मार्ट सड़कों से लेकर चौक-चौराहे, तिरंगा लाइट, पार्क, धार्मिक स्थल आदि का सौंदर्यीकरण होना है।

प्रदेश सरकार के आदेश पर नगर परिषद ने शहर की सुंदरता को चार चांद लगाने के लिए आर्किटेक्ट की अहमं भूमिका होती है। नगर परिषद में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में सौंदर्यीकरण के कार्य होने है। इसके अलावा शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए आर्किटेक्ट की अपने सुझाव और समाधान करने में सहयोग करेंगे। शहर को गंदगी मुक्त बनाना और स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहन्त की जाएगी। अब से पहले स्थानीय शहर प्रदेश में पहले दस मुख्य शहरों में अपना स्थान बना चुका है।

**पार्कों का होगा सौंदर्यीकरण :** नगर परिषद प्रशासन साईबर सीटी गुरुग्राम से मात्र 12 किलोमीटर दूर सोहना शहर का सौंदर्यीकरण कराने में कई मुख्य योजनाओं पर योजना बना रही है। जिसमें मुख्य रूप से शहर के अंदर बने करीब 8 पार्कों का



अरावली पहाड़ी की तलहटी में बसा सोहना शहर।

सौंदर्यीकरण होगा। 5 करोड़ की लागत से दमदमा जाने वाले मार्ग पर करीब डेढ़ एकड जमीन पर दीनदयाल पार्क तैयार किया जाएगा। जिसमें तालाब, व्यायामशाला, पुस्तकालय, घास का मैदान और बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों के लिए व्यायामक रने के संसाधन लगाएं जाएंगे। इसके अलावा महाराजा अग्रसैन पार्क, राजीव गांधी पार्क वार्ड 15 व 17 में स्थित पार्कों का सौंदर्यीकरण होना है।

**स्मार्ट सड़कों का निर्माण :** शहर क्षेत्र में 8 सड़कों को स्मार्ट बनाया जाएगा। स्मार्ट सड़कों पर रंगीन लाइट, हरियाली के लिए पौधारोपण, जाम व अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा। ताकि शहर की मुख्य सड़के जिला, प्रदेश और देश के अन्य शहरों से आने वाले लोगों को शहर की सुन्दरता का नजारा देखने को मिल सके।

**जलभराव से मुक्ति :** बरसात के मौसम में होने वाला जलभराव से

> “ **आर्किटेक्ट** की नियुक्ति से शहर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ जनसमस्याओं के निदान समय पर करना आसान होगा। आने वाले छह में शहर का सौंदर्यीकरण और सुंदरता को चमक देखने को मिलेगी।
>
> **(विक्की सिंह-एक्सइएन नप)**

शहरवासियों को मुक्ति दिलाने में आरकेटैक्ट नई योजनाएं बनाकर समाधान कर सकेंगे। बरसात के मौसम में पुरानी सब्जी मंडी मार्ग से लेकर फव्वारा चौक, अनाज मंडी, अस्पताल मार्ग, बस स्टैंड मार्ग, मंगलनगर, बालूदा मार्ग, अस्पताल मार्ग आदि ऐसे स्थान है। जहां पर जलभराव होने से दुकान व मकान मालिकों को भारी नुकसान होता है। पैदल चलने वालों को भी रास्ता तक नहीं मिलता है।

## कृति सेनन मार्क्स एंड स्पेंसर 100 स्टोर्स के शुभारंभ में हुईं शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ब्रिटिश** रिटेल ब्रांड मार्क्स एंड स्पेंसर ने मुंबई सांताक्रूज के बस्टलिंग लिंकिंग रोड में अपना 100 वां स्टोर लॉन्च किया। जिसका शुभारंभ बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन ने किया। इस कार्यक्रम के दौरान मार्क्स एंड स्पेंसर की ओर से अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता के साथ बेहतर सेवा देने का प्रण किया गया। बात दे कि सांताक्रूज के बस्टलिंग लिंकिंग रोड पर स्थित 100 वे स्टोर को मुबई का सबसे नया फैशन लैंडमार्क माना जा रहा है। 22000 वर्गफुट में बने इस फैशन स्टोर्स से आप एम एंड एस के कपड़े ,एसेसरीज, होम एंड ब्यूटी प्रोडक्ट्स के साथ ही साथ कई सामान खरीद सकते हैं। मार्क्स एंड स्पेंसर ने ऑटम /विंटर '23 संग्रह की शुरुआत की है जिसमें आपको फैशन के साथ



एम एंड एस की वो क्वालिटी भी देखने मिलेगी जिस पर आप बरसों से भरोसा करते आ रहे हैं। अलग-अलग डिजाइन से तैयार ड्रेसेस डेनिम, ट्वीड में वाइब्रेंट रंगों का समावेश आपको स्टाइलिश के साथ ही साथ विंटर कलेक्शन के लिए प्रेरित करेगा। पार्टी सीजन में आपके वॉडरोब की शान बनने तैयार है। 100 वें एम एंड एस स्टोर्स के उदघाटन के दौरान अभिनेत्री कृति सैनन ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि मैं व्यक्तिगत तौर पर मार्क्स एंड स्पेंसर को तीन वजह से पसंद करती हूं। पहला इसका विंटर कलेक्शन मुझे बहुत पसंद है -मैं हमेशा कैजुअल और स्मार्ट वीयर पसंद करती हूं और यहां मुझे इसकी अच्छी रेंज उपलब्ध हो जाती है। यहां के सिग्नेचर प्लीटेड स्कर्ट, ब्रिटिश चैक, ब्राइट कलर्स और फिटिंग के साथ ही साथ आरामदायक कलेक्शन है जिससे दूर रहना मुश्किल है।

शुभारंभ कार्यक्रम के बाद एक एक्सक्लुसिव पार्टी का भी आयोजन किया गया, जिसमें उधोग जगत की नामी हस्तियों के साथ फिल्मी सितारों ने भी शिरकत की। इसमें गुरफते पीरजादा, अंजली शिवरामान, ज़ेन शॉ, रायताशा राठौर, कश्यप शांगारी, मोनिका चौधरी, मिस मालिनी, युविका चौधरी, किश्वर मर्चेंट, सुयश रॉय, स्मृति खन्ना, शिबानी बेदी, दानिश सूद के साथ कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

## पार्षद पद के उपचुनाव में दो के बीच होगा मुकाबला, 4 नामांकन वापस

**वार्ड में कुसुम गोयल का पिछले 20 साल से दबदबा कायम**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद के वार्ड 15 में होने वाले पार्षद पद के उपचुनाव में दाखिल हुए 6 में से 4 ने अपना नामांकन वापस ले लिया। मैदान में अब दो ही उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। नगर परिषद के वार्ड 15 में पार्षद पद का होने वाले उपचुनाव दो प्रत्याशियों के बीच होगा। संदीप कुमार और कुसुम गोयल मैदान में रह गए हैं।

5 नवंबर को एक फिर पिछले चुनाव में पहले और दूसरे नंबर पर रहे परिवारों के बीच पार्षद पद का चुनाव जितने का होगा मुकाबला होगा। वर्ष 2022 को नगर परिषद के आम चुनाव में भी यें दोनों परिवार के बीच कड़ा मुकाबला था। जिसमें कुसुम गोयल के पति राजकुमार गोयल ने जीत हासिल की थी। संदीप कुमार दूसरे नंबर पर था। यह तो पांच नवंबर को होने वाले उपचुनाव में ही पता चलेगा कि संदीप कुमार 2022 में मिली हार के बदला लेने में सफल रहता है। कुसुम गोयल का इस वार्ड में पिछले 20 साल से दबदबा रहा है। कुसुम गोयल 2016 में इसी वार्ड से चुनाव जीत कर पार्षद बनी थी। इससे पहले कुसुम गोयल के परिवार से ही बृजभूषण गोयल पार्षद रह चुके है। बृजभूषण गोयल से पहले कुसुम गोयल के पति स्वर्गीय राजकुमार गोयल पार्षद बने थे। उसके बाद राजकुमार गोयल 2022 में चुनाव जीता था। लेकिन उनकी मौत सोहना जाने के बाद यह पद खाली हो गया था।

## प्रकृति एवं कला प्रेमियों को लुभा रही है गुंजन श्रीवास्तव की बोटेनिकल टेपेस्ट्री प्रदर्शनी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कला** एवं प्रकृति के बीच अनूठा साम्य है। जहां एक ओर प्रकृति अनगिनत कला और खूबसूरती के प्रतीकों से भरी हुई है, वहीं कला में भी प्राकृतिक तत्व समाहित हो जाएं तो उसका शिल्प एवं सौंदर्य निखर जाता है। कला और प्रकृति के बीच इसी साम्य को दर्शा रही हैं प्रतिभाशाली चित्रकार डॉ. गुंजन श्रीवास्तव। धागों से तैयार अपनी अनूठी चित्रकारी के लिए प्रतिष्ठित गुंजन श्रीवास्तव की बनाई कलाकृतियों को दिल्ली स्थित ललित कला अकादमी की गैलरी नंबर 5 में प्रदर्शित किया जा रहा है।

बोटेनिकल टेपेस्ट्री थ्रेड्स ऑफ नेचर के नाम से इस प्रदर्शनी की शुरुआत 28 अक्टूबर से हुई है। कला एवं प्रकृति प्रेमी 3 नवंबर तक इन कलाकृतियों के सौंदर्य का आनंद ले



सकते हैं। डॉ. गुंजन श्रीवास्तव एक पेशेवर चित्रकार, शिक्षाविद, कला समालोचक और यू लीड इंडिया फाउंडेशन की सह-संस्थापक हैं।

अपने नाम की तरह ही इस प्रदर्शनी ने कला के माध्यम से प्रकृति के विविध रंग संजोए हैं। इन तस्वीरों में गुंजन ने अनूठे तरीके से दर्शाया है कि कैसे फूल हमारे जीवन के अनुभवों में अपना खास स्थान रखते हैं। अपनी सुंदरता के साथ-साथ फूल कई भावनाओं के प्रतीक हैं, कई कहानियों के शब्द हैं और हमारे सबसे मार्मिक क्षणों के गवाह भी हैं। प्रेम, दुख, जन्म, मृत्यु, उत्सव और अध्यात्म तक अलग-अलग भावनाओं के समय फूलों की उपस्थिति को यह प्रदर्शनी बहुत खूबसूरती से दर्शाती है। यह प्रदर्शनी प्रकृति की खूबसूरत देन कहे जाने वाले फूलों के साथ गुंथी हमारी भावनाओं को रंग दे रही है। पहले दिन से ही प्रदर्शनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई। उद्घाटन समारोह का हिस्सा रहे प्रतिष्ठित चित्रकार एवं कवि सतीश गुप्ता ने कहा, मैं वास्तव में डॉ. गुंजन की कला से मंत्रमुग्ध हूं, विशेष रूप से पृथ्वी की गोद में खिलते फूल की उनकी कृपना से, जो बेहद प्रेरणादायक है। यह प्रदर्शनी हमें फूलों की छिपी खूबियां पहचानने के लिए प्रेरित करती है। यह प्रदर्शनी बताती है कि फूल एक मौन कथावाचक, भावनाओं के वाहक और मानवीय अनुभवों के प्रतीक हैं। मैं डॉ. गुंजन को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

# शिक्षाविद विनय गोयल व कृष्णा मिश्रा भारत शिक्षा रत्न पुरस्कार से सम्मानित



**फरीदाबाद।** एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक निदेशक विनय गोयल व प्रिंसिपल कृष्णा मिश्रा को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए भारत शिक्षा रत्न सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम का आयोजन एजुकेटर्स क्लब फरीदाबाद द्वारा किया गया था। इस मौके पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने विनय गोयल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उनकी पीठ थपथपाई। वहीं विनय गोयल व कृष्णा मिश्रा ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मान के लिए एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के स्टाफ का हर व्यक्ति बधाई का पात्र है। इस मौके पर विनय गोयल ने कहा कि उनका यही उद्देश्य है कि वह शिक्षा के क्षेत्र में नवीनता के साथ संस्कारों का समावेश विद्यार्थियों में करें।

# ऐसे कार्यक्रम में बच्चों को प्रतिभा निखारने का मिलता है अवसर : रंजीता मेहता

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से मंडल स्तरीय प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं आयोजित



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**हरियाणा** राज्य बाल कल्याण परिषद की जिला शाखा पलवल द्वारा पुराना जीटी रोड पर स्थित बाल भवन में तीन दिवसीय मंडल स्तरीय बाल दिवस समारोह के दूसरे दिन का शुभारंभ हरियाणा बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ की मानद महासचिव रंजीता मेहता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर नगर परिषद के चेयरमैन यशपाल विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा मंडल स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। इन प्रतियोगिताओं में पलवल, फरीदाबाद व जिला नूंह के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इन प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

मानद महासचिव रंजीता मेहता ने कहा कि बाल कल्याण परिषद संस्था द्वारा विभिन्न कोर्स व एक्टिविटी चलाई जा रही है, जहां पर बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। उन्होंने बच्चों को अधिक मेहनत कर राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रथम आने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। शुक्रवार को आयोजित की गई प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा क्विज प्रतियोगिता, सोलो सांग व सोलो क्लासिक डांस का आयोजन किया गया।

जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर ने समारोह में पधारने पर मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रणवीर मनोज, रामेश्वर, सुनील, रचना, जसवीर तेवतिया, निर्णायक कमेटी के सदस्य डॉ. मोनिका, डॉ. वंदना, डॉ. सूरज, पूनम यादव, प्रधानाचार्या डॉ. मोनिका, डॉ. शिवा वर्मा, कंचन माहेश्वरी सहित सभी कर्मी मौजूद रहे।

# बुजुर्गों को पेंशन निकालने के लिए नजदीकी गांव में खोली जाएगी बैंक शाखा

## जन मानस के सुगम आवागमन के उद्देश्य से सड़करें का किया जा रहा है सदृढीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**तिगांव** विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश नागर ने कहा कि पेंशन लेने वाले बुजुर्गों की सुविधा के लिए नजदीकी गांव में ही बैंक की शाखा खोली जाएगी, ताकि पेंशन निकालने के लिए बुजुर्गों को दूर दराज तक न जाना पड़े। बिजली विभाग के कर्मी आमजन के बिजली बिल के सरचार्ज की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में कार्य करें।

विधायक राजेश नागर हथीन खंड के गांव भूडपुर में जनसंवाद के दौरान लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निवारण करने के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग स्कूल की जर्जर बिल्डिंग को कंडम घोषित करके नए भवन का एस्टिमेट बनाकर भिजवाएं, ताकि जल्द से जल्द उसे पास करवाया जा सके। इसके अलावा गांवों को जोड़ने वाली पीडब्ल्यूडी सड़कों को दोबारा बनाने के लिए उनका भी एस्टिमेट बनाकर भेजा जाए।

इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम हथीन लक्ष्मी नारायण, एसडीएम पलवल शशि वसुंधरा, डीएसपी सुरेश भडाना, डीएसपी नरेश कुमार, हथीन विधायक के प्रतिनिधि राजेश डागर, दीपेंद्र डागर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक राजेश नागर ने हथीन विधानसभा क्षेत्र के गांव भूडपुर के साथ-साथ डूंगरपुर, दूरैंची, गेलपुर में भी ग्रामीणों के बीच पहुंचकर संवाद किया। जनसंवाद के दौरान विधायक ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वाले लाभपात्र लोगों से सीधे बात भी की। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने आमजन के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं, आयुष्मान भारत योजना भी एक है। इसके अंतर्गत गरीब पात्र परिवार को पांच लाख रुपये तक का सालाना निशुल्क इलाज मिलता है।

इसका लाभ लेने के लिए लोगों को परिवार पहचान पत्र बनवाना जरूरी है। उन्होंने फैमिली आईडी व पेंशन बनाने के कार्य के लिए अगले सप्ताह गांव दुरैंची में शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। लोगों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए रास्तों को पक्का करवाया जा रहा है। पुरानी सड़कों को दुरूस्त किया जा रहा है। अमृत योजना के तहत पीने के मीठे पानी की पाइप लाइन बिछाई गई हैं। विधायक ने गांवों में सरकार की ओर से प्रदान किए गए लाभ जैसे-बीपीएल कार्ड, बिना पर्ची बिना खर्ची के लगी सरकारी नौकरियां, वृद्धावस्था पेंशन, बच्चों को दी जा रही वित्तीय सहायता, आयुष्मान कार्ड आदि के बारे में जानकारी दी। जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विधायक को अपनी परेशानियों से भी अवगत करवाया। गांव दुरैंची में ग्रामीणों ने कहा कि खेतों में सेम की समस्या के लिए दो ट्यूबवेल लगाए गए हैं, जोकि अभी शुरू नहीं किए गए हैं। विधायक ने इस समस्या पर संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दोनों ट्यूबवेलों को जल्द शुरू करवाएं। विधायक राजेश नागर ने लोगों की परेशानियों को सुनकर उनका निदान करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्राम पंचायतों ने गांव के विकास संबंधी मांगों का मांगपत्र भी सौंपा, जिनमें रास्तों का पक्का करवाने, बिजली, पेयजल, साफ-सफाई की मांग शामिल थी।

# बदरपुर बॉर्डर पर बंद मॉल में लगी आग



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## छत पर पड़े कबाड़ से शुरू हुई, आसमान में धुआं फैलने पर लोगों ने फायर ब्रिगेड बुलाई

**फरीदाबाद** में बदरपुर बॉर्डर एरिया के पास एक बंद मॉल में आग लग गई। आग मॉल की छत पर पड़े कबाड़ में लगी। जिसकी वजह से आसमान में काला धुआं छा गया। आग की सूचना के बाद दमकल की गाड़ी भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। हालांकि अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आग कैसे लगी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मॉल की छत पर आग की लपटें उठ रहीं थी। आसमान में काला धुआं छाया हुआ था। जिसके बाद आग की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना के बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। दरअसल, बदरपुर बॉर्डर से फरीदाबाद शहर की तरफ आने वाले रास्ते में बुल स्टाइल मॉल है। ये मॉल करीब 10 साल से बंद पड़ा हुआ है। मॉल की छत पर लोहा सहित अन्य कबाड़ पड़ा हुआ है। दोपहर को इसी कबाड़ में आग लगी।

फरीदाबाद में प्रदूषण काफी ज्यादा बढ़ा हुआ है। ऐसे में मॉल की छत पर सुलगी आग की वजह से आसपास के इलाकों में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ गया। वहां रहने वाले लोगों को भी इससे काफी परेशानी हुई। अभी ये पता नहीं चल पाया है कि मॉल की छत पर आग लगी या फिर किसी शरारती तत्व ने कबाड़ में आग लगाई है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय की सीटों के लिए 31 अक्टूबर तक आवेदन

**पलवल।** डीसी नेहा सिंह ने बताया कि गांव रसूलपुर में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9 व 11 वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतू ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 अक्टूबर तक है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय की कक्षा नौवीं व 11वीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन 10 फरवरी 2024 को किया जाएगा। जिला में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दौरान जिला में स्थित सरकारी, सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल से अध्ययनार्थ होना चाहिए। कक्षा नौ में एडमिशन के लिए विद्यार्थी कक्षा आठ में तथा कक्षा 11वीं में दाखिला लेने के इच्छुक अभ्यर्थी कक्षा 10वीं में अध्ययन कर रहे हों। कक्षा नौवीं के लिए अभ्यर्थी का जन्म एक मई 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना चाहिए। इसी प्रकार कक्षा 11वीं के लिए अभ्यर्थी का जन्म एक जून 2007 से 31 जुलाई 2009 के मध्य होना जरूरी है। अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य सुभाचंद ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 से 12वीं तक सह-शैक्षिक तथा पूर्णत: आवासीय, मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्ता युक्त आधुनिक शिक्षा, सीबीएसई से संबद्ध, बोर्ड परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग आवास की सुविधा दी जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदान किए जाएंगे पुरस्कार

**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं से राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए 20 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को अनेक प्रकार के पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है और यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ मार्च को प्रदान किए जाते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि इन पुरस्कारों में इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के तहत एक लाख 50 हजार रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये एवं प्रशस्ति पत्र आदि प्रदान किए जाएंगे।

# एक्सप्रेसवे पर उतार-चढ़ाव को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले टेकचंद शर्मा



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रीन** एक्सप्रेसवे पर मोहना में उतार-चढ़ाव बनवाने की मांग को लेकर हरियाणा के पूर्व मंत्री विपुल गोयल व पृथला क्षेत्र के पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा ने धरना कमेटी के सदस्यों के साथ केंद्रीय सड़क राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और ग्रामीणों की इस बड़ी समस्या से अवगत करवाया। पूर्वमंत्री विपुल गोयल व पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा ने केंद्रीय मंत्री गडकरी को बताया कि उक्त एक्सप्रेसवे पर इलाके के लिए कट न होने के कारण लोगों को नुकसान व परेशानियों पेश आ रही है, जिसको लेकर ग्रामीणों ने मोहना में धरना भी शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे के लिए जब जमीन एक्वायर की जा रही थी, तभी भी अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि यहां से उन्हें उतार चढ़ाव दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वहीं तीन मई 2022 को जब मुख्यमंत्री मनोहर लाल पन्हेड़ा में आए थे तो उन्होंने घोषणा की थी कि ग्रामीणों को ग्रीन एक्सप्रेसवे पर मोहना पर कट दिया जाएगा, लेकिन आज तक यह कट नहीं दिया गया। जबकि यूपी के फलैदा गांव में यह कट दिया गया है। पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा ने बताया कि ग्रीन एक्सप्रेसवे का 24 किलोमीटर हिस्सा हरियाणा में पड़ता है, उसमें कोई कट नहीं है। जबकि उत्तरप्रदेश के सात किलोमीटर दायर में कट दे दिया गया है। इस कट से हरियाणा के लोगों को कोई फायदा नहीं मिलेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जिस प्रकार दिल्ली एयरपोर्ट से मानेसर क्षेत्र विकसित हुआ, जबकि जेवर एयरपोर्ट का फायदा यहां के सैकड़ों ग्रामीणों को मोहना में कट दिए जाने के बाद ही मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 15 दिन के अंदर अगर इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जितना भी बड़ा संघर्ष क्यों न करना पड़े व लोगों के साथ मिलकर करेंगे।

# सर्दियों में बढ़ जाते हैं ब्रेन स्ट्रोक व ब्रेन हेमरेज के मामले : डॉ. तरुण शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**मैरिंगो** एशिया अस्पताल से ब्रेन एंड स्पाइन सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. तरुण शर्मा ने बताया कि सर्दी बढ़ने पर अक्सर ब्रेन स्ट्रोक एवं ब्रेन हेमरेज (दिमाग की नस फटने) के मामले ज्यादा बढ़ जाते हैं।

बुजुर्ग लोगों, मोटापा से ग्रस्त लोगों, शुगर और उच्च रक्तचाप के मरीजों को स्ट्रोक होने का ज्यादा खतरा होता है। अस्पताल के आपातकालीन विभाग में सप्ताह में 9-10 मरीज ब्रेन स्ट्रोक के एडमिट होते हैं, जिनमें 80 फीसदी मरीज मस्तिष्क की धमनियों में खून के थक्के और 20 प्रतिशत मरीज ब्रेन हेमरेज (मस्तिष्क की धमनियों का फट जाना) से पीड़ित पाए जाते हैं। दरअसल मस्तिष्क में रक्त का संचार रुक जाने के कारण स्ट्रोक हो जाता है। इसके लिए दो कारण जिम्मेवार हैं- मस्तिष्क की धमनियों में क्लॉट (खून के थक्के) का जमना और धमनियों का फट जाना। व्यक्ति का एक तरफ का चेहरा टेढ़ा हो जाना, शरीर के एक तरफ के हिस्से में लकवा हो जाना, व्यक्ति को इस बीमारी के शुरूआती लक्षण जैसे कि एकाएक बोलने में दिक्कत आना, चलने में परेशानी होना और बहुत अधिक चक्कर आना आदि लक्षण दिखाई देने पर उसे तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए, क्योंकि स्ट्रोक एक मेडिकल इमरजेंसी है।

अनियमित जीवन शैली, खराब खानपान और तनाव के कारण यह समस्या कम उम्र में भी हो सकती है, लेकिन आमतौर पर 50 वर्ष की उम्र के बाद देखी जाती है। जिन लोगों को ब्लड प्रेशर, शुगर, कोलेस्ट्रॉल अधिक होने की शिकायत होती है और धूम्रपान एवं शराब का अधिक सेवन करते हैं, उनमें स्ट्रोक की संभावना सबसे अधिक होती है।

इसका पता करने के लिए सीटी स्कैन, एमआरआई एवं दिमाग की नसों की एंजियोग्राफी आदि जांचें की जाती हैं। स्ट्रोक होने के साढ़े चार घंटे अंदर मरीज को क्लॉट घुल जाने के लिए इंजेक्शन दिया जाता है, जिससे मस्तिष्क की धमनियों में रक्त संचार फिर से शुरू हो जाता है। अगर ब्रेन हेमरिज छोटा है तो दवाइयां दी जाती है और ब्लड प्रेशर नियंत्रित किया जाता है। ब्रेन हेमरिज बड़ा होने पर ऑपरेशन किया जाता है। ब्रेन स्ट्रोक होने पर मरीज की जान बचाने के लिए पहला घंटा बहुत अहम होता है, इसलिए इसे गोल्डन टाइम माना जाता है। इस एक घंटे के अंदर उच्च प्रशिक्षित एवं अनुभवी न्यूरोसर्जन की देखरेख में इलाज किये जाने पर मरीज को गंभीर स्थिति में जाने से बचाया जा सकता है। देर करने से मरीज की जान को जोखिम बढ़ सकता है।

**बचाव :**

- धूम्रपान व शराब के सेवन से बचें।
- संतुलित आहार लें।
- नियमित व्यायाम करते रहें व अनावश्यक तनाव से दूर रहें।
- मोटापा न बढ़ने दें।
- सर्दी के मौसम में बुजुर्ग लोग, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप रोगी सुबह-शाम सर्दी से बचाव करें और ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल चेक करते रहें।
- दोपहिया सवार, कामकाजी लोगों को अधिक सतर्क रहें, घर से बाहर निकलने के दौरान सिर को ढक कर रखें, ठीक तरीके से गर्म कपड़े पहनें।
- सुबह नहाने के समय ठंडे पानी को पहले शरीर पर डालना चाहिए, उसके बाद सिर पर डालें।

# अग्रसेन जयंती समारोह पर कवि सम्मेलन आयोजित



**फरीदाबाद।** अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ द्वारा अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह पर विराट हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विपुल गोयल, पूर्व केबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ निवर्तमान डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग एवं टिप्पर चंद शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने की। कार्यक्रम में शिवालिक ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अग्रवाल को मानव सेवा के साथ गौवंश की सेवा में योगदान के लिए अग्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंगला एवं महासचिव लोकेश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व संसदीय सचिव शारदा राठौर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लखन सिंगला, मनोज अग्रवाल, भगवान दास गोयल, वेद बंसल, नरेश गोयल, रमेश अग्रवाल, पंकज गर्ग एवं निवर्तमान पार्षद दीपक चौधरी थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रंग बिरंगी पगड़ियों में उपस्थित अग्रवाल समिति की लेडीज विंग की महिलाओं का अतिथियों द्वारा स्वागत किया जाना रहा। समिति के पदाधिकारी घनश्याम मित्तल, विजय मंगला, पंकज सिंगला, राजेश बंसल, दिनेश मंगला आदि शामिल थे।

# संक्षिप्त समाचार

## केसीएम वर्ल्ड स्कूल में मनाया बैग लैस डे



**पलवल।** टीकरी ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में केजी से दूसरी कक्षा तक के छात्रों का बैग लैस डे मनाया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों व क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में ग्रूमिंग एक्टिविटी, टेबल मैनर्स, पोजीशन पजलर्स प्रमुख रहे। शिक्षकों द्वारा कई खेल गतिविधियों का भी आयोजन कराया गया तथा खेल-खेल में फ्लैश कार्ड के माध्यम से आस-पास के प्रमुख स्थानों, रंगो, विभिन्न आकारों की जानकारी दी गई। बच्चों को अनुशासन में रखने के विभिन्न आयाम पर विचार करके उनसे उचित बोलने, खाने, चलने, पढ़ने आदि जैसी क्रियाएं करवाई गईं, जिससे उनका संपूर्ण विकास हो सके। समस्त गतिविधियों का संचालन संयोजिका ममता महलावत के निर्देशन में सभी शिक्षकों द्वारा किया गया। प्रधानाचार्या पारुल भारद्वाज ने बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षिकाओं द्वारा किए गए इन प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और बताया कि आगे भी इस प्रकार के प्रयास किए जाते रहेंगे, ताकि सभी नन्हे छात्रों की नींव शुरू से ही मजबूत हो सके।

## मानपुर गांव के सरकारी स्कूल में लगेगा जागगरूकता शिविर

**पलवल।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में नौ नवंबर को विधिक सेवाएं दिवस के अवसर पर हथीन खंड के गांव मानपुर में आयोजित होने वाले मैगा शिविर के संबंध में शुक्रवार को एडीआर के सभागार में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं डीएलएसए के सचिव कुनाल गर्ग ने की। बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव कुनाल गर्ग ने बताया कि आगामी विधिक सेवाएं दिवस के अवसर पर गांव मानपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक मेगा शिविर का आयोजन किया जाना है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद ग्रामीणों को मौके पर ही विभिन्न प्रकार की सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करवाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी से जरूरतमंद लोगों, पीड़ित व असहाय, बेसहारों तक भी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के आशय से मिलकर सामूहिक रूप से सहयोग करने की अपील की। इसके साथ-साथ सामाजिक रूप से बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं, किसानों, मजदूरी करने वाले मजदूरों व कामगारों, आंगनबाड़ी कर्मचारियों, शोषित व दिव्यांगों, स्कूल में उपस्थित विद्यार्थियों सहित अन्य जरूरतमंद वर्ग को मौके पर सेवाएं मुहैया कराने के साथ-साथ जागरूक भी किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी के साथ मेगा शिविर में अपने विभाग की ओर से सार्थक सहभागिता हेतु सीजेएम कुनाल गर्ग को आश्वस्त किया।

## केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में सर्वप्रथम महासभा का आयोजन




**पलवल।** रसूलपुर रोड पर स्थित केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में सामाजिक विज्ञान विभाग की ओर से पलवल जिले में सर्वप्रथम मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य स्कूल में एक विशेष मॉक पार्लियामेंट (महासभा) का आयोजन करना था । महासभा में संसद में बैठने की व्यवस्था, व्यवसायिक शपथ ग्रहण के विभिन्न बिंदु, नये मंत्री का परिचय, आचार संहिता विदेशी प्रतिनिधियों का स्वागत, प्रश्नकाल, शून्यकाल, अविश्वास प्रस्ताव, बिल पढ़ना और अन्य सभी प्रोटोकॉल जिनका, संसद में पालन किया जाता है। महासभा में एक स्पीकर, एक मार्शल, एक सेक्रेटरी जनरल, दो पक्ष (पक्ष -विपक्ष), विभिन्न मंत्रालय और श्रोतागण नियुक्त किए गए। महासभा में कक्षा पांच से आठ के विद्यार्थियों को शामिल किया गया। जिसमें संगठनकर्ता पक्ष में कक्षा सातवीं व आठवीं और श्रोतागण पक्ष में कक्षा पांचवीं व छठी के विद्यार्थी थे। संसद की तरह ही यहां भी बिल (4) प्रस्तुत किए गए थे। मॉक पार्लियामेंट का उद्देश्य विद्यार्थियों को यह बताना था कि सदन में किसी भी बिल का प्रस्तुतिकरण कैसे किया जाता है, उस बिल को पास करवाने के लिए कितना परिश्रम करना पड़ता है, उसे पास या फेल करवाने में सता पक्ष या विपक्ष की क्या भूमिका रहती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नम्रता कुंडू ने विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास की खूब सराहना की और शिक्षकगणों को इस आयोजन की बधाई दी।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्रवृति प्रदान होगी

**पलवल।** अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग के साथ-साथ अन्य वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यान्वित की जा रही डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र योजना के अंतर्गत संशोधन किया गया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना में अब अनुसूचित जाति एवं जनजाति, घुमंतु जाति व पिछड़े वर्ग के साथ-साथ अन्य सभी वर्गों के छात्रों को दसवीं कक्षा उपरांत छात्रवृति प्रदान की जाएगी। अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग ने डॉ. भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के लिए सभी जातियों अथवा वर्गों के विद्यार्थियों से 31 जनवरी 2024 तक सरल हरियाणा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि डॉ. अंबेडकर मेधावी संशोधित छात्र योजना शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग में अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति, टपरीवास, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु एवं पिछड़े वर्ग तथा अन्य सभी वर्गों के विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा रखने के लिए तथा उन्हें सक्षम बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना एवं मैट्रिक से स्नातकोतर कक्षाओं में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। अधिक जानकारी के लिए पुराना कोर्ट परिसर स्थित जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा दसवीं में अनुसूचित जाति, विमुक्त घुमंतु, अर्धघुमंतु, टपरीवास जाति, पिछडा वर्ग-ए, पिछडा वर्ग-बी तथा सामान्य वर्ग के छात्रों द्वारा 75 प्रतिशत (ग्रामीण) व 80 प्रतिशत अंक (शहरी) प्राप्त करने पर 11वीं व सभी डिप्लोमा कोर्स के प्रथम वर्ष में दाखिला लेने पर आठ हजार रुपये दिए जाते हैं। इसी प्रकार से 12वीं कक्षा में अनुसूचित जाति, विमुक्त घुमंतु, अर्धघुमंतु, टपरीवास जाति के विद्यार्थियों के लिए 70 प्रतिशत (ग्रामीण) व 75 प्रतिशत (शहरी) अंक प्राप्त करने पर स्नातक का प्रथम वर्ष आर्ट्स, कॉमर्स, साइंस व सभी डिप्लोमा कोर्स के लिए आठ हजार रुपये, इंजीनियरिंग, तकनीकी व व्यावसायिक कोर्स के लिए नौ हजार रुपये, चिकित्सा अलाइड कोर्स के लिए 10 हजार रुपये तथा स्नातक कक्षाओं में अनुसूचित जाति, विमुक्त घुमंतु, अर्धघुमंतु, टपरीवास जाति के विद्यार्थियों के लिए 60 प्रतिशत (ग्रामीण) व 65 प्रतिशत (शहरी) अंक प्राप्त करने पर स्नातकोतर का प्रथम वर्ष आर्ट्स, कॉमर्स, साइंस व सभी डिप्लोमा कोर्स के लिए नौ हजार रुपये, इंजीनियरिंग, तकनीकी व व्यावसायिक कोर्स के लिए 11 हजार रुपये, चिकित्सा अलाइड कोर्स के लिए 12 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। वे लोग इस सरकार की योजना का लाभ उठा सकते हैं।


## बदल गया स्टाइल

भगवा सरकार के एक मंत्री का इस समय खूब जलवा है। उनके आने से पहले निषाद राज की जय हो, सावधान निषाद राज आ रहे हैं, के उद्घोष सुनाई पड़ते हैं। इन मंत्री महोदय का स्टाइल ही कुछ राजा वाला हो गया है। ये किसी स्टेट के राजा नहीं है लेकिन आगे पीछे चलने वालों के जयकारों ने इन्हें राजा की अनुभूति करा दी है। अब आलम यह है कि ये अपने आप को राजा ही समझने लगे हैं। फिलहाल भगवा सरकार ने इन महोदय को मत्स्य से संबंधित प्रभार सौंपा है जिसके माध्यम से यह एक विशेष वर्ग को लाभांवित करने के साथ ही, मत्स्य पालन, उत्पादन व इसके व्यापार को बढ़ावा दे सके। इनको मिले दायित्व का निर्वहन, जो हो रहा, सो हो रहा। इतना जरुर है, जब से इन्हे भगवा सरकार में मंत्री का पद मिला है, तब से इन्होंने अपने समाज का भला किया नहीं किया यह अलग बात लेकिन इनका परिवार खूब फल-फूल रहा। जानकारों का कहना है कि मंत्री जी अपने भक्तों से अपनी आरती तक करा चुके हैं। यह मामला काफी चर्चा में आने के बाद उन्होंने सफाई दी थी कि यह तो इन लोगों का उनके प्रति सम्मान है, जो मेरी आरती उतारी।



## नहीं गली दाल

पुरानी पेंशन की मांग को लेकर पिछले दिनों गुरुजी ने धरना क्या दिया, यही धरना उनके गले की हड्डी बन गया है। गुरुजी चले थे साहब के खिलाफ आंदोलन चलाने और साहब का पारा ऐसा गरम हुआ कि साहब गुरुजी की नेतागिरी के पीछे ही लग गए। साहब ने फरमान जारी कर गुरुजी के ही स्कूलों का निरीक्षण करवा दिया। फिर क्या निरीक्षण में कई नेता नदारत निकले। सो, सभी को नोटिस जारी हो गया। अब ऐसे में जोरदार आंदोलन के बाद सीना चौड़ाकर घूमते फिर रहे शिक्षक नेताओं के पास भी कोई जवाब नहीं है। आंदोलन के बाद जिस तरह नेताओं के स्कूलों में छापेमारी हुई और उसके बाद जिस तरह दो बार वार्ता टल गई उससे तो लग रहा है कि यहां दाल गलने वाली नहीं है। कुछ शिक्षक तो दबी जुबान यह भी कह रहे हैं कि बेकार में साहब से बैर मोल ले लिया। सोचा था आंदोलन से वह कुछ ढीले पड़ेंगे पर वह तो और सख्त हो गए हैं। अब ऐसे में गुरुजी भी पंचम तल के जुगाड़ में लग गए है कि कहीं पर तो दाल गले।




## बेचारे पार्षद जी

समाजसेवा को छोड़कर किराने की दुकान खोलकर बैठना ज्यादा ठीक है। राजनीति से परेशान एक पार्टी के पार्षद के अब यही विचार है। वह कहते हैं कि अब समाजसेवा को छोड़कर किराने की दुकान खोलकर बैठना ज्यादा ठीक है। नगर निगम के अधिकारी अब सुनते नहीं हैं, सत्ताधारी नेता अपना काम करा कर निकल लेते हैं। बेचारे! पार्षद जी कई हफ्ते पूर्व से ही वार्ड में फॉगिंग कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन नगर निगम ने कोई सुध नहीं ली। क्षेत्र की जनता बार बार फॉगिंग कराने के लिए नेता जी को परेशान कर रही है। फिर क्या था बेचारे परेशान पार्षद स्वयं नगर निगम में घुस कर स्टोर रूम में पहुंच गए। स्टोर रूम में फॉगिंग मशीन कबाड़ में पड़ी देखकर उनका गुस्सा फूट पड़ा। अब नाराज नेता जी अलग-अलग ग्रुपों में फोटो को घुमा कर नगर निगम को आईना दिखाने में जुट गए हैं। बीते कई घंटो के बाद फोटो पर भी कोई अधिकारी जवाब देने के लिए तैयार नहीं हुआ तो आखिरकार ग्रुपों में कहते दिखे क्या खमोशी है? क्या इन स्क्रैप में पड़ी मशीनों को नहीं देख रहे हैं कोई अधिकारी। आनन फानन में अधिकारियों ने नेता को मनाने का प्रयास किया, लेकिन अब नेता आंदोलन करने की धमकी देकर अपनी ताल ठोंकने की तैयारी में जुट गए हैं। वहीं सत्ता पक्ष के कई माननीय यह कहते हुए चुटकी लेते दिखे रस्सी जल गई... लेकिन ऐंठन नहीं गई।



## प्रेशर पॉलिटिक्स

देश की सबसे पुरानी पार्टी के सूबाई अध्यक्ष ने लगता है अब पूरी तरह से कमर कस ली है। अब वह साइकिल वाले भैया के दबाव में नहीं आने वाले बल्कि उल्टे उन्होंने स्वयं प्रेशर पॉलिटिक्स की राह चुन ली है। पड़ोस वाले सूबे में चुनावी टिकटों के बटवारे के कारण गठबंधन में आई खटास के बाद भैया ने जब पुरानी पार्टी के नेताओं पर निशाना साधा तो अध्यक्ष जी चुप नहीं रहे। उन्होंने तुरंत करारा जवाब दिया। भैया की पार्टी ने कार्यालय के बाहर भावी पीएम वाली होर्डिंग लगा दी तो अध्यक्ष जी ईंट का जवाब पत्थर से दिया। उनकी पार्टी की ओर से न सिर्फ अपने केंद्रीय नेता को भावी पीएम बताते हुए पोस्टर लगवा दिए गए बल्कि उसमें सूबाई अध्यक्ष को भावी सीएम भी घोषित कर दिया। बात यहां पर भी नहीं रुकी। इन पोस्टरों में साइकिल वाली पार्टी के बजाए हाथी और वेस्ट यूपी वाली प्रभावी पार्टी से गठबंधन की सलाह दी गई है। इस पोस्टर वार को पुरानी पार्टी वाले अध्यक्ष जी की प्रेशर पॉलटिक्स के रूप में देखा जा रहा है।

# दुनिया भारत को संकटमोचक के रूप में देख रही

- 'मेरी माटी, मेरा देश-अमृत कलश यात्रा' के राज्यस्तरीय आयोजन में शामिल हुए मुख्यमंत्री
- शहीदों के परिजनों का किया सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया को शांति, सौहार्द और कल्याण की राह दिखाने वाला देश बन चुका है। दुनिया आज भारत को संकटमोचक के रूप में देख रही है। हम आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। अगले 25 साल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें पंच प्रण का विराट संकल्प दिया है। हर देशवासी इस संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा तो निश्चित ही भारत आने वाले वर्षों में दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में सबके सामने होगा।

ये बातें शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के झूलेलाल पार्क, गोमती तट पर 'मेरी माटी मेरा देश- अमृत कलश यात्रा' के राज्यस्तरीय आयोजन के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने इससे पहले गोमती तट स्थित वसुधा वंदन अमृत वाटिकाए झूलेलाल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में लगी चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की ओर से मेरी माटी मेरा देश पर आधारित लघु चलचित्र का प्रदर्शन किया गया। वहीं मुख्यमंत्री ने माटी को वंदन, वीरों को नमन कार्यक्रम में प्रदेशभर से अमृत कलश लेकर लखनऊ पहुंचे स्वयंसेवकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार पूरा देश राष्ट्रीय आयोजनों में एकजुट होकर इसका हिस्सा बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश के हर घर पर तिरंगा फहराया गया। साबरमती के तट पर 21 मार्च 2021 को जिस अमृत महोत्सव का पीएम मोदी ने शुभारंभ किया उसका विराट स्वरूप हमें 15 अगस्त 2023 को देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के गांव-गांव, विकास खंड और नगर निकायों से अमृत कलश के जरिए मातृभूमि का वंदन और वीरों को नमन करते हुए यहां पहुंचे सभी वॉलेंटियर्स की सराहना की। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर प्रदेश में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए इसे सराहनीय प्रयास बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने हर भारतीय को पंच प्रण का एक विराट संकल्प दिया है। हम आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। आगामी 25 साल में हमें भारत को विकसित भारत के रूप में स्थापित करना है। इन पंच प्रण को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर भारतवासी आगे बढ़े तो आने वाले समय में भारत दुनिया की बड़ी ताकत होगा। इस शक्ति के माध्यम से विश्व कल्याण एवं शांति का संदेश दिया जाएगा। हम इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में भारत आज एक संकटमोचक के रूप में जाना जा रहा है। संकट के समय दुनिया के देश हमारे प्रधानमंत्री की ओर आशा भरी निगाहों से देखते हैं। उन्हें पता है कि शांतिए सौहार्द और कल्याण की राह भारत से ही निकलेगी। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय के 75 विद्यार्थियों द्वारा वंदेमातरम का समवेत गायन, इसके अलावा विभिन्न वाद्ययंत्रों द्वारा श्वैष्णव जन तो तेने कहिए और श्सारे जहां से अच्छा हिन्दोसतां हमारा, की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वीरों, शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया। इसके अलावा विभिन्न जनपदों से अमृत कलश लेकर लखनऊ पहुंचे वॉलेंटियर्स को भी सम्मानित किया गया।

### गीता प्रेस के ट्रस्टी बैजनाथ का निधन, योगी ने जताया शोक

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने गीता प्रेस, गोरखपुर के ट्रस्टी बैजनाथ अग्रवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि विगत 40 वर्षों से गीता प्रेस के ट्रस्टी के रूप में बैजनाथ जी का जीवन सामाजिक जागरूकता और मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा। वह ईश्वर के अनन्य भक्त थे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बैजनाथ जी के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से बातकर उन्हें ढांढस बंधाते हुए हुतात्मा की सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# प्रदेश के हर क्षेत्र में छोटे उद्यमियों की आय में हुई कई गुना बढ़ोत्तरी: दुर्गा शंकर मिश्र

- आईआईएम में आयोजित महात्मा गांधी राष्ट्रीय फेलोशिप कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र भारतीय प्रबन्ध संस्थान (आईआईएम) में आयोजित महात्मा गांधी राष्ट्रीय फेलोशिप कार्यक्रम के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि हमारे प्रदेश में हर क्षेत्र में हमारे छोटे उद्यमियों की आय में कई गुना बढ़ोत्तरी हुई है। हमारे प्रदेश के उत्पाद वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के प्लेटफार्म से दुनिया भर में पहुंच चुके है। ग्रेटर नोयडा के इंटरनेशनल ट्रेड शो में भी हमारे प्रोडेक्ट्स का पूरी दुनिया में नाम हुआ। उत्तर प्रदेश में निर्यात तेजी से बढ़ा है और यह लगातार तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह समय नवाचार, स्टार्ट अप, स्किलिंग का है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा देश तथा मुख्यमंत्री नेतृत्व में हमारा प्रदेश तेजी के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश का वातावरण स्टार्टअप, निवेश व बिजनेस आदि के लिये अनुकूल है, इन सभी को प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है। अपनी प्रदेश पूरी दुनिया का बेस्ट इको सिस्टम भारत मे हैं। देश को विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने में सभी लोग अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले युवा बनें। उन्होंने कहा कि देश में परिवर्तन लाने के लिए समर्पित युवा चेंजमेकर्स की एक पीढ़ी पोषित करने में आईआईएम लखनऊ जैसे देश के प्रमुख संस्थानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने प्रधानमंत्री के 'पंच प्रण' को दोहराया जो विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने की बात करता है। प्रधानमंत्री ने 2047 तक देश को विकसित बनाने का जो लक्ष्य रखा है, वह निश्चित रूप से पूरा होगा।

# राजधानी में कल ब्लैकआउट, मॉकड्रिल का होगा प्रदर्शन

- नागरिक सुरक्षा और आपातकाल में लोगों के बचाव के लिए तैयारियों को परखेगी योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में नागरिक सुरक्षा और आपातकाल परिस्थितियों में लोगों के बचाव के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने ब्लैक आउट मॉकड्रिल करने का निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश नागरिक सुरक्षा विभाग 30 अक्टूबर 2023 को सायं 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक राजकीय जुबली इंटर कॉलेज, सिटी स्टेशन, लखनऊ में वृहद स्तर पर ब्लैक आउट/मॉकड्रिल का प्रदर्शन करेगा। इसके अतिरिक्त नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों को निदेशक, नागरिक सुरक्षा प्रशस्ति-पत्र का वितरण एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की वेबसाइट का उद्घाटन भी किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के नागरिक सुरक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव रजनीश गुप्ता ने बताया कि कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में इस मॉकड्रिल के तहत ब्लैक आउट का प्रदर्शन किया जाएगा। ब्लैक आउट युद्ध के समय जनधन की क्षति को कम करने हेतु क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को बंद करके किया जाता है। इसके अतिरिक्त आग बुझाने के तरीके, घायलों को प्राथमिक उपचार देना, भवनों में फंसे लोगों के बचाव के तरीके का प्रदर्शन भी किया जाएगा। यह ब्लैक आउट मॉकड्रिल लखनऊ में पहली बार नागरिक सुरक्षा द्वारा आयोजित की जा रही है। अपर मुख्य सचिव रजनीश गुप्ता ने बताया कि विभाग द्वारा नागरिक सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियां निरंतर आयोजित की जाती हैं। विभाग द्वारा नागरिकों की सुरक्षा का दृढ़ संकल्प लिया गया है, उसे पूर्ण करने की दिशा में ब्लैकआउट और मॉकड्रिल अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि स्वयंसेवक और प्रशिक्षित हो सके और अधिक से अधिक आम नागरिकों को भी जागरूक किया जा सके।

# मिलेट्स के खाद्यान्न स्वास्थ्य के लिए लाभदायक: शाही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इंदिरा** गांधी प्रतिष्ठान में चल रहे तीन दिवसीय श्री अन्न महोत्सव के अन्तर्गत पौष्टिक एवं तैयार होने वाले स्वादिष्ट व्यंजनों से आम जनमानस को आकर्षित करने के लिए चटोरी गली, गोमती नगर में श्री अन्न पकवान प्रतियोगिता का उद्घाटन कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को किया। इसके उपरान्त मंत्री शाही ने प्रदर्शनी में लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया और कहा कि मिलेट्स के खाद्यान्न स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं। इन खाद्यान्नों के सेवन से कई प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर सचिव एवं निदेशक कृषि राजशेखर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। महोत्सव में आए हुए आगंतुक कृषक एवं विभिन्न कृषि विश्वविद्यालय एवं राज्यों के कृषि वैज्ञानिक एवं मेहमानों ने चटोरी चाट की गली में भिन्न-भिन्न प्रकार के चाट बाजरे की टिक्की, ज्वार, बाजरा का मुर्मरा, ज्वार के चटपटे सेव, घमंजा चाट, मटर की दही चटनी वाली चाट, मकर की नींबू मसालेदार चाट, वेजिटेबल चाट, टमाटर चाट, मशरूम चाट, पालक पनीर चाट, सवा कोदो की टिक्की और मूंगफली चाट, काबुली चना और राजमाए छोला से तैयार किये गये चाट के स्वाद के चटकारे लगाते नजर आये। श्री अन्न से बना डोसा, हलवा, खीर, चपाती, पुलाव, खिचड़ी आदि व्यंजन का जहां लोगों ने आनन्द लिया, वहीं रेडी टू ईट उत्पाद लड्डू, नमकीन, बिस्किट, चाकलेट, मुरमुरा आकर्षण का केन्द्र रहा। चटोरी चाट की गली में विशेष रूप से श्री अन्न से मिश्रित एवं श्री अन्न से बनायी गयी चाटों का ही बोलबाला रहा एवं हर किसी की जुबान पर श्री अन्न यथा ज्वार, बाजरा, कुटकी, सांवा, कंगनी, कोदो आदि से निर्मित इतनी स्वादिष्ट व्यंजन हो सकते हैंए लोगों में चर्चा का बिन्दु रहे।

# यूनीकॉर्न ही नहीं सूनीकॉर्न का भी केंद्र बन रहा यूपी

- स्टार्टअप नीति ने प्रदेश में वृहद स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास में निभाई अहम भूमिका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ ही इनोवेशंस और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसके चलते उत्तर प्रदेश में 8 यूनीकॉर्न की उपस्थिति हैं जबकि कई स्टार्टअप्स तेजी से यूनीकॉर्न बनने की ओर अग्रसर हैं। ऐसे स्टार्टअप्स को सुनीकॉर्न यानी 'सून टू बी यूनीकॉर्न' कहा जाता है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2025 तक 10 हजार स्टार्टअप्स की उपस्थिति का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसके अनुरूप वर्ष 2023 के मध्य तक ही यह लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है। जाहिर है, मुफीद नीतियों के कारण न केवल नए स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि कई स्टार्टअप्स अब यूनीकॉर्न व सूनीकॉर्न बनने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रदेश में निवेश के आंकड़ों का संकलन कर रही एजेंसी केपीएमजी द्वारा एक रिपोर्ट के माध्यम से उपलब्ध कराए गए तथ्यों से यह बात सामने आई है।

रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में पे-टीएम, पे-टीएम मॉल, इंडिया मार्ट, मोगलिक्स, पाइन लैब्स, इनोवेसर, इंफो एज और फिजिक्स वाला वो स्टार्टअप्स हैं जो उत्तर प्रदेश में बेस्ड हैं और ये देश की यूनीकॉर्न स्टार्टअप्स में शुमार हैं। उल्लेखनीय है कि यूनीकॉर्न स्टार्टअप वो स्टार्टअप होता है जिसकी वैल्यूएशन 1 अरब डॉलर से अधिक हो। फिलहाल देश में 108 से ज्यादा यूनीकॉर्न स्टार्टअप्स मौजूद हैं। इसी प्रकार, सूनीकॉर्न उन स्टार्टअप्स को कहा जाता है जिनमें निकट भविष्य में यूनीकॉर्न बनने की क्षमता हो। फिलहाल प्रदेश में दो सूनीकॉर्न स्टार्टअप्स कार्य कर रहे हैं और इनके नाम क्लास प्लस व इनशॉर्ट्स हैं। इसके अलावा, जिन स्टार्टअप्स का वैल्यूएशन 10 लाख डॉलर हो जाता है उन्हें मिनिकॉर्न कहा जाता है और ऐसे स्टार्टअप पोटेंशियल के लिहाज से भी उत्तर प्रदेश लगातार प्रगति कर रहा है। यह सब योगी सरकार की नीतियों के कारण हो सका है।

रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश फ्लिहाल देश में चौथा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम वाला प्रदेश है। यहां सभी 75 जिलों में स्टार्टअप्स की उपस्थिति है और खास बात यह है कि 49 प्रतिशत स्टार्टअप्स टियर 2 व टियर 3 शहरों से संबंधित हैं। प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा मिलने का असर यह हुआ है कि एक लाख से ज्यादा रोजगार सृजन के अवसर उपलब्ध हुए हैं।

# रैपिड डायग्नॉस्टिक टेस्टिंग बनेगा जांच का माध्यम, 32.92 लाख किट्स की होगी आपूर्ति

- तीन प्रकार के आरडीटी किट्स की आपूर्ति पर सीएम योगी का फोकस
- उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने शुरू की प्रक्रिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में आम लोगों तक उत्तम स्वास्थ्य निदान पहुंचाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने प्रदेश में रैपिड डायग्नॉस्टिक टेस्टिंग किट्स की आपूर्ति के लिए प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। सीएम योगी की प्राथमिकता रही है कि उत्तर प्रदेश में वायरल रोगों की टेस्टिंग व निदान के लिए उचित जांच प्रक्रिया उपलब्ध हो। इस उद्देश्य से सरकार अब 32.92 लाख से ज्यादा रैपिड डायग्नॉस्टिक टेस्टिंग किट्स की आपूर्ति की प्रक्रिया पर कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड को इस आपूर्ति प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए निर्देश जारी किए गए थे और इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। उल्लेखनीय है कि एक वर्ष की आपूर्ति अवधि के लिए इस टेंडरिंग प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जा रहा है जिसके जरिए प्रदेश में रैपिड प्लाज्मा रिएजिन प्रक्रिया समेत कई प्रकार की वायरल बीमारियों की जांच के लिए जरूरी रैपिड डायग्नॉस्टिक टेस्टिंग किट्स की आपूर्ति का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। आपूर्तिकर्ता के निर्धारण के लिए यूपीएमएससीएल द्वारा 21 अक्टूबर को टेंडरिंग प्रक्रिया की शुरूआत कर दी गई है। इस क्रम में 2 नवंबर को एक प्री बिड मीट निर्धारित की गई हैए जबकि 20 नवंबर तक इच्छुक आपूर्तिकर्ता कंपनियां इसके लिए अप्लाई कर सकती हैं। दो चरणों में होने वाली टेंडरिंग प्रक्रिया के तहत पहले चरण में टेक्निकल बिड व दूसरे चरण में फाइनेंशियल बिडिंग की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। इस टेंडर के लिए प्रॉसेसिंग फीस 5900 प्लस जीएसटी निर्धारित की गई है। आवेदन करने वाले इच्छुक आपूर्तिकर्ता को अपनी किट्स की 20 यूनिट क्वॉलिटी निर्धारण के लिए यूपीएमएससीएल को उपलब्ध कराना होगा। इस टेंडरिंग प्रक्रिया को उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक के अनुसार अंजाम दिया जाएगा तथा यूपीएमएससीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर इस प्रक्रिया का निरीक्षण करेंगे। रैपिड डायग्नॉस्टिक टेस्टिंग किट्स जांच का एक प्रभावी माध्यम हैए जिनके जरिए कई प्रकार की वायरल बीमारियों की जांच में मदद मिलती है। फिलहाल, जिन रैपिड डायग्नॉस्टिक किट्स की आपूर्ति के लिए यूपीएमएससीएल फोकस कर रहा है उसमें एचआईवी व सिफलिस के लिए ड्यूअल टेस्ट्स किट्स के तौर पर 25 लाख किट्स की आपूर्ति एक वर्ष में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। वहीं, एचआईवी की जांच के लिए रैपिड डायग्नॉस्टिक किट्स के तौर पर 2.02 लाख किट्स की आपूर्ति एक वर्ष में की जाएगी। दूसरी ओरए रैपिड प्लाज्मा रिएजिन आरडीटी के रूप में 5.90 लाख किट्स की आपूर्ति पूरे वर्ष की जाएगी। ये किट्स एचआईवी1 व एचआईवी2 सबटाइप्स व ट्रैपोनेमा पैडिलम की सीरम व प्लाज्मा निर्धारण प्रक्रिया के जरिए पूरे शरीर की स्थिति आवलोकन में सक्षम होगी। वहीं, एंजाइमे इम्यूनो एस्से एगलुटिनेशन व अन्य प्रिंसिपल्स के आधार पर जांच प्रक्रिया को पूर्ण करने में भी ये किट्स प्रभावी होंगी। किट्स की गुणवत्ता वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के मानकों व सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन के आधार पर निर्धारित की जाएगी देश के ड्रग्स व कॉस्मेटिक्ट्स एक्ट 1940 के अनुसार सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट को मूर्त रूप दिया जाएगा।

# किसान विरोधी व पूंजीपतियों को लाभ देने वाली हैं भाजपा की नीतियां: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में किसान बेहाल है। भाजपा की नीतियां किसान विरोधी और पूंजीपतियों को लाभ देने वाली है। धान की फसल तैयार है लेकिन प्रदेश में किसानों के धान की खरीद की कोई व्यवस्था नहीं है। किसानों को गेंहू की एमएसपी नहीं मिली अब धान की भी कीमत नहीं मिल रही है। लगातार बढ़ती महंगाई ने किसानों की कमर तोड़ दी है। एमएसपी के नाम पर सरकार दिखावा करने का ढोंग क्यों करती है। अखिलेश यादव ने कहा कि डीजल, खाद बीच, कीटनाशक सब महंगा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किसानों को धोखा दिया। पांच साल तक किसानों की सुध नहीं ली। किसान महंगी बिजली, महंगे डीजल से परेशान रहा। अब चुनाव सामने देख कर भाजपा सरकार किसानों के बरगलाने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों और काले कृषि कानूनों के विरोध में आन्दोलन में सात सौ से ज्यादा किसान शहीद हो गये थे। भाजपा सरकारों में किसानों की गाढ़ी कमाई उनकी फसल बिचौलिए लूटते रहे हैं। भाजपा सरकार में किसानों के गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ाया गया। गन्ने का पूरा बकाया भुगतान नहीं हुआ। किसानों को अन्य फसलों की लागत मूल्य भी नहीं मिली।

# महर्षि वाल्मीकि ने अपने लेखन से समाज के व्यवहारिक मूल्यों की पृष्ठभूमि को मजबूत किया



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महर्षि** वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेसजनों द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

महर्षि वाल्मीकि के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश कांग्रेस संगठन सचिव अनिल यादव ने कहा कि महान संत और आदि काव्य 'रामायण' के रचयिता महर्षि वाल्मीकि ने प्रभु श्री राम के जीवन परिचय के साथ-साथ, उनके सामाजिक आदर्शों से भी दुनिया को अवगत कराया और जो वर्तमान और भविष्य में मानव जाति के लिए एक आध्यात्मिक शक्ति देने वाला अद्वितीय उपहार है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की महान रचना से हमें महाग्रंथ रामायण का आध्यात्मिक सुख मिला। यह एक ऐसा ग्रंथ हैं, जिसने मर्यादा, सत्य, प्रेम, भातृत्व, मित्रत्व एवं सेवक के धर्म की परिभाषा सिखाई। राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम तथा प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित ने कहा कि वाल्मीकि जी के व्यक्तिगत जीवन से भारतीय दर्शन मजबूत हुआ। महर्षि वाल्मीकि ने अपने लेखन, आचार व व्यवहार से समाज के व्यवहारिक मूल्यों की पृष्ठभूमि मजबूत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, शहनवाज आलम, मनोज यादव, वीरेन्द्र मदान, सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव, ओंकारनाथ सिंह, नितान्त सिंह, सिद्धि श्री, सुशील वाल्मीकि, अशोक कुमार, नरेंद्र गौतम आदि कांग्रेसजन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सुने गए भूमि विवाद के मामले

**● थाना कोतवाली सदर में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**जिले** के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

समाधान दिवस थाना कोतवाली सदर में डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर निस्तारित शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं।

# एलपीएस में मनाया गया कारवां उत्सव

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**लखनऊ** पब्लिक स्कूल, शाखा लखीमपुर के प्रांगण में वार्षिकोत्सव कारवां उत्सवपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि दीपेंद्र कुमार सिंह, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज, लखीमपुर के द्वारा हुआ। उपस्थित मुख्य अतिथि, गेस्ट ऑफ़ ऑनर अनिल कुमार यादव, डिप्टी कमांडेड, एस.एस.बी., स्पेशल गेस्ट डॉ. ईश्वर कुमार रामचंदानी, चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, एजुकेशनल मोटीवेटर श्री विजय तोलानी सहित सभी सम्मानित गणमान्यो का स्वागत प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने अंकुर-वृक्ष देकर किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सर्व धर्म सद्भाव से युक्त प्रार्थना, शिक्षाप्रद विजयी भव, जल संरक्षण का संदेश देता वंडर्स ऑफ वाटर, कव्वाली महफिले एल.पी.एस., बच्चों में रचनात्मक प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने वाला हैपिएस्ट डे ऑफ़ लाइफ, समूह गान कॉलेज क्वायर, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित स्वाभिमान, नृत्य इंडीज हिप हॉप, पुरानी यादों को संजोता दूरदर्शन की दुनिया, स्ट्रेडॉग की दुखभरी दुनिया को दर्शाता फैमिली फरएवर, पौराणिक दृष्टांत को रेखांकित करता हनुमंत-वंदन, फुलझडियों से युक्त रंगारंग कार्यक्रम ग्रैंड फिनाले जैसी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों द्वारा छात्र-छात्राओं ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि दीपेंद्र कुमार सिंह ने सभी कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ प्रशंसा की। उन्होंने गत वर्ष की आई.सी.एस.ई., आई.एस.सी. के 85त्न से अधिक प्राप्तांको वाले बारह छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं 90त्न से अधिक प्राप्तांको वाले प्रतिभावान आठ छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र देकर तथा उनके माता-पिता को शाल व अंकुर-वृक्ष देकर सम्मानित किया। विद्यालय के पूर्व छात्र गुरपेज सिंह संधू, चयनित असिस्टेंट कमांडेंट स्पेशल फोर्स अंडर होम मिनिस्ट्री ऑफ़ इंडिया को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेस के संस्थापक-महाप्रबंधक डॉ. एस.पी.सिंह एवं पूर्व एम. एल.सी. कांति सिंह ने विद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति एवं विगत सत्र के आये परीक्षा परिणामो की अत्यंत सराहना की। डायरेक्टर एकेडमिक्स एंड इनोवेशन लखनऊ पब्लिक स्कूल नेहा सिंह ने सभी कार्यक्रमों के लिए छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की एवं उन्हें संदेशपूर्ण प्रेरणात्मक बताया। उन्होंने मुख्य अतिथि, सम्मानित गणमान्यो एवं सभी उपस्थित अभिभावकों को अपना अमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने प्रधानाचार्य सहित सभी इनचार्जस, शिक्षक-शिक्षिकाओ, कर्मचारियों को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए भी आभार व्यक्त किया।


# ऊचौलिया मे धर्मेंद्र प्रताप सिंह और पसगवां में दीपक राठौर ने लिया चार्ज

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**पसगवां** और ऊचौलिया ने पुलिस अधीक्षक ने तैनात किऐ थाना प्रभारी पसगवां मे एस.आई.दीपक राठौर को चार्ज दिया गया वही ऊचौलिया मे धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने प्रभारी निरीक्षक के पद पर धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने लिया चार्ज,श्री धर्मेंद्र प्रताप मूल रूप से प्रतापगढ़ के हैं निवासी है,जो जनपद हरदोई के कयी थानो के थानाध्यक्ष भी रहे, धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हमारी कोशिश पीड़ित को न्याय मिले अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए फूल सिंह को और तेज किया जाएगा कानून व्यवस्था के साथ किसी को खिलवाड़ करने नहीं दिया जाएगा जनपद से मेरी पहली पोस्टिंग ऊचौलिया थाने मे हुई है,जो कयी जनपदो की सीमा है,वही पसगवां थानाध्यक्ष दीपक राठौर मूल रूप से बदायूं को रहने वाले हैं तथा खीरी कस्बे में चौकी जांच के पद पर तैनात है ,थानाध्यक्ष बनने पर पसगवां थानाध्यक्ष दीपक राठौर ने कहा कि पुलिस अधीक्षक ने जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरने की कोशिश करूगा,अपराध और अपराधियों से किसी कीमत पर समझौता नही किया जाऐगा,इस विषय पर सभी चौकी इचार्ज को उचित दिशानिर्देश दिऐ गये है।

# बाबा जी का कहना है, शाकाहारी रहना है

**संवाददाता।** सिंगाही खीरी



**बाबा** जय गुरुदेव के उत्तराधिकारी की अगुवाई में आध्यात्मिक-वैचारिक जनजागरण यात्रा लखीमपुर जिले की तहसीलों ,ब्लाकों व कस्बों में निकाल कर अपने विचारों को अभिव्यक्ति कर पड़ाव स्थापित किया जिसमें लोगों की भारी संख्या में भीड़ एकत्रित हुई जिसने गुरुदेव के विचारों को सुना। आध्यात्मिक-वैचारिक जनजागरण यात्रा लेकर नगर पंचायत सिंगाही के मेला मैदान में 62 वां पड़ाव स्थापित हुआ जिसमें जय गुरुदेव अनुयायी सहित भारी संख्या में क्षेत्र के लोग पहुंच कर जय गुरुदेव के उत्तराधिकारी के विचारों को सुना।

नगर पंचायत सिंगाही के मेला मैदान में 27 अक्टूबर को जय गुरुदेव के उत्तराधिकारी पंकज जी महाराज 108 दिवसीय शाकाहार-सदाचार, मद्यनिषेध, आध्यात्मिक-वैचारिक जनजागरण यात्रा लेकर लखीमपुर खीरी के मितौली सदर व धौरहरा तहसील आदि जगाहों पर अपने जन कल्याणकारी सन्देश सुनाने के बाद 62 वें पड़ाव पर नगर पंचायत सिंगाही पहुंचे। जहां स्थानीय लोगों ने दीप प्रज्वलित कलशों, फूलमालाओं तथा गाजे बाजे के साथ काफिला यात्रियों का भव्य स्वागत किया। 28 अक्टूबर को सत्संग समारोह का आयोजन हुआ जिसमें सत्संग सम्बोधन में संस्थाध्यक्ष ने बताया कि सत्संग वह जल है,जो मन ,बुद्धि, चित्त और अन्त: करण पर जमा मैल को काट देता है, वहीं सन्त पकंज जी ने बताया कि 20 से 24 दिसबंर तक 75 जय गुरुदेव वार्षिक भंडारा सत्संग मेला आयोजित होगा जिसमें आप सभी लोग पधारे साथ ही अपने विचारों को प्रकट करते हुए नशीले पदार्थों से सभी व्यक्तियों को दूर रहने व शाकाहारी बनने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया।और पुलिस प्रशासन का भी शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोहर सिंह, जिला व्यवस्थापक सियाराम यादव, ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण मोहन यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष मो.कयूम राजाराम गुप्ता, उत्तम कुमार ,रामपाल सहित अनेक क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# खीरी में धूमधाम से मनी महर्षि वाल्मीकि जयंती

**● मंदिरों में दीपदान के साथ हुआ वाल्मीकि रामायण का पाठ**

**● सीडीओ ने किया महर्षि वाल्मीकी जी की प्रतिमा का माल्यार्पण**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**शनिवार** को गत वर्षो की भांति खीरी में महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। मंदिरों में दीप प्रज्वलन, दीपदान के साथ-साथ वाल्मीकि रामायण का पाठ हुआ।

इस अवसर पर जिले की सभी तहसील, विकासखंड एवं नगरीय निकाय स्तर पर विभिन्न मंदिरों में भजन कीर्तन एवं रामायण पाठ भी भजन मंडलियों ने किया गया। वाल्मीकी जंयती पर श्री वाल्मीकी मंदिर, गुटैय्या बाग, लखीमपुर में पूजा-प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ, जिसमें सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने महार्षि वाल्मीकी जी की प्रतिमा का माल्यार्पण किया तथा रामायण पाठ का आयोजन हुआ। जिसमें मंदिर प्रशासन के सहयोग से भजन-कीर्तन मण्डली द्वारा भजन-कीर्तन किया तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया। साथ ही महर्षि वाल्मीकी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को महर्षि वाल्मीकी जी के पद चिन्हों पर चलने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही जनपद के विभिन्न वाल्मीकी मंदिरों में प्रतिमा का माल्यापर्ण, भजन-कीर्तन तथा प्रसाद वितरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि वैदिक काल में महान ऋषियों में आते हैं। महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि के नाम से भी जाना जाता है, उनके द्वारा रचित विश्व प्रसिद्ध कालजयी कृति रामायण महाकाव्य सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है। कहा कि वाल्मीकि



रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्य एवं राष्टीय मूल्यों से जन सामान्य को जोड़ना है। इस मौके पर नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। जिलेभर में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों में दीप प्रज्वलन, दीपदान के साथ-साथ भजन मंडलियों द्वारा वाल्मीकि रामायण का पाठ भी हुआ। स्थानीय कलाकारों, भजन मंडलियों द्वारा वाल्मीकि रामायण का पाठ किया।

# श्रीराम दरबार में दर्शनार्थियों का तांता

**कोंच (जालौन)।** कोंच की 17 दशक पुरानी ऐतिहासिक रामलीला के 171वें महोत्सव में शनिवार दोपहर रामलीला भवन पर श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ, गुरु वशिष्ठ ने प्रभु श्रीराम और माता जनकनंदिनी सीता को उच्च सिंहासन पर प्रतिष्ठित कर उनका राज तिलक किया और आरती उतारी। इसी के साथ रामलीला के वर्तमान महोत्सव का समापन हो गया। चंद्र ग्रहण का सूतक काल प्रारंभ होने के पहले तक सजे रहे श्रीराम दरबार में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा और लोगों ने राम, लक्ष्मण, भरत, रिपुदमन और माता जनकनंदिनी की मोहिनी छवि अपनी आंखों में बसाई। तत्पश्चात सभी पांचों मूर्तियों का विसर्जन हुआ और उनको विदाई देकर घरों को रवाना किया गया। धर्मादा रक्षिणी सभा द्वारा संचालित कोंच की विश्व विख्यात रामलीला में शनिवार दोपहर श्रीराम राज्याभिषेक के दौरान गुरु बशिष्ठ के रूप में नमन चतुर्वेदी ने प्रभु राम और माता सीता को उच्च सिंहासन पर प्रतिष्ठित कर उनका राज तिलक किया और आरती उतारी तथा लोगों ने पुष्प बर्षा की। इसके पश्चात् धर्मादा रक्षिणी सभा, रामलीला समिति और इसकी उपसमितियों अभिनय विभाग, सीनरी विभाग, श्रृंगार विभाग, सांकेतिक विभाग, गश्त विभाग, संगीत विभाग आदि के पदाधिकारियों के अलावा कोतवाल नागेंद्र कुमार पाठक ने भी इस अनुपम झांकी की आरती उतारी।

## मनोरंजन और भावनाओं से भरपूर शो

कानपुर। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का टैलेंट रियलिटी शो इंडियाज़ गॉट टैलेंट मनोरंजन और भावनाओं से भरपूर होगा क्योंकि शो को अपने फाइनलिस्ट मिलेंगे। इतना ही नहीं, बल्कि रविवार के एपिसोड में टॉप 6 फाइनलिस्टों की घोषणा भी होगी जो झलक दिखला जा के होस्ट और प्रतियोगियों . गौहर खानए ऋत्विक धनजानीए तनीषा मुखर्जीए संगीता फोगाटए राजीव ठाकुर और अदरिजा सिन्हा की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर फाइनल के लिए अपनी दौड़ शुरू करेंगे। शुरुआत से हीए यह केवल यह दर्शाता है कि आप सभी सुपर प्रतिभाशाली हैं।

# धागे ने बहुप्रतीक्षित त्योहारी सीजन से पहले बरेली में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया

**संवाददाता।** बरेली



**भारत** के पहले इमोशन वियर ब्रांड श्धागेश् ने उत्तर प्रदेश के बरेली में अपना पहला ऑफ्लाइन स्टोर लॉन्च किया है। डी.डी. पुरम स्थित, स्टोर के लॉन्च का उद्देश्य महिलाओं को बेहतर खरीदारी अनुभव के साथ एक विशेष एथनिक वियर कलेक्शन प्रदान करना है। इस अवसर पर धागे की सह-संस्थापक करिश्मा पी खंडेलवाल ने कहा, 卐हम बरेली में अपने पहले स्टोर के लॉन्च की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। श्धागेश् में हम भावनाओं का जश्न मनाने के मिशन पर हैं, हम अपने उत्पाद में शामिल हर धागे के माध्यम से लोगों के जीवन में सैकड़ों भावनाओं को जगाना चाहते हैं। हम उन्हें खुश, प्यारा, सुंदर, आत्मविश्वासी, प्रशंसनीय और बहुत कुछ महसूस कराना चाहते हैं। उन्होने क्हा कि इस स्टोर को लॉन्च करने का उद्देश्य हमारे सम्मानित ग्राहकों को विशेष पेशकश और बरेली के केंद्र में एक बेहतरीन इन-स्टोर अनुभव प्रदान करना है। हमें विश्वास है कि हमें बरेली के लोगों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी और हम इस यात्रा से बेहद खुश हैं।श्श् उन्होने आगे कहा।लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, श्धागेश् के सह-संस्थापक शिखर खंडेलवाल ने कहा, 卐यह श्धागेश् की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि हम अपने स्टोर लॉन्च के साथ एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। श्धागेश् एथनिक फैशन वियर के लिए वन-स्टॉप समाधान है जिसका उद्देश्य महिलाओं को सिलाई के लिए तैयार कपड़े उपलब्ध कराना है। मैं हर उस व्यक्ति से आग्रह करता हूं जो जातीय पहनावे के प्रति रुचि रखता हो, वह डी.डी. पुरम बरेली में श्धागेश् में आए।श्धागेश् ने अपनी ऑनलाइन उपस्थिति के माध्यम से बड़ी संख्या में वफादार ग्राहक जुटाए हैं। बरेली में इस स्टोर के लॉन्च से आभासी और भौतिक दुनिया के बीच की दूरी कम हो जाएगी, जिससे ग्राहकों को उत्पादों के साथ सीधे बातचीत करने का मौका मिलेगा। इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य ब्रांड जुड़ाव को बढ़ाना और एक व्यापक खरीदारी अनुभव बनाना है।स्टोर को प्रीमियर सॉल्यूशंस द्वारा डिजाइन किया गया है, और इसका इंटीरियर प्राथमिक रंग के रूप में हार्टवुड और बोहेमियन आकर्षण के स्पर्श के साथ एक शांत माहौल दिखाता है।

# डीएम ने जगमोहन की 12 करोड़ 13 लाख की सम्पत्ति जब्ती के दिये आदेश

**बरेली।** जिले के इज्जतनगर शिवनगर आशुतोष सिटी निवासी भूमाफिया अभियुक्त जगमोहन सिंह पुत्र हर सुमिरन लाल के विरूद्व कार्रवाही का आदेश जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने दिया है। संयुक्त



निदेशक अभियोजन अवधेश पाण्डेय के अनुसार जिलाधिकारी ने जगमोहन की आपराधिक कृत्यों से अर्जित 12 करोड़ 13 लाख रूपये की तहसील सदर के विहारमान नगर स्थित सम्पत्ति को जब्त किये जाने का आदेश गुरूवार को दिया है। संयुक्त निदेशक अभियोजन अवधेश पाण्डेय के कुशल नेतृत्व मे एपीओ विपर्ण गौड़ द्वारा कुर्की के लिए प्रबल पैरवी की गयी।

# सच्चाई उजागर होने से क्रोधित अध्यापिका ने पत्रकार को घर में घुसकर धमकाया

**● प्रेस की आजादी पर कुठाराघात की कलमकारों द्वारा निंदा**

**● मामला भगवानपुरा के परिषदीय विद्यालय की हकीकत की थी उजागर**

**संवाददाता।** माधौगढ़ (जालौन)

**कंपोजिट** विद्यालय की सच्चाई छपने से गुस्साए शिक्षकों ने पत्रकार के घर पर धावा बोलकर औकात में रहने की चेतावनी दे डाली। कलम की आजादी पर कुठाराघात करने के प्रयास पर पत्रकारों ने बैठक कर आक्रोश व्यक्त किया है।

विकासखंड माधौगढ़ अंतर्गत ग्राम भगवानपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय की सच्चाई छपने से आक्रोशित विद्यालय की दो शिक्षिकाओं एवं तीन शिक्षकों ने पत्रकारों के घर पहुंचकर न कहने लायक बातों को चिल्ला चिल्ला कर खुलेआम कहते हुए पत्रकार के सम्मान को चोट पहुंचाई, हद पार तो तब हो गई जब क्रोधातुर एक शिक्षिका श्रीमती अर्चना देवी अपने संयम का बांध तोड़कर पत्रकार के घर के अंदर प्रवेश कर गई व उसकी पत्नी को खरी-खोटी सुना डाली और पत्रकार की पत्नी के ही मोबाइल से पत्रकार को औकात में रहने की चेतावनी दे डाली। इस घटना की ऑनलाइन शिकायत करते हुए पत्रकार देवेंद्र सिंह निवासी भगवानपुरा थाना कोतवाली माधौगढ़ ने करते हुए बताया कि कंपोजिट विद्यालय भगवानपुर में तीन शिक्षक व 2 शिक्षकाओं सेवारत हैं। अति पिछड़े ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय होने से यहां कभी भी शिक्षक शिक्षिकाएं समय से नहीं आती परिणाम स्वरूप व विद्यालय में समय से पहुंचने वाले छात्र-छात्राएं बाहर खेलते रहते है। विद्यालय खुलने के उपरांत शिक्षकों द्वारा बच्चों से पूरे परिसर में झाड़ू लगवा कर सफाई कराई जाती है । इस आशय की जानकारी ग्रामवासियों द्वारा स्थानीय पत्रकार देवेंद्र सिंह को दी गई तो वह विद्यालय दिवस में प्रात: 9. 29 बजे विद्यालय जा धमके इस समय वहां एक भी शिक्षिका शिक्षक मौजूद नही थे। बच्चों को झाड़ू लगाते हुए फोटो एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की जुवानी का वीडियो भी बनाया। यह खबर सोशल मीडिया एवं समाचार पत्र में प्रकाशित होने पर विद्यालय के शिक्षकों के तनवदन में आग लग गई। अपने गुस्से को काबू में न कर पाने के कारण सभी शिक्षक पत्रकार देवेंद्र सिंह के घर जा धमके ऊलजुलूल बोलते हुए घर से बाहर निकलने को कहा लेकिन अंदर से कोई जवाब न मिलने के कारण क्रोध से फनफनाती श्रीमती अर्चना देवी दनदनाते हुए पत्रकार के घर में घुस गई और देवेंद्र सिंह की पत्नी को अपमानित करते हुए अपने पति को फोन लगाने को कहा। देवेंद्र की पत्नी ने जैसे ही अपनी पति को मोबाइल से कॉल की बातचीत होने के बीच में ही शिक्षिका अर्चना ने मोबाइल छीनकर पत्रकार देवेंद्र को परिणाम भुगतने की चेतावनी दे डाली। पत्रकार देवेन्द्र द्वारा उक्त आशय की ऑनलाइन शिकायत के बाद शनिवार को माधौगढ़ तहसील परिसर में पत्रकारों की बैठक वरिष्ठ पत्रकार विजय द्विवेदी जगम्मनपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार प्रिंस द्विवेदी, डॉ. राजकुमार मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार, विनय प्रताप सिंह कैलोर, अखिलेश सविता, डॉक्टर विनोद कुमार, दीपक उदैनियां ,अजीत उपाध्याय, महेंद्र गौतम, सौरभ कुमार रामपुरा, पूरन प्रताप सिंह जगम्मनपुर रामकुमार द्विवेदी अंढाई, विजय सिंह समाजसेवी, संतोष कुमार, जगमोहन सिंह बहराई, अंकिक दीक्षित, भोला पाठक ईंटों, नीलकमल ईंटों, आशीष भंगा, अंकित यज्ञिक जगम्मनपुर ने देवेंद्र सिंह से पूरी घटना की जानकारी ली इस पर उपस्थित सभी पत्रकारों ने निर्णय लिया की आगामी 31 अक्टूबर मंगलवार को तहसील माधौगढ़ क्षेत्र के समस्त पत्रकार एकत्रित होकर गत दस वर्षों से भगवानपुरा विद्यालय में तैनात संबंधित शिक्षिका एवं विद्यालय में 15 वर्ष से तैनात शिक्षक जो विद्यालय में छात्रों को पढ़ाने के स्थान पर एक राजनीतिक दल के संगठन को मजबूत करने की राजनीति करते हैं।

# भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में धूमधाम से मनाई बाल्मीकि जयंती

**चित्रकूट।** जिले के लालापुर में रामायण रचयिता आदिगुरु महर्षि बाल्मीकि आश्रम में परंपरागत ढंग से बाल्मीकि जयंती मनाई गई। मंदिर के साधु-संतो ने सूबे के मुख्यमंत्री को भी आमंत्रण भेजा था।

शनिवार को महर्षि बाल्मीकि इसी आश्रम की गुफा में बैठकर कठोर तप करते थे। रामायण की रचना की थी। ये आश्रम जिले के प्रयागराज-कर्वी मुख्य सडक पर लालापुर गांव के घने जंगल पहाड़ पर स्थित है। आज भी त्रेता युग के तमाम चिन्ह आश्रम में देखने को मिलते हैं। महंत भरतदास ने बताया कि यहां की मान्यता है कि इसी स्थान में भगवान श्रीराम ने माता सीता पर आरोप लगाने के बाद जंगल मे छोड़ा था। माता सीता ने महर्षि बाल्मीक आश्रम में समय व्यतीत किया था।

उनकी जयंती पर भरत मंदिर के महंत दिव्यजीवन दास महाराज, डीएम अभिषेक आनंद, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर, डीसीबी अध्यक्ष योगेश जैन, भूपेंद्र द्विवेदी आदि ने पूजा अर्चना कर बाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई। इस मौके पर वृक्षारोपण भी किया।

# सोलह केंद्रों पर हुई शान्तिपूर्ण पीईटी परीक्षा

**● पीईटी परीक्षा : 8212 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 6236 ने छोड़ी परीक्षा**

**● डीएम-एसपी ने भ्रमणशील रहकर देखे परीक्षा केंद्र, दिए निर्देश**

**● सेक्टर मजिस्ट्रेट रहे भ्रमणशील, केंद्रों पर मुस्तैद दिखे स्टेटिक मजिस्ट्रेट**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**जनपद** खीरी में शनिवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2023 दो पालियों में 16 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। शनिवार को दोनों पालियों में 8212 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 6236 ने परीक्षा छोड़ी।

नोडल अधिकारी/एडीएम संजय सिंह ने बताया कि शनिवार को 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में प्रथम पाली में 7224 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 4100 परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 3124 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। दूसरी पाली में 7224 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 4112 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 3112 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। डीएम-एसपी, एडीएम-एएसपी, एसडीएम-सीओ, डीआईओएस सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भ्रमणसील एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट ने परीक्षा केंद्रों पर मौजूद रहकर अपनी देखरेख एवं निगरानी में प्रथम दिन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा-2023 की दोनों पारियों की परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराया। रविवार को भी सभी 16 परीक्षा केंद्रों में 02 शिफ्टों में परीक्षा आयोजित होगी।

शनिवार की सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज सहित विभिन्न स्कूलों का भ्रमणशील रहकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापको से नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित एवं अनुपस्थित बच्चों की संख्या जानी। एवं कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा के सभी कायदे कानून का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को जरूरी निर्देश दिए।परीक्षा की दोनों पालियों में एडीएम संजय कुमार सिंह ने भ्रमणसील रहकर सभी परीक्षा केंद्रों का सघन भ्रमण किया। स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान सभी गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए परीक्षा को संपन्न कराएं। एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह ने सीओ सदर संदीप सिंह के संग भ्रमणसील रहकर सभी परीक्षा केंद्रों के स्टैटिक मजिस्ट्रेट से निरंतर संवाद बनाए रखते हुए परीक्षा संपन्न कराई।

# खादी व ग्रामोद्योग के दिन अब बहुरेंगे






**संवाददाता।** बांदा

**उत्तर** प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 15 दिवसीय मण्डलीय खादी ग्रामोद्योग की बृहद प्रदर्शनी का शुभारंभ जहीर क्लब बांदा के प्रांगण में प्रदेश के माननीय जलशक्ति राज्य मंत्री श्री रामकेश निषाद ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल के साथ प्रदर्शनी में लगाए गए स्टालों का गहनता से निरीक्षण करते हुए खादी ग्रामोद्योग, माटी कला एवं अन्य उत्पादों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जलशक्ति राज्य मंत्री ने रामकेश निषाद ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खादी उत्पादों तथा ग्रामोद्योग से जुड़े उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ सहायता प्रदान की जा रही है। बहुत सारी योजना उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग योजना के अंतर्गत 25 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाता है माटी कला की योजना में 70 विद्युत चलित चाक का वितरण पात्र लाभार्थियों को चयनित कर किया जाएगा। यह बड़ी पहल है कि मा0 मुख्यमंत्री जी ने ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को समृद्ध बनाने के लिए खादी ग्रामोद्योग एवं ग्रामोद्योग से जुड़ी योजनाओं को महात्मा गांधी जी के सपनों को साकार करने की दृष्टि से बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार द्वारा श्री अन्य को भी बढ़ावा एवं उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री जी के मार्ग निर्देशन में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह मंडल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2023 आयोजन दिनांक 28 अक्टूबर से 11 नवम्बर, 2023 जहीर क्लब बांदा में आयोजित हो रही है। इस प्रदर्शनी में आत्मनिर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत उत्कृष्ट स्वदेशी खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादों को बढाने के लिए खादी ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार के खादी उत्पादों को प्रदर्शित करने के साथ ही खादी वस्त्रों की बिक्री भी की जायेगी। इस खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में खादी के द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों एवं सूती, सिल्क ,सदरी रेडिमेड, दरी, चादर, तथा माटी कला उत्पाद एवं विभिन्न जनपद ललितपुर ,प्रतापगढ़, झांसी ,मऊ, जालौन आदि जनपदों के खादी ग्रामोद्योग से जुड़े उद्यमियों द्वारा खादी के उत्पाद का प्रदर्शन किया गया है, जिसमें साहस समिति के द्वारा मोटे अनाज के उत्पादों के द्वारा विभिन्न व्यंजनों का प्रदर्शन, माटी कला उद्योग, हरिओम रेडीमेड वस्त्र गोरखपुर, केन हस्तशिल्प उत्पादन समिति, अनन्या शजर हस्तशिल्प, देशराज खादी मऊरानीपुर के हस्तशिल्प एवं अन्य ग्राम उद्योग से जुड़े सीतापुर की दरी, प्रतापगढ़ के उत्पाद के साथ ग्रामोद्योग से जुड़े उत्पादों के स्टाल लगाए गए हैं।

# चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में गौरवशाली रजत जयंती का धूमधाम से हुआ आयोजन

**संवाददाता।** फतेहपुर




**चित्रांश** नगर स्थित चिल्ड्रेन पब्लिक सी.से. स्कूल द्वारा अपने स्थापना के 25 साल पूर्ण करने पर गर्व से स्कूल की गौरवशाली रजत जयंती का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण अपनी सुन्दर सजावट, लाइटों, झालरों की जगमगाहट और मनमोहक, भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से और अधिक यादगार बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि, एडीएम (एफआर) अविनाश त्रिपाठी, एडीजे मोहम्मद अहमद खान, एडीजे अनिल कुमार, एडीजे विनोद कुमार चौरसिया, एडीजे विनय कुमार तिवारी, एडीजे प्रमोद कुमार गंगवार, एडीजे अखिलेश कुमार पाण्डेय, एडीजे सुश्री नित्या पाण्डेय, सीजेएम राज बाबू, एएसपी विजय शंकर मिश्रा, एसडीएम प्रभाकर त्रिपाठी, सिविल जज महेंद्र सिंह पासवान, एसीजेएम सुश्री रूमा गुप्ता, एसीजेएम अनुपम कुशवाहा, एसीजेएम सुश्री भावना साहू, एसीजेएम सुश्री अंकिता, एसीजेएम सुश्री श्वेता, सी.ओ. नगर वीर सिंह, क्षेत्राधिकारी सुश्री प्रगति यादव, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा, प्रसिद्ध बांसुरी वादक पी.टी. चौतन्य जोशी के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि और अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन विद्यालय के प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर इंजी. प्राची श्रीवास्तव व प्रधानाचार्या डॉ. पद्मालया दास चौधुरी, बिंदकी सी.पी.एस. ब्रांच के प्रधानाचार्य नितिन तिवारी, बकेवर सी.पी.एस. ब्रांच की प्रधानाचार्या श्रीमती ललिता मिश्रा, सी.पी.एस. (यूपी बोर्ड) आशुतोष पाण्डेय द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया। तत्पश्चात अतिथि देवो भवः स्वागत गीत के उपरांत स्कूल गीत, स्नेहांजलि सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यालय के द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण पर अधारित नाटक, नमामि गंगे स्वच्छता अभियान पर अधारित लघु नाटिका, चंद्रयान 3 की सफलता पर अधारित कार्यक्रम ने जमकर तालियां बटोरीं। इसी क्रम में जंगल सफारी, महफ़िल-ए-कव्वाली, तू है शक्ति डांस, मिले सुर मेरा तुम्हारा, पूर्वी बनाम पश्चिमी नृत्य तक्षक (फ्यूजन), लयबद्ध योग, अद्भुत भारत के अतुलनीय रत्न जैसे एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से विद्यालय प्रांगण तालियों की गडगड़ाहट से गुंजायमान हो उठा।

इस अवसर पर केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि एक ओर बच्चों द्वारा अपनी वैज्ञानिक बुद्धि का भी प्रदर्शन कराने वाली विज्ञान प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक विज्ञान के प्रोजेक्ट, मॉडल और इसी के साथ साथ कलात्मक प्रतिभा कला और हस्त कला द्वारा निर्मित अद्भुत कला के विभिन्न बेजोड़ नमूने भी लोगों के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय पत्रिका का विमोचन भी किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों के शानदार प्रदर्शन के पीछे विद्यालय के प्रबन्धन तन्त्र और शिक्षकों के सहयोग और मेहनत की भूरि-भूरि सराहना व प्रशंसा की। इस खास मौके पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म आरंभ आ-सागा का प्रदर्शन किया गया, जिसमें स्कूल के उद्देश्य, इतिहास, प्राप्त उपलब्धियों और उत्कृष्टता की कहानी को सामाजिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया।

# मोटे अनाजों के उत्पादन से बदलेगी बुंदेलखंड के किसानों की तकदीर : सूर्य प्रताप शाही

**संवाददाता।** चित्रकूट



**उत्तर** प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को धर्मनगरी चित्रकूट पहुंचकर भारतरत्न राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख को नमन किया। इस दौरान उन्होंने मोटे अनाजों के उत्पादन पर जोर देते हुए कहा कि श्री अन्न की खेती से ही बुंदेलखंड की किसान की तकदीर बदलेगी।कहा कि मोटे अनाजों के खाने से व्यक्ति का मानसिक व शारीरिक विकास होता है।

शनिवार को सुबह सूबे के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही राजकीय वायुयान से देवांगना एयरपोर्ट पहुंचे। जहां पर बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि ने उनका स्वागत किया। इसके बाद कृषि मंत्री सियाराम कुटीर पहुंचे। जहां उन्होंने दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन की गरिमामयी उपस्थिति मे भारत रत्न से सम्मानित राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख की प्रतिमा पर पुष्पाजलि अर्पित करते हुए कहा की नाना जी का जीवन प्रेरणा का अक्षय श्रोत है। नाना जी ने विचार को जीवन मे जी कर दिखाया है। नाना जी भारत के आत्मनिर्भरता और सर्वागीण विकास के लिये ग्राम संस्कृति को विश्व में प्रतिष्ठित करना चाहता थे। पं दीनदयाल उपाध्याय के विचार दर्शन को नाना जी ने धरातल पर मूर्त रूप दिया है।वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा की भाजपा की डबल इजन सरकारे अपनी नीति एवं निर्णयो से नाना जी को सच्ची श्रद्धांजलि दे रहे है। कृषि कल्याण संस्कार युक्त शिक्षा,स्वास्थ्य,गरीब कल्याण की दिशा मे अभूतपूर्व कार्य नाना जी को सच्ची श्रद्धांजलि ही है।इसके अलावा बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा की नाना जी से प्रेरणा लेकर ही वह प्रतिपल ऊर्जा पा रहे है। हमारा सौभाग्य है की नाना जी ने अपना कार्यश्रेत्र चित्रकूट में बनाया। नाना जी के जन्मोत्सव में तीन दिन लगातार शरदोत्सव कार्यक्रम का आयोजन डीआरआई की ओर से होता है। कृषि मंत्री लगभग हर बार नाना जी के इस कार्यक्रम में सहभागी रहे है।इसके अलावा कृषि मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विभाग से संचालित योजनाओं का अंतिम पायदान पर रहने वाले पात्र व्यक्तियों को लाभ दिया जाए। जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला से कहा कि कम पानी पर अच्छा उत्पादन देने वाली प्रजातियों का बीज मंगवाकर किसानों को उपलब्ध कराएं। इसके लिए किसानों को जागरुक भी किया जाए। कहा कि मोटे अनाज पर जोर दिया जा रहा है। क्योंकि मोटे अनाज से मनुष्य का मानसिक व शारीरिक दोनों प्रकार का विकास होता है। सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर सेट प्रयोग करें।

मंत्री के दौरे के दौरान सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह,जिला महामंत्री आलोक पांडेय,वरिष्ठ नेता आशीष रघुवंशी जी,जिला पंचायत सदस्य राजाराम पाल आदि मौजूद रहे।

# हस्त निर्मित वस्तुओं को मिले बढ़ावा: बनर्जी

## हस्तशिल्प पर आधारित लघु प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ



**फतेहपुर।** शहर के सिविल लाइंस इलाके में स्थित एक मैरिज हॉल में सात दिवसीय हस्तशिल्प पर आधारित लघु प्रदर्शनी का शुभारंभ सहायक निदेशक (हस्तशिल्प) तान्या बनर्जी ने फीता काटकर किया । इस प्रदर्शनी में विभिन्न जनपदों के 25 कारीगरों ने अपने अपने हस्त निर्मित उत्पादों के स्टाल लगाए हैं। वोकल फॉर लोकल पर आधारित प्रदर्शनी को देखने और खरीदारी हेतु आम जनता की भीड़ कार्यक्रम स्थल पर उमड़ी रही है। इस अवसर पर विकास आयुक्त हस्तशिल्प, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, प्रयागराज की सहायक निदेशक श्रीमती तान्या बनर्जी प्रदर्शनी के बाबत महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रमुख रूप से हस्तशिल्प संवर्धन अधिकारी राम प्रकाश, अवर श्रेणी लिपिक अंशुल शुक्ला एवं अन्य उपस्थित हस्तशिल्प कारीगर आदि मौजूद रहें। बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खादी एवं हस्त निर्मित वस्तुओं को बढ़ावा देना है।

# डीएम और एसपी ने लिया जिला कारागार की व्यवस्था का जायजा

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने जिला कारागार में महिला बैरक में पाठशाला, सीसीटीवी कैमरा, हाई सिक्योरिटी ब्लॉक ए व बी का निरीक्षण किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि बच्चों को खेल के सामान, किताबें, पेंटिंग की बुक, पुस्तक, पुष्टाहार की व्यवस्था करायें।

शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रभारी डॉक्टर को डेंगू से बचाव बाबत मरीजों के बारे में जानकारी ली। निर्देश दिये कि जेल में बन्द कैदियों से खानपान की जानकारी लेते रहें। प्रभारी जिला कारागार को निर्देश दिये कि मेन्यू के हिसाब से खाना दिया जाए। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देश दिए कि हाई सिक्योरिटी बैरक की सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। लगातार सीसीटीवी कैमरे चलते रहे। उन्होंने प्रभारी जिला कारागार को निर्देश दिए कि कारागार में बन्द कैदियों का बीच-बीच में स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दवायें दें। बाहर से कैदी जिला कारागार में आये हैं, उन सभी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य किया जाए। निरीक्षण दौरान अधीक्षक जिला कारागार शशांक पांडेय, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष कंकोरिया, डिप्टी जेलर रजनीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# नवाचार के लिए बेसिक शिक्षा मंत्री ने कानपुर देहात के शिक्षकों को किया सम्मानित

**संवाददाता।** पुखरायां, कानपुर देहात



**बेसिक** शिक्षा विभाग एवं मिशन शिक्षण संवाद टीम अलीगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश भर के बेसिक शिक्षकों की दो दिवसीय निपुण कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें कानपुर देहात के नवाचारी शिक्षकों को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया।

श्री कल्याण सिंह हैबिटैट सेंटर अलीगढ़ में 26 व 27 अक्टूबर को संपन्न हुई कार्यशाला में जनपद कानपुर देहात से पांच नवाचारी शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। शिक्षकों ने अपने शैक्षिक अनुभव को प्रदेश भर से आए प्रतिभागियों के साथ साझा किए। प्रदेश भर से कुल 250 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कानपुर देहात के विकास खंड अमरौधा के प्राथमिक विद्यालय सरांय में कार्यरत कल्पना सचान सहायक अध्यापिका ने बच्चों को निपुण बनाने के नए व रोचक तरीके बताए, वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत अमरौधा के प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका मृदुला वर्मा ने खेल-खेल में बच्चों को निपुण बनाने के विषय में जानकारी दी। जबकि विकास खंड मैथा के चंद्रावल किशुनपुर में तैनात गरिमा सिंह चंदेल एवं सरवनखेड़ा के मॉडल प्राथमिक विद्यालय करसा की प्रधानाध्यापिका प्रीति शर्मा और मलासा के प्राथमिक विद्यालय सुखसौरा में कार्यरत आलोक श्रीवास्तव ने शैक्षिक नवाचारों को साझा किया गया। फल स्वरुप सभी शिक्षकों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलीगढ़ राकेश सिंह ने सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

शिक्षकों ने बताया कि अब वह कार्यशाला में सीखे गए अनुभवों को मिशन शिक्षण संवाद की जनपद टीम में जुड़े साथियों के साथ साझा करेंगे जिससे कई विद्यालयों को इन शैक्षिक नवाचारों का लाभ मिल सके। कार्यशाला में बेसिक शिक्षा मंत्री के सामने मिशन शिक्षण संवाद के संयोजक अवनींद्र जादौन ने टीम मिशन शिक्षण संवाद के विभिन्न पटलों के कार्यों का परिचय दिया और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश सिंह ने दो दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने अवगत कराया कि शिक्षकों के शैक्षणिक मंच मिशन शिक्षण संवाद से जुड़े प्रदेश के सभी जनपदों से 250 शिक्षक ने इस कार्यशाला में प्रतिभाग किया। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने अपने उद्बोधन में राज्यस्तरीय शैक्षिक समागम के आयोजन हेतु मिशन शिक्षण संवाद टीम की सराहना की।

# क्विक न्यूज

## ट्रैक्टर लेकर जा रहे युवक के साथ दबंगों ने की मारपीट

**जालौन (उरई)।** ट्रैक्टर लेकर जा रहे युवक के साथ कुछ लोगों ने गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जीपुरा निवासी ओमजी पुत्र अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि वह भट्ठा से अपने ट्रैक्टर में ईंटा लेकर सहाव मंदिर पर डालने जा रहे थे। रास्ते में सहाव मोड़ पर सहाव गांव के निवासी शिशुपाल व कमल, मोहर सिंह व कुलदीप मिल गए। उन्होंने जबरन उनके ट्रैक्टर को रूकवा लिया और रोककर गाली, गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो सभी ने मिलकर लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। रास्ते में आ रहे वाहन चालकों ने जब उसे बचाने का प्रयास किया तो वह सभी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी द डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

## सात गांवों के मत्स्य पट्टों की नीलामी में दो हुये

**कोंच (जालौन)।** 7 गांवों के तालाबों में मत्स्य पालन के पट्टों के लिए शुक्रवार को तहसील सभागार में खुली नीलामी हुई जिसमें सिर्फ2 गांव के तालाबों के ही पट्टे हो सके। तहसीलदार अभिवन तिवारी, मत्स्य विकास अधिकारी विजय कुमार, राजस्व निरीक्षक कृष्णाबाबू खरे, लेखपाल भेड़ आरती पटेल, लेखपाल चमारी चंदन शिवहरे, पीयूष वर्मा आदि की मौजूदगी में तहसील सभागार में तालाबों के पट्टों के लिए खुली बोली हुई। ग्राम भेड़ में 3 लोगों उत्तम रायकवार, कौशल किशोर, रवि कुमार ने आवेदन किए थे लेकिन अधिकतम बोली उत्तम के पक्ष में 33 हजार पर टूटी। ग्राम चमारी में केवल एक आवेदन आने के कारण मोतीलाल पुत्र कालीचरण का पट्टा 7 हजार 245 में हुआ। ग्राम पचीपुरा कलां, सिमिरिया, कटकरी बुजुर्ग, चमारी, हिंगुटा, भेंड़, बरबटा के तालाबों के पट्टे होने थे लेकिन किसानों के न आने के कारण पट्टों का आवंटन नहीं हो सका है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

कोंच (जालौन)। कोंच क्षेत्र के ग्राम रबा गांव की निवासी महिला की जिला झांसी के एरच ओवरब्रिज के समीप एक सड़क हादसे में दुःखद मौत हो जाने पर घर में मातम पसरा हुआ है। बेटी कोमल सहित बेटे गौरव का रो-रो कर बुरा हाल है। मामले के मुताबिक कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम रबा निवासी विश्वनाथ पटेल शनिवार को अपनी 42 वर्षीय पत्नि अरुण देवी को शरद पूर्णिमा पर गुरसराय में पिलाई जाने वाली श्वास की दवा पिलाने के लिए बाइक से ले जा रहा था। दोपहर करीब डेढ़ बजे झाँसी जिला के एरच ओवरब्रिज के समीप अचानक अनियंत्रित हुई बाइक से उछलकर अरुण देवी सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गयी। डायल 112 द्वारा घायलावस्था में उसे वहाँ के सीएचसी केंद्र ले जाया गया जहाँ चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## महर्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर श्री बालाजी मंदिर अकबरपुर में हुआ मानस पाठ का आयोजन

**कानपुर देहात।** शासन के निर्देशों के क्रम में महर्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर आज दिनांक 28 अक्टूबर 2023 को श्री बालाजी मंदिर अकबरपुर में जिला प्रशासन के नेतृत्व में सूचना विभाग कानपुर देहात द्वारा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लखनऊ से सूचीबद्ध सांस्कृतिक दल पूजा एंड पार्टी द्वारा मानस पाठ का आयोजन कराया गया। इस मौके पर मंदिर के बड़े पुजारी प्रदीप पांडेय तथा महंत पंडित राजेंद्र शर्मा के साथ स्थानीय जन आदि उपस्थित रहे ।

## डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गयाए निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वीवीपैट रखरखाव का अवलोकन किया गया तथा वीवीपैट आदि की सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था 24 घंटे रहे तथा किसी प्रकार की लापरवाही ना होने पाए एवं सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे तथा साफसफाई की व्यवस्था दुरस्त रहे। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ताए नोडल अधिकारी ईवीएम वीवीपैट तथा निर्वाचन कार्यालय के स्टाफउपस्थित रहे।

## बाल्मीकि जयंती पर निकली शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**कोंच (जालौन)।** महर्षि बाल्मीकि की जयंती पर शनिवार को नगर में शोभायात्रा निकाली गयी। नगरवासियों द्वारा अनेकों स्थानों पर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। भगत सिंह नगर स्थित बाल्मीकि मंदिर में सर्वप्रथम महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की गयी जिसके बाद सुसज्जित रथ पर उनका चित्र प्रतिष्ठापित कर शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा तहसील, तकिया से घूमकर पुरानी स्टेट बैंक, भुजरया चौराहा, सेठ व्रन्दावन, नईबस्ती, नगर पालिका, मारकंडेश्वर तिराहा का भृमण कर मुख्य रास्ते से होकर गांधीनगर स्थित बाल्मीकि मंदिर पहुंची जहां प्रसाद वितरण के बाद शोभायात्रा पुनः भगत सिंह नगर स्थित बाल्मीकि मंदिर पहुंची। यहां हवन आदि कार्यक्रम संपन्न किए गए। शोभायात्रा में अलग अलग रथों पर देवी देवताओं के चित्र सजाये गये थे। बाल्मीकि समाज के दर्जनों युवकों सहित महिलाएं व युवतियां जयकारों का उदघोष कर बैंड बाजों पर बज रहे समाज प्रेरक गीतों पर नाचतीं हुईं साथ चल रहीं थीं। रास्ते में कई स्थानों पर शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गयी। लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें नमन किया और समाज के लोगों से गले लगकर शुभकामनाएं दी। नगर पालिका कार्यालय के सामने पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता द्वारा भंडारा प्रसाद वितरित कराया गया। शोभायात्रा में भारतीय बाल्मीकि कल्याण महासभा के मंडल उपाध्यक्ष दीपू पेंटर, नरेंद्र आगवान, खन्ना बाल्मीकि, नारायण सिंह, जीवनलाल बाबू, कालिया, रानू, राजेश, धर्मेन्द्र, सतीश, अशोक, सुनील,आनंद, शिवा, प्रशांत, वीरू, भइयन, राजू, दीक्षा, मोनिका, शिवाली, तनु आदि शामिल रहीं।

# पेज एक का शेष

## गाजा पर...

की आलोचना की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इंसानियत को बचाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि भारत मज़लूमों को उनके हाल पर छोड़ देगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मानवता के मूल सिद्धांतों के साथ रहकर दुनिया में हमारी विशेष पहचान की रक्षा करने और गाज़ा में तड़पते बच्चों और डूबती इंसानियत को बचाने में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह करता हूं। इजराइल-हमास संघर्ष संबंधी प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहे भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि आतंकवाद हानिकारक है और उसकी कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं है तथा दुनिया को आतंकवादी कृत्यों को जायज ठहराने वालों की बातों को तवज्जो नहीं देनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थाई प्रतिनिधि योजना पटेल ने मतदान पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि ऐसी दुनिया में जहां मतभेदों और विवादों को बातचीत से हल किया जाना चाहिए, इस प्रतिष्ठित संस्था को हिंसा का सहारा लेने की घटनाओं पर गहराई से चिंतित होना चाहिए।

## गाजा में...

मंच एक्स पर पोस्ट किया कि फोन और इंटरनेट सेवा के बिना अस्पताल और सहायता अभियान संचालित नहीं हो सकेंगे। वहीं, रेड क्रिसेंट ने कहा कि वह चिकित्सा दलों से संपर्क नहीं कर पा रहा है और निवासी एम्बुलेंस सेवा को फोन नहीं कर पा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों ने कहा कि वे सेटेलाइट फोन के इस्तेमाल से केवल कुछ कर्मचारियों से ही संपर्क कर सके हैं। हमास के मीडिया केंद्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इजराइली बलों के साथ रातभर तेज संघर्ष जारी रहा, जिसमें सीमा पर तारबंदी के पास के कई स्थानों पर टैंक से हमले शामिल हैं। इज़रायली सेना ने शनिवार तड़के दोहराया कि वह अभियान के आगामी चरणों की जमीन तैयार करने के उद्देश्य से लक्षित हमले कर रही है और हमलों का विस्तार कर रही है। इजराइल ने संभावित जमीनी हमले से पहले सीमा पर हजारों सैनिकों को इकट्ठा कर लिया है। इससे पहले, शुक्रवार को सेना ने कहा था कि जमीनी बलों ने गाजा के अंदर दूसरी बार घुसपैठ की और पिछले 24 घंटों में दर्जनों आतंकवादी ठिकानों पर हमले किए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि हमास-शासित गाजा में इजराइली हमलों में 7,300 फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें 60 प्रतिशत से अधिक नाबालिग एवं महिलाएं हैं। हमास ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में अप्रत्याशित हमला किया था, जिसके जवाब में इजराइल ने कई विनाशकारी हवाई हमले किए हैं।

## दो नवंबर...

और मामले की निष्पक्ष सुनवाई होनी चाहिए। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया, लेकिन यह बात स्वीकार की कि हीरानंदानी उनके दोस्त रहे हैं और उन्होंने अपनी ओर से सवाल टाइप कराने के लिए उनके साथ अपने संसदीय पोर्टल का लॉगिन विवरण साझा किया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सिर्फ उन्होंने मदद लेने के लिए किया था और इसमें कोई गड़बड़ नहीं थी। दुबे ने कहा है कि किसी के साथ लॉगिन विवरण साझा करना पोर्टल का प्रबंधन करने वाली सरकारी संस्था (एनआईसी) के साथ समझौते का उल्लंघन है और यह सुरक्षा के लिए खतरा है।

## पंजाब में...

से सहायता प्रदान कर रहा था। पुलिस महानिरीक्षक गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आरोपियों के पास से बरामद किए गए हथियारों की पाकिस्तान से ड्रोनों की मदद से तस्करी हुई थी। भुल्लर ने बताया कि आरोपियों की एक व्यक्ति की लक्षित हत्या करने की योजना थी जिससे राज्य में शांति भंग हो जाए। आरोपियों की पहचान शकील अहमद, लवप्रीत सिंह, शरूप सिंह और निरवैर सिंह के रूप में हुई है। सभी गुरदासपुर के निवासी हैं। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, शस्त्र अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## साइबर जगत...

है कि हमारे समुदायों और दुनिया भर में ऑनलाइन बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए और अधिक करने की जरूरत है और अधिक तत्परता से काम करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र के आह्वान के अनुरूप एनएचआरसी ने यह भी कहा है कि आईटी अधिनियम में अस्पष्टता से बचने और सीएसएएम से संबंधित प्रावधानों के अनुपालन को सुदृढ़ करने के लिए वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) सेवा प्रदाताओं, वर्चुअल प्राइवेट सर्वर (वीपीएस) और क्लाउड सेवा प्रदाताओं को शामिल किया जाना चाहिए। इसने यह भी सिफारिश की कि आईटी अधिनियम और पोक्सो अधिनियम के तहत दोषी ठहराए गए सीएसएएम अपराधियों को शामिल करने के लिए यौन अपराधियों पर राष्ट्रीय डेटाबेस का विस्तार किया जाए। सिफारिश में कहा गया है कि ऑनलाइन सीएसएएम के प्रसार की गति को ध्यान में रखते हुए अधिकृत एजेंसियों से जानकारी प्राप्त करने के बाद बिचौलियों द्वारा सामग्री को हटाने में लगने वाला समय छह घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए, जबकि मध्यस्थ दिशानिर्देश 2021 के नियमों के तहत 36 घंटे है। इसमें सीएसएएम से संबंधित मामलों से निपटने के लिए प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में कम से कम एक विशेष राज्य पुलिस इकाई और केंद्र सरकार के तहत एक विशेष केंद्रीय पुलिस इकाई स्थापित करने का सुझाव दिया गया है। यह संकेत देते हुए कि मामले में कार्रवाई में देरी के लिए फंड एक बहाना नहीं होना चाहिए। एनएचआरसी ने केंद्र से आह्वान किया कि वह इन इकाइयों की स्थापना और उन्हें सुसज्जित करने में सहायता करेगा। उदाहरण के लिए राज्य पुलिस बलों के आधुनिकीकरण (एमपीएफ) योजना के तहत अनुदान के माध्यम से पुलिस प्रौद्योगिकी मिशन और निर्भया फंड इसमें जोड़ा गया। चार भागों वाली एक विस्तृत सलाह में शीर्ष मानवाधिकार निकाय का कहना है कि 'अश्लील प्रदर्शनों और सामग्रियों में बच्चों का उपयोग', 'बाल यौन शोषण सामग्री' और 'बाल यौन शोषण सामग्री' जैसे शब्दों को 'बाल अश्लीलता' से अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए। पैनल ने सलाह में कहा है कि ऑनलाइन सीएसएएम की शीघ्र पहचान और निष्कासन सुनिश्चित करने के लिए आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 67बी के तहत 'यौन रूप से स्पष्ट' शब्द को परिभाषित करने की आवश्यकता है। इसमें कहा गया है कि अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, आईटी अधिनियम की धारा 14 और आईटी अधिनियम की धारा 67(सात वर्ष या उससे कम) के तहत ऑनलाइन सीएसएएम से संबंधित अपराधों के लिए सजा की वर्तमान मात्रा पर फिर से विचार किया जा सकता है या सीआरपीसी की धारा 41 के आवेदन से छूट दी जा सकती है। एडवाइजरी में इस बात पर जोर दिया गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ओवर-द-टॉप (ओटीटी) एप्लिकेशन और क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर्स सहित बिचौलियों को अपने प्लेटफॉर्म पर सीएसएएम का सक्रिय रूप से पता लगाने और उसे हटाने के लिए कंटेंट मॉडरेशन एल्गोरिदम सहित प्रौद्योगिकी को तैनात करना होगा। इसी तरह, एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन सेवाओं का उपयोग करने वाले प्लेटफार्मों को सीएसएएम के प्रसार की निगरानी के लिए अतिरिक्त प्रोटोकॉल/प्रौद्योगिकी तैयार करने के लिए अनिवार्य किया जा सकता है।

# बांग्लादेश में राजनीतिक तनाव बढ़ा : एक पुलिसकर्मी की मौत, 200 से अधिक घायल

भाषा। ढाका



**बांग्लादेश में** शनिवार को मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और सत्तारूढ़ अवामी लीग की रैलियों के दौरान हिंसा भड़क जाने से एक पुलिसकर्मी की जान चली गई तथा सुरक्षाकर्मियों समेत 200 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए। देश में जनवरी को होने वाले चुनाव से पहले तनाव बढ़ गया है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की अगुवाई वाली बीएनपी ने प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर यहां एक विशाल रैली निकाली। उसका कहना है कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रधानमंत्री का इस्तीफा और गैर दलीय अंतरिम सरकार का गठन जरूरी है। ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस के प्रवक्ता फारूक हुसैन ने बताया कि यहां बीएनपी कार्यकर्ताओं ने किसी धारदार वस्तु से वार कर एक पुलिस कांस्टेबल को मार डाला जबकि झड़प में 41 अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि 39 पुलिसकर्मियों का राजरबाग सेंट्रल पुलिस हॉस्पीटल (सीपीएच) में इलाज चल रहा है। सरकारी ढाका चिकित्सा महाविद्यालय (डीएमसीएच) में पुलिस चौकी के निरीक्षक बच्चू मियां ने कहा, जब उक्त पुलिसकर्मी को यहां लाया गया, तब डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आवामी लीग और बीएनपी ने आसपास के क्षेत्रों में रैलियां निकाली थी। जब ढाका के पूरे मुख्य क्षेत्र में हिंसा फैल गई जब अर्धसैनिक बोर्डर गार्ड बांग्लादेश को भी बुला लिया गया। प्रदर्शनकारियों ने सीपीएच के अंदर एंबुलेंस और वाहनों एवं एक पुलिसचौकी में आग लगा दी तथा कई सरकारी भवनों पर हमले की कोशिश की गई। काकरेल और उसके आसपास के क्षेत्रों में बड़ी हिंसा नजर आई। पुलिस ने बीएनपी की विशाल रैली को खत्म करने के लिए रबड़ की गोलियां , आंसूगैस के गोल और साउंड ग्रेनेड दागे। ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस की आसूचना शाखा के प्रमुख हरूनूर राशिद ने संवाददाताओं से कहा, बीएनपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरकारी प्रतिष्ठानों एवं संपत्तियों पर हमला किया, उनके विरूद्ध कानूनी कार्वाई की जाएगी। प्रधानमंत्री हसीना की सत्तारूढ़ आवामी लीग पार्टी ने भी अपने हजारों समर्थकों को एकजुट करते हुए बैतूल मोकर्राम नेशन मस्जिद के दक्षिण द्वार पर शांति रैली निकाली। लगभग उसी समय बीएनएपी कार्यकर्ता पार्टी के नया पलटन केंद्रीय कार्यालय के आसपास प्रदर्शन कर रहे थे। ए दोनों ही स्थान ढाका के मुख्य क्षेत्र में हैं। पुराना पलटन क्षेत्र में दंगारोधी पुलिस ने इन दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प को रोकने के लिए बफर जोन बना दिया था। इन कार्यकर्ताओं के हाथों में डंडे और पत्थर थे। डीएमसीएच के डॉक्टरों ने बताया कि अबतक करीब 200 लोगों को अस्पताल में लाया गया है और उनमें से कई के सिर में गंभीर चोटें लगी हैं। काकरेल क्षेत्र में हिंसा तब भड़की जब बीएनपी कार्यकर्ताओं ने प्रतिद्वंद्वी दल के सदस्यों को ले जा रही एक बस पर कथित रूप से हमला किया।

## बाइडन एपेक लीडरशिप समिट में शामिल होने के लिए सैन फ्रांसिस्को जाएंगे



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन टिकाऊ समावेशी क्षेत्रीय विकास के अगले चरण की रूपरेखा तैयार करने के लिए एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) समूह की अर्थव्यवस्थाओं के साथ साझेदारी करने की अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराएंगे। बाइडन एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन में सदस्य अर्थव्यवस्थाओं के 21 प्रतिनिधियों की मेजबानी करने के लिए सैन फ्रांसिस्को की यात्रा करेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन 14 नवंबर को सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी एपेक लीडरशिप समिट में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। लेकिन मोदी की यात्रा के बारे में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जीन पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती और लचीलेपन को रेखांकित करेंगे। उन्होंने कहा कि बाइडन एशिया-प्रशांत के साथ हमारे दीर्घकालिक आर्थिक संबंध, हाल के वर्षों में एपेक अर्थव्यवस्थाओं से अमेरिका में रोजगार सृजन निवेश में वृद्धि, एशिया-प्रशांत और वैश्विक स्तर पर विकास तथा नवाचार को बढ़ावा देने में अमेरिकी अर्थव्यवस्था की भूमिका पर प्रकाश डालेंगे। अमेरिकी के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति बाइडन और उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग अगले महीने सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के मौके पर मिलने पर सहमत हुए हैं। एपेक 21 एशिया-प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं का एक समूह है। इसमें ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई दारुस्सलाम, कनाडा, चिली, ताइवान, हांगकांग, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, मेक्सिको, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, चीन, पेरू, दक्षिण कोरिया, फिलिपीन, रूस, सिंगापुर, थाईलैंड, अमेरिका और वियतनाम शामिल हैं।

## क्विक न्यूज

### चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन से मुलाकात की

**वाशिंगटन।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब दोनों देश यूक्रेन और इजराइल में संघर्ष के समय तेजी से तनावपूर्ण संबंधो को स्थिर करने की संभावना तलाश रहे है। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका और चीन दोनो को वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। बीजिंग ने अभी तक इसकी पुष्टि नही की है कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग अगले महीने वार्षिक एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के लिए सैन फ्रांसिस्को की यात्रा करेंगे या नही। चीनी विदेश मंत्री वांग ई अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर है, जहां वह शीर्ष अमेरिकी अधिकारियो के साथ बैठकें कर रहे है।

### सिंगापुर में छात्रा से दुष्कर्म के जुर्म में भारतीय नागरिक को 16 साल की जेल, 12 कोड़े मारने की सजा

**सिंगापुर।** सिंगापुर की एक अदालत ने 26 वर्षीय भारतीय नागरिक को 2019 मे एक छात्रा से दुष्कर्म के जुर्म मे 16 साल की जेल और 12 कोड़े मारने की सजा सुनाई है। अदालत ने अपहरण और चोरी के आरोपों को भी ध्यान मे रखकर सजा सुनाई। टुडे अखबार की खबर के मुताबिक, सफाईकर्मी चिन्नैया ने विश्वविद्यालय की एक छात्रा का तब पीछा किया था, जब वह देर रात को एक बस अड्डे की ओर जा रही थी और फिर उस पर वार कर उसे एक जंगल की ओर घसीटकर ले गया था तथा उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता के चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर इतनी बुरी तरह से चोटें आई थी कि तब उसका प्रेमी भी अस्पताल मे उसे पहचान नही पाया था। यह घटना चार मई 2019 को हुई थी। अदालत को इस मामले की सुनवाई मे चार साल का वक्त लगा, क्योंकि मनोरोगी चिन्नैया का इलाज किया जा रहा था। उप लोक अभियोजक (डीपीपी) कायल पिल्लै ने बताया कि दुष्कर्म करने के बाद चिन्नैया पीड़िता का सामान भी अपने साथ ले गया था। पीड़िता को किसी तरह अपना मोबाइल फोन मिल गया था, जिसके बाद उसने अपने प्रेमी को फोन किया और पुलिस को इसकी सूचना देने को कहा। पुलिस ने छात्रा को अस्पताल मे भर्ती कराया। चिन्नैया को पांच मई 2019 को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### ब्रिटेन : भारतीय मूल का पूर्व पुलिस कर्मी दुर्व्यवहार के मामले में दोषी करार दिया गया

**लंदन।** लंदन महानगर पुलिस स्कॉटलैंड यार्ड मे पूर्व मे सार्जेंट के पद पर कार्यरत रहे भारतीय मूल के व्यक्ति को अनुचित व्यवहार करने और पेशेवर मानको का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। उसके खिलाफ सुनवाई कर रहे अधिकारी ने कहा कि अगर वह इस समय सेवा मे होता तो उसे बिना पूर्व चेतावनी बर्खास्त कर दिया जाता। महानगर पुलिस मे पूर्व सार्जेंट अनिश शर्मा लंदन के पश्चिमी क्षेत्र कमान मे कार्यरत था और उसपर, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा, समानता व विविधता के पेशेवर मानको का उल्लंघन करने और अपने व्यवहार मे शिष्टता नही रखने का आरोप था। शर्मा के खिलाफ शुक्रवार को सुनवाई पूरी हुई और पाया गया कि उसने उल्लेख किए गए इन सभी मानको का उल्लंघन किया। पश्चिम क्षेत्र कमान के पुलिसिंग प्रभारी मुख्य अधीक्षक सीन विल्सन ने कहा, शर्मा की हरकते भयावह और कायरतापूर्ण, दोनो थी।

### पाकिस्तान में बम धमाके में दो सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** अफ्गानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर इलाके में सड़क किनारे हुए एक बम विस्फोट मे दो सैनिको की जान चली गई जबकि रात भर चले सैन्य अभियान के दौरान हुई गोलीबारी मे एक आतंकवादी भी मारा गया। सेना ने शनिवार को एक बयान मे बताया कि खैबर जिले की तिराह घाटी मे शुक्रवार देर रात खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया गया। अभियान मे एक आतंकवादी मारा गया जबकि अन्य दो घायल हो गए जिन्हे गिरफ्तार कर लिया गया। सेना ने बताया कि जब सुरक्षा दल गश्त लगाने के दौरान रात मे दक्षिण वजीरिस्तान से गुजर रहा था तो सड़क किनारे बम विस्फोट से उसके दो सैनिक मारे गए। वही, इस हमले से संबंधित आतंकवादियो को मार गिराने के लिए सुरक्षा बल इलाके मे तलाशी अभियान चला रहे थे।

### अमेरिका : विवि परिसर में गोलीबारी, दो लोग घायल

**वॉर्सेस्टर।** अमेरिका के मैसाच्यूसेट्स स्थित वॉर्सेस्टर राज्य विश्वविद्यालय के परिसर मे पार्किंग के पास हुए विवाद मे शनिवार को गोलीबारी हुई, जिससे दो लोग घायल हुए है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना के कारण विश्वविद्यालय परिसर को लगभग सात घंटे तक बंद रखा गया। वॉर्सेस्टर काउंटी जिला एटॉर्नी के प्रवक्ता जोसेफ अर्ली ने कहा कि अस्पताल मे भर्ती कराए गए पीड़ित और हमलावर मे से कोई भी विश्वविद्यालय का छात्र नही है। उन्होने आम लोगो से घटनास्थल की तरफ नही जाने का भी आग्रह किया। मैसाच्यूसेट्स के पुलिस अधिकारियो ने कहा कि गोलीबारी की यह घटना शनिवार तड़के करीब तीन बजे हुई। उन्होने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि घटना आपसी विवाद का नतीजा है और यह अंधाधुध गोलीबारी का मामला नही है।

### आईएसआईएस, अल-कायदा के 10 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब पुलिस की आतंकवाद-रोधी शाखा ने शनिवार को आईएसआईएस और अल-कायदा सहित विभिन्न प्रतिबंधित संगठनो के 10 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर प्रांत मे एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया है। आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) ने एक बयान मे कहा कि पंजाब मे इस सप्ताह उसने खुफिया सूचना के आधार पर 117 अभियानो का संचालन किया, जिनमें 117 लोगो से पूछताछ की गई और 10 आतंकवादियो को हथियारो, विस्फोटको और अन्य प्रतिबंधित सामग्रियो के साथ गिरफ्तार किया। सीटीडी ने दावा किया कि आतंकवादियों ने 12 करोड़ से अधिक आबादी वाले पंजाब प्रांत मे उपद्रवी गतिविधियो को अंजाम देने की योजना बनाई थी और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाना चाहते थे।

### सिंगापुर: भारतीय मूल का व्यक्ति हमवतन को घायल करने के अपराध में दोषी

**सिंगापुर।** सिंगापुर मे भारतीय मूल के एक व्यक्ति को जान-बूझकर एक हमवतन को चोट पहुंचाने के लिए दोषी ठहराया गया है। पीड़ित की गर्दन और सिर पर चोटो के कारण पांच दिन बाद अस्पताल मे मौत हो गई थी। शक्तिवेल शिवसूरियन (33) ने जमानत पर बाहर रहने के दौरान एक सरकारी अधिकारी को गलत जानकारी देने का आरोप भी स्वीकार किया है।समाचार पत्र द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, शक्तिवेल को नवंबर मे सजा सुनाई जाएगी। टैक्सी से उतरने के बाद शक्तिवेल और मंजुनाथ लुईस रवि के बीच बहस हो गई थी। इसके बाद शक्तिवेल ने मंजूनाथ को घूंसा मारा, जिससे वह गिर गया।अदालत मे सामने आया कि मंजूनाथ को गिरने से लगी प्रारंभिक चोट घातक नही थी।

# गाजा में अपने जमीनी अभियान का विस्तार कर रहा इजराइल : सैन्य प्रवक्ता



**यरूशलम।** इजराइल हवा और समुद्र से बड़े पैमाने पर हमले करने के साथ पैदल सेना और बख्तरबंद वाहनों की मदद से गाजा में अपने जमीनी अभियान का विस्तार कर रहा है। इजराइली सेना के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। रियर एडमिरल डेनियल हैगारी ने शनिवार को कहा कि सेनाएं अब भी जमीन पर हैं और युद्ध जारी है। इससे पहले, इजराइली सैनिक कुछ देर के लिए रात में जमीनी मार्ग से गाजा में गए थे और फिर लौट आए थे। इजराइली सेना ने शनिवार को एक वीडियो जारी किया था, जिसमें गाजा के खुले रेतीले इलाकों में बख्तरबंद वाहनों के काफिले धीरे-धीरे चलते नजर आ रहे थे। सेना ने कहा कि युद्धक विमानों ने दर्जनों हमास सुरंगों और भूमिगत बंकर को निशाना बनाया। इससे पहले, इजराइल ने गाजा पट्टी में इंटरनेट और संचार के अन्य माध्यम बंद कर दिए हैं, जिससे वहां रहने वाले 23 लाख लोगों का आपस में तथा बाहरी दुनिया से संपर्क कट गया है। इजराइल ने शुक्रवार रात से गाजा पर हवाई और जमीनी हमले भी तेज कर दिए हैं। इजराइल की सेना ने शुक्रवार को कहा था कि वह क्षेत्र में जमीनी अभियान व्यापक कर रही है। सेना की यह घोषणा इस बात का संकेत देती है कि वह गाजा पर संपूर्ण आक्रमण के नजदीक पहुंच रही है। उसने गाजा में हमास उग्रवादियों का पूरी तरह से सफाया करने का प्रण लिया है। इजराइल के हवाई हमलों के कारण हुए विस्फोट से गाजा सिटी के आसमान में लगातार चमक दिखाई देती रही। फलस्तीन के टेलीकॉम प्रदाता पालटेल ने कहा कि बमबारी के कारण इंटरनेट, सेल्युलर और लैंडलाइन सेवाएं पूर्ण रूप से बाधित हो गईं हैं। संचार ठप होने का मतलब यह है कि हमले में लोगों के मारे जाने और जमीनी कार्वाई के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाएगी। हालांकि, क्षेत्र में कुछ सेटेलाइट फोन काम कर रहे हैं। गाजा एक सप्ताह से बिजली नहीं होने से अंधेरे में डूबा हुआ है। फलस्तीन के लोग भोजन और पेयजल की समस्या से भी जूझ रहे हैं। गाजा के लोग उस वक्त दशहत में आ गए, जब मैसेजिंग ऐप अचानक बंद होने के कारण परिवारों के साथ उनका संपर्क कट गया और कॉल आने बंद हो गए। वेस्ट बैंक के रामल्ला शहर में महिलाओं की एक संस्था की निदेशक वफ़ा अब्दुल रहमान ने कहा, मैं बहुत डर गई। मेरी कई घंटों से मेरे परिवार से कोई बातचीत नहीं हुई है। कब्जे वाले क्षेत्रों के लिए संयुक्त राष्ट्र के मानवीय समन्वयक लिन हेस्टिंग्स ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि फोन और इंटरनेट सेवा के बिना अस्पताल और सहायता अभियान संचालित नहीं हो सकेंगे। वहीं, रेड क्रिसेंट ने कहा कि वह चिकित्सा दलों से संपर्क नहीं कर पा रहा है और निवासी एम्बुलेंस सेवा को फोन नहीं कर पा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों ने कहा कि वे सेटेलाइट फोन के इस्तेमाल से केवल कुछ कर्मचारियों से ही संपर्क कर सके हैं। हमास के मीडिया केंद्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इजराइली बलों के साथ रातभर तेज संघर्ष जारी रहा।

### इजराइल-हमास संघर्ष के बीच ब्रिटेन में यहूदी विरोधी, इस्लाम विरोधी घृणा अपराध के मामले बढ़े

**लंदन।** इजराइल और हमास के बीच इस महीने की शुरुआत से संघर्ष तेज होने के बाद से लंदन मे यहूदी विरोधी एवं इस्लाम विरोधी घृणा अपराध के मामले लगातार बढ़ रहे है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस शनिवार को लंदन की सड़को पर होने वाले एक और प्रदर्शन से निपटने की तैयारी कर रही है। मेट्रोपोलिटन पुलिस ने बताया कि इस महीने ब्रिटेन में यहूदी विरोधी अपराध के 408 मामले दर्ज किए गए, जबकि पिछले साल की समान अवधि मे यह संख्या 28 थी और इस महीने इस्लाम विरोधी घृणा अपराध के अब तक 174 मामले दर्ज किए गए है, जबकि अक्टूबर 2022 में यह संख्या 65 थी। पुलिस बल ने इजराइल-गाजा संघर्ष से जुड़े मामलों में 75 लोगों को गिरफ्तार किया है और इसके अधिकारी आतंकवाद से निपटने संबंधी कानूनो के कथित उल्लंघन के 10 मामलो की जांच कर रहे है। मेट्रोपोलिटन पुलिस कमांडर काइले गॉर्डन ने इस सप्ताह के अंत में लंदन मे प्रस्तावित विरोध प्रदर्शनो और मार्च का जिक्र करते हुए कहा, हम कानून के दायरे मे रहकर पुलिस कार्वाई करेंगे। गार्डन ने आम लोगो से अपील की कि यदि वे कोई अपराध होते देखें, तो अपने निकटवर्ती पुलिस अधिकारी को तत्काल इसकी सूचना दें। इससे पहले हुए प्रदर्शनो मे जिहाद के नारे लगाए गए थे, जिन्हें देश के मंत्रियो ने अस्वीकार्य बताया था। पुलिस ने संकेत दिया था कि इस नारेबंदी के संबंध मे की गई हर गिरफ्तारी की मामला-दर-मामला आधार पर समीक्षा की जाएगी।

### मिजोरम के लोग भाजपा को वोट देंगे : केंद्रीय मंत्री राजकुमार रंजन सिंह

**हो ची मिन्ह सिटी (वियतनाम)।** केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजकुमार रंजन सिंह ने विश्वास जताया है कि मिजोरम के लोग सात नवंबर के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को वोट देंगे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और महिला उम्मीदवार मिजोरम विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री ने शुक्रवार रात यहां नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के उद्घाटन से इतर कहा कि पूर्वोत्तर समाज के सभी क्षेत्रों में महिलाओं का वर्चस्व है, और हाल में महिला आरक्षण विधेयक पारित किए जाने से उनकी स्थिति और मजबूत होगी। उन्होंने कहा, हम यह भी उम्मीद करते हैं कि जिन सीट पर हम चुनाव लड़ रहे हैं, मिजोरम के जागरूक मतदाता हमारे (भाजपा) के लिए मतदान करेंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीरा देवी ने ग्राम कुलेसरा, तहसील और जिला गौतमबुद्धनगर (यूपी) में स्थित प्लॉट, एरिया परिमाप 66 वर्ग गज यानी 55.18 वर्ग मीटर, खेत नंबर 524 में से, बिक्री विलेख दिनांक 14.09.2020 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीरा देवी पत्नी श्री सतदेव तिवारी सत्या माइक्रो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से ऋण ले रही हैं। श्रीमती मीरा देवी पत्नी श्री सतदेव तिवारी ने बिक्री विलेख दिनांक 29.06.2007 पुस्तक सं. 01 खंड सं. 2183 पृष्ठ 339/404 क्रमांक सं. 7713, को खो दिया है जिसकी सूचना श्री बीरु कुमार तिवारी ने 27.10.2023 को दिल्ली पुलिस को दी है एलआर नंबर 1074135/2023 है और यदि किसी व्यक्ति को यह दस्तावेज़ मिले या उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें। श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ18, लोटस पौन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद 201014
ईमेलsgassociatespl@gmail.com,फोन7011172764, 8130200837

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL6SZ8464, | HR51T4347, | KM619502, |
| DL7SBA5874, | DL7SBB2546, | DL2CAD9508, |
| DL3SAA3510, | DL3SBA8786, | DL9CE0293, |
| DL3SR7556, | DL3SBC2519, | DL9CD6787, |
| DL3SBA5459, | DL6SV3863, | HR26CA4472, |
| DL3SBF0659, | DL6SAA4101, | DL8CQ1782, |
| DL4SAA6363, | DL3CAL7557, | DL9CF2637, |
| DL1K0798, | DL9CD9748, | DL3CAL6684, |
| DL5CA3975, | HR51AC8411, | DL3CAW5271, |
| DL3CAQ9078, | DL3CAP4781, | DL6CM3429, |
| DL9CR8435, | DL3CBJ0139, | DL4CS4222, |
| DL2CAB1344, | BN1696, | HR26AJ7304, |
| DL7CH5012, | DL9CT5101, | HR26AR3333, |
| DL5CE2991, | DL1CM7494, | DL9CQ3631, |
| DL3CAU0441, | DL3SB9562, | DL9CR5448, |
| HR38J0975, | DL7SL2946, | DL3CAZ2913, |
| DL8CR1591, | DL3SL2376, | UP07J0152, |
| DL12CG0481, | DL3SBB4863, | DL9SN9828, |
| DL9CN9280, | DL3SAP2946, | DL7SAJ4344, |
| DL3CAX2756, | DL9SS5043, | DL3SAZ8799, |
| HR26AT4293, | OR14F0165, | DL5SN6176, |
| DL9CM4693, | DL3SAK5640, | DL3SBA3512, |
| UA07A2070, | DL3SBC1185, | DL1LJ8993, |
| DL9SS5362, | DL3SAJ6042, | DL9CL3550, |
| UP15Y6849, | DL5SZ3256, | DL3CAJ4172, |
| DL3SZ4174, | DL9SK7840, | DL9CM5789, |
| HR51C6907, | PB11AE4726, | DL4CAG4276, |
| DL3SBB3118, | DL3SBF5651, | DL3CAE3372, |
| DL3SAM6736, | DL3SBB3489, | DL14C0109, |
| DL3SAS8420, | HR26BQ0649, | HR51H0239, |
| DL3SAV9907, | DL2CAH9220, | DL9CAB1900, |
| DL3SAJ0730, | DL3CS2011, | DL3CAQ7970, |
| DL3SAX9934, | DL1CAB9451, | DL2CAH9428, |
| DL3SAR6735, | RJ05RA2521, | DL3CBC1291, |
| DL9CN9791, | DL8CZ3439, | DL9CAD1011, |
| MAT608527- | HR140472, | DL9CM2288, |
| ELC06840, | HRU2109, | DL4CAH5017, |
| DL3CAW3321, | DL6CJ5236, | DL3CBW2251, |
| DL9CL4096, | DL3CBF3194, | UP16N8756, |
| DL9CR8815, | DL1LJ3341, | DL3CAB9747, |
| DL7CH4716, | DL9CT5773, | |
| DL3CAW8641, | MALC181RL- | |

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that Mr. Nikhil Hare Ram is purchasing the Second Floor (Back Side), Without Roof/ Terrace Rights, area measuring 50 sq. yrds, built up property bearing No. 28, area measuring 100 sq. yrds., Out of Khasra No. 490/106, Sitauted at Village Gharonda Neem Ka Bangar Alias Patparganj, Illaqa Shahdara, Delhi-110091. purchased from Mr. Kawaljeet Singh S/o Late Mr. Gopal Singh and Mr. Agya Pal Singh S/o Late Mr. Gopal Singh Who is recorded owner vide Sale Deed dated 22.07.1992 Document No. 1689 SRO-Delhi, & Relinquishment Deed dated 08.10.2012 Duly Regd. As Doc No. 20871, Book No. 1, Vol. No. 6813, on pages 56-59, dated 08.10.2012, SRO- VIII, New Delhi. and same to be finance & mortgage by Motilal Oswal Home Finance Limited, That the Surviving Member Certificate (SMC) of Late Mr. Gopal Singh S/o Mr. Harnam Singh is Lost/Misplaced/Not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim/right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
Lucem Legal LLP
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2 Noida, UP-201301, Contact # 0120-4269379

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client suman bala is in process to avail the LAP against his plot of land measuring 270 sq. yds. out of khasta no. 227 situated in the main old abadi of village mamura, district gautam budh nagar, UP (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited) acquired vide Gift Deed dated 25/10/23 (doc. No. 9584) executed by Gulshan Chauhan and Gaurav Chauhan
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned. Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

## कजाकिस्तान की कोयला खदान में आग लगने से कम से कम 32 लोगों की मौत

भाषा। लंदन

● कजाकिस्तान ने आर्सेलरमित्तल की अनुषंगी कंपनी के राष्ट्रीयकरण की पुष्टि की

**मध्य कजाकिस्तान में** कोयला खदान में शनिवार को आग लगने से कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई जबकि 25 अन्य लोग लापता हैं। खदान का संचालन करने वाली कंपनी आर्सेलरमित्तल तेमिरताउ ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि जिस वक्त कोस्टेनको कोयला खदान में आग लगी तो उसमें करीब 252 लोग काम कर रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि आग लगने का कारण मिथेन गैस हो सकती है। लक्समबर्ग स्थित दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इस्पात निर्माता बहुराष्ट्रीय कंपनी आर्सेलर मित्तल का स्थानीय प्रतिनिधि आर्सेलरमित्तल तेमिरताउ है। आर्सेलरमित्तल तेमिरताउ कारागांडा क्षेत्र में आठ कोयला खदानों का संचालन करती है। इसके अलावा कंपनी के पास मध्य एवं उत्तरी कजाकिस्तान में चार लौह अयस्क खदानों के संचालन का जिम्मा भी है। कंपनी की इसी खदान अगस्त में भी आग लग गई थी जिसमें चार खनिकों की मौत हो गई थी। वहीं, नवंबर 2022 में एक अन्य कार्यस्थल पर मीथेन गैस के रिसाव से पांच लोगों की मौत हो गई थी। कजाकिस्तान ने देश के सबसे बड़े इस्पात संयंत्रों और कई कोयला एवं अयस्क खदानों का संचालन करने वाली आर्सेलरमित्तल तेमिरताउ के राष्ट्रीयकरण की पुष्टि की है। यह पुष्टि शनिवार को कंपनी की खदान में आग लगने से हुई कम से कम 32 मौतों के बाद लिया गया है। कंपनी ने शनिवार को पुष्टि की है कि वह अधिकारियों की बढ़ती असंतुष्टि के बीच कंपनी का राष्ट्रीयकरण करने के लिए कजाकिस्तान सरकार के साथ एक समझौते को अंतिम रूप दे रही है।

## न्यूयॉर्क में प्रदर्शनकारियों ने इजराइली संघर्ष विराम की मांग की, 200 हिरासत में लिए गए

भाषा। न्यूयॉर्क (अमेरिका)




**गाजा पट्टी पर** इजराइल की बमबारी तेज होने के बीच, न्यूयॉर्क सिटी के प्रसिद्ध ग्रैंड सेंट्रल टर्मिनल के मुख्य परिसर में शुक्रवार शाम एकत्र हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने संघर्ष विराम की मांग करते हुए नारेबाजी की। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) के अधिकारियों ने इनमें से कम से कम 200 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया और उन्हें ट्रेन स्टेशन से बाहर ले जाया गया। एनवाईपीडी ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया, समन जारी किया गया और फिर उन्हें रिहा कर दिया गया। उसने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों की सटीक संख्या शनिवार सुबह बताई जाएगी। प्रदर्शन के दौरान मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी ने यात्रियों से विकल्प के तौर पर पेन स्टेशन का इस्तेमाल करने को कहा। पुलिस द्वारा स्टेशन से प्रदर्शनकारियों को हटाए जाने के बाद शेष प्रदर्शनकारी बाहर सड़कों पर आ गए। यहूदी समर्थक समूहों ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन में भी इसी प्रकार का धरना प्रदर्शन किया था, उस दौरान 300 से अधिक लोगों को अवैध तरीके से प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इजराइल ने गाजा पट्टी में इंटरनेट और संचार के अन्य माध्यम बंद कर दिए हैं, जिससे वहां रहने वाले 23 लाख लोगों का आपस में तथा बाहरी दुनिया से संपर्क कट गया है। इजराइल ने शुक्रवार रात से गाजा पट्टी पर हवाई और जमीनी हमले भी तेज कर दिए हैं। गाजा के हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इन हमलों में 7,300 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनसें से 60 प्रतिशत से अधिक नाबालिग एवं महिलाएं हैं।

# ब्रिटनी स्पीयर्स का संस्मरण बच्चों के स्टारडम से जुड़े संभावित नुकसान की याद दिलाता है

भाषा। बर्मिंघम (यूके)



**ब्रिटनी स्पीयर्स का** नया संस्मरण, द वूमन इन मी, एक बार फिर से एक बाल कलाकार होने के कारण होने वाली संभावित आजीवन क्षति को दर्शाता है। जूडी गारलैंड और माइकल जैक्सन सहित उनसे पहले के कई लोगों की तरह, स्पीयर्स को भी बचपन में मिली प्रसिद्धी की कीमत चुकानी पड़ी और उन्हें उन वयस्कों द्वारा खतरनाक रास्ते पर ले जाया गया, जिन्हें दरअसल उसकी हिफाजत करनी थी, और वह नतीजों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं थी। स्पीयर्स के पिता, जो उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन के हर पहलू को नियंत्रित करते थे, का संरक्षण अंततः 2021 में समाप्त हुआ। अब वह प्रसिद्धि के समय और उसके बाद के अपने असाधारण वर्षों का विवरण साझा करने में सक्षम हैं। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से बचपन को सामाजिक रूप से निर्मित माना जाता है। इसका मतलब यह है कि बच्चों के पालन-पोषण के कुछ विशिष्ट तरीके हैं जो सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से परिभाषित हैं। हम जीवन के शुरुआती वर्षों से जुड़ी इन परंपराओं को अगर त्याग देते हैं तो उसके अपने जोखिम होते हैं। बचपन के दौरान क्या स्वीकार्य है और क्या नहीं, इससे जुड़ी सीमाएं और नियम, और बच्चा होने के अनुभव को आकार देने वाली सामान्य गतिविधियां और संस्थाएं सदियों से एक कारण से विकसित हुई हैं - बच्चों को वयस्कों की दुनिया की कठोर वास्तविकताओं से सुरक्षित रखने की कोशिश करना।कामुकतापूर्ण व्यवहार, आपके रूपरंग का महत्वपूर्ण होना, काम करने के लिए भुगतान किया जाना, आलोचना और अजनबियों से अवांछित ध्यान का सामना करना - ए सभी बड़े होने के कठिन पहलू हैं। उदाहरण के लिए, मैकाले कल्किन द्वारा अपने नियंत्रण रखने वाले माता-पिता को तलाक देने और वयस्क जीवन में प्रवेश करने के दौरान आने वाली कठिनाइयों के बारे में कहानियाँ भरी पड़ी हैं।

**बच्चों की प्रसिद्धि की कीमत :** हॉलीवुड के स्वर्ण युग के शुरुआती बाल सितारो से लेकर, 20वी सदी के मध्य के टेलीविजन शो के सितारे, अगले दशको मे पॉप और फिल्म उद्योगो का उदय और 21वी सदी की शुरुआत मे रियलिटी टीवी और टैलेंट शो की लोकप्रियता मे उछाल जैसी घटनाओ मे बच्चो का हमेशा विशेष योगदान रहा है। कई लोगो ने अपनी अक्सर कम अवधि की प्रसिद्धि के लिए भारी कीमत चुकाई है।नशीली दवाओ और शराब की लत, पारिवारिक विवादो, आपराधिक गतिविधियो और विषाक्त संबंधो की दुखद कहानियाँ अक्सर मीडिया मे दिखाई देती है। इसके बाद बच्चो के बिगड़ जाने और बहुत कम उम्र मे बहुत कुछ पा जाने जैसी कहानियां सामने आती है, जिनकी आम तौर पर जनता उम्मीद करती आई है।

**DMI HOUSING FINANCE PRIVATE LIMITED ("COMPANY")**
(U65923DL2011PTC216373;
Registered Office:- Express Building, 3rd Floor, 9-10, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002;
T: +91 11 41204444; F: +91 11 41204000; email: dmi@dmihousinhgfinance.in)

**सार्वजनिक नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रूप से ग्राहकों को यह सूचित किया जाता है कि कंपनी के प्रबंधन ने निम्नलिखित शाखा को बंद करने का निर्णय लिया है:

| | |
|---|---|
| डीएमआई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड का नाम, पता और संपर्क विवरण | डीएमआई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, ऑफिस नंबर 69 फ्लोर 5ए क्लाउड9 टावर्स सेक्टर 1, वैशाली, गाजियाबाद, यूपी –201010 (+91 9891257583), (sunny.yadav@dmihousingfinance.in) |
| बंद होने की तिथि | 31.01.2024 |

यह स्पष्ट किया जाता है कि कंपनी उचित सावधानी बरत रही है कि शाखा को बंद करने की प्रक्रिया के दौरान कंपनी के ग्राहकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी मूल्यवान ग्राहकों के ऋण खाते आधार शाखा अर्थात "बंगलो प्लॉट नंबर 2, दूसरी मंजिल, मदर डेयरी के सामने, पांडव नगर दिल्ली–110092" में जारी रहेंगे। ऋण खाता रखने वाले ग्राहक अपने खाते को हमारी कंपनी की किसी भी अन्य शाखा में स्थानांतरित कर सकते हैं, बशर्ते इसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया हो। प्रासंगिक आवेदन पत्र शाखा में उपलब्ध है। ग्राहकों से एतदद्वारा अनुरोध किया जाता है कि कृपया उपरोक्त परिवर्तन पर ध्यान दें जो 31.01.2024 से प्रभावी होगा।

किसी भी स्पष्टीकरण या कठिनाई के मामले में, ग्राहक डीएमआई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी (श्री सन्नी यादव, +91–9891257583) से संपर्क कर सकते है।

स्थान : वैशाली, गाजियाबाद
दिनांक : 21अक्टूबर 2023

# रविंद्र पर भारी पड़ी हेड की पारी

● ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पांच रन से हराया

भाषा। धर्मशाला



**ट्रेविस हेड** (67 गेंद में 109 रन) की आक्रामक शतकीय पारी के बाद आखिरी ओवर में मैच पर शानदार नियंत्रण से ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व कप मैच में शनिवार को यहां न्यूजीलैंड को रोमांचक मुकाबले में पांच रन से शिकस्त दी।ऑस्ट्रेलिया की टीम 50 ओवर में 388 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में नौ विकेट पर 383 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए रचिन रविंद्र ने 89 गेंद में 116 रन बनाए जबकि आखिरी ओवरों में जेम्स नीशम ने 39 गेंद में 58 रन बनाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। नीशम आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर रन आउट हुए जिससे मैच न्यूजीलैंड के हाथ से निकल गया। हाथ की अंगुली में फ्रेक्चर के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहे हेड ने 67 गेंद की पारी में 10 चौके और सात छक्के जड़े तो वही शानदार लय में चल रहे वार्नर ने 65 गेंद में 81 रन की तेजतर्रार पारी खेली। वार्नर ने इस दौरान पांच चौके और छह छक्के लगाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 117 गेंद में 175 रन की साझेदारी की। दोनों टीमों ने इस मैच में समग्र रूप से 771 रन बनाए जो विश्व कप में किसी मैच का सर्वोच्च रन का रिकॉर्ड है। इससे पहले का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका (428) और श्रीलंका (326) के मैच में इसी विश्व कप में सात अक्टूबर को बना था। इस मैच में दोनों टीमों ने 754 रन बनाए थे। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के छह मैचों में न्यूजीलैंड के समान आठ अंक हो गए हैं और वह इस समय चौथे नंबर पर मजबूती से कायम है। बड़ा स्कोर बनाने के बाद भी हालांकि ऑस्ट्रेलिया को इस जीत के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। बाएं हाथ के 23 साल के बल्लेबाज रविंद्र ने कई शानदार शॉट खेल कर वैश्विक मंच पर एक बार फिर से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस पारी के दौरान उनकी टाइमिंग का ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने कुछ लंबे शॉट लगाने के साथ ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की सटीक लैंथ वाली गेंद को कवर से ऊपर से दर्शकों के पास पहुंचाकर आश्चर्यचकित किया। उन्होंने सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे (28) के साथ 61, डेरिल मिशेल (54 के साथ 96 और कार्यवाहक कप्तान टॉम लैथम (21) के साथ 54 रन की साझेदारी कर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। रविंद्र ने मैक्सवेल के खिलाफ छक्का लगाकर 77 गेंद में इस विश्व कप का अपना दूसरा शतक पूरा किया। वह इस तरह केन विलियमसन, मार्टिन गुप्टिल और ग्लेन टर्नर जैसे बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए जिन्होंने विश्व कप के एक सत्र में दो शतक लगाए है। वह कमिंस की गेंद पर मैक्सवेल को कैच देकर पवेलियन लौटे तो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने राहत की सांस ली। इसके बाद हालांकि नीशम ने मोर्चा संभाला और आखिरी ओवर तक टीम को मैच में बनाए रखा। आखिरी ओवर में ऑस्ट्रेलिया का क्षेत्ररक्षण कमाल का रहा। इसने मैच में बड़ा अंतर पैदा किया।

## स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पारीः** वार्नर का एवं बो फिलिप्स 81, हेड बो फिलिप्स 109,मार्श बो सेंटनर 36, स्मिथ का बोल्ट बो फिलिप्स 18,लाबुशेन का रविंद्र बो सेंटनर 18,मैक्सवेल का बोल्ट बो नीशम 41, इंग्लिश का फिलिप्स बो बोल्ट 38,कमिंस पगबाधा बोल्ट 37,जम्पा बो बोल्ट 00, हेजलवुड नाबाद 00,**अतिरिक्तः** (बाईः 01, नोबॉलः 02, वाइडः 06) 09,**कुल योगः** (49.2 ओवर में सभी आउट) 388, **विकेट पतनः**1-175, 2-200, 3-228, 4-264, 5-274, 6-325 , 7-387, 8-388, 9-388 ,**गेंदबाजीः** हेनरी 6.2-0-67-1, बोल्ट 10-0-77-3,फर्ग्यूसन 3-0-38-0,सेंटनर 10-0-80-2,फिलिप्स 10-0-37-3,रविंद्र 8-0-56-0,नीशम 2-0-32-1

**न्यूजीलैंड पारीः**कॉनवे का स्टार्क बो हेजलवुड 28, यंग का स्टार्क बो हेजलवुड 32,रविंद्र का लाबुशेन बो कमिंस 116, मिशेलका स्टार्क बो जम्पा 54,लैथम का हेजलवुड बो जम्पा 21, फिलिप्स का लाबुशेन बो मैक्सवेल 12, नीशम रन आउट (लाबुशेन-इंग्लिस) 58, सेंटनर का मैक्सवेल बो जम्पा 17, हेनरी का हेजलवुड बो कमिंस 9, बोल्ट नाबाद 10, फर्ग्यूसन नाबाद 00,**अतिरिक्त** : (लेग बाईः 04 , वाइडः 22) 26, **कुल योगः** (50 ओवर में नौ विकेट पर) 383 रन **विकेट पतनः**1-61, 2-72, 3-168, 4-222, 5-265, 6-293, 7-320,गेंदबाजी :स्टार्क 9-0-89-0, हेजलवुड 9-0-70-2,कमिंस 10-0-66-2, मैक्सवेल 10-0-62-1, जम्पा 10-0-74-3, मार्श 2-0-18-0

# उलटफेर का शिकार बना बांग्लादेश

● नीदरलैंड की 87 रन से जीत

भाषा। कोलकाता



**दक्षिण अफ्रीका** को हराकर क्रिकेट जगत को चौंकाने वाले नीदरलैंड ने शनिवार को यहां टेस्ट खेलने वाली एक अन्य टीम बांग्लादेश को 87 रन से हराकर आईसीसी वनडे विश्व कप में एक और उलटफेर किया। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 229 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 42.2 ओवर में 142 रन पर आउट हो गई। बांग्लादेश की यह लगातार पांचवीं हार है। उसके छह मैच में दो अंक हैं और वह सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो गया है। नीदरलैंड के छह मैच में दूसरी जीत से चार अंक हो गए हैं और उसने अपनी उम्मीद कायम रखी है। इससे पहले क्वालीफायर में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को हराकर बाहर का रास्ता दिखाने वाली नीदरलैंड की टीम की बांग्लादेश के खिलाफ जीत के नायक कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स तथा तेज गेंदबाज पॉल वान मीकेरेन रहे। एडवर्ड्स ने 89 गेंद पर 68 रन की पारी खेली।

## स्कोरबोर्ड

**नीदरलैंड्स पारीः** विक्रमजीत का शाकिब बो तस्कीन 03,ओडोड का तंजीद बो शोरिफुल 00,बारेसीका शाकिब बो मुस्तफिजुर 41, एकरमैन का मुस्तफिजुर बो शाकिब 15,एडवर्ड्स का मिराज बो मुस्तफिजुर 68,लीडे का मुशफिकुर बो तस्कीन 17, एंजेलब्रेक्ट पगबाधा महेदी 35, वैन बीक नाबाद 23,आर्यन आउट (महमूदुल्लाह - रहीम) 06,दत्त का मिराज बो शोरिफुल 09,मीकेरेन पगबाधा महेदी 00,**कुल योगः** (50 ओवर में सभी आउट) 229 रन,**विकेट पतनः**1-3, 2-4, 3-63 , 4-63 , 5-107, 6-185, 7-185, 8-194, 9-212,गेंदबाजी : शोरिफुल10-0-51-2,तस्कीन 9-1-43-2,शाकिब10-1-37-1,मिराज 4-0-17-0,मुस्तफिजुर 10-1-36-2,महेदी 7-0-40-2

**बांग्लादेश पारीः**लिटन का एडवर्ड्स बो दत्त 03,हसन का एडवर्ड्स बो वैन बीक 15, मिराजका एडवर्ड्स बो डी लीडे 35, शंटो का वैन बीक बो मीकेरेन 09,हसन का एडवर्ड्स बो मीकेरेन 05,रहीम बो मीकेरेन 01,महमुदुल्लाह का दत्त बो डी लीडे 20, हसन रन आउट (डी लीडे) 17,अहमद का डी लीडे बो मीकेरेन 11, रहमानबो एकरमैन20, इस्लाम नाबाद 00,अतिरिक्तः (वाइडः 06) 06,**कुल योगः** (42.2 ओवर में सभी आउट) 142 रन,**विकेट पतनः**1-19, 2-19, 3-45, 4-63, 5-69, 6-70, 7-108, 8-113, 9-142,गेंदबाजीः दत्त 10-0-26-1, बीक 9-1-30-1,एकरमैन 7-1-25-1,मीकेरेन7.2-0-23-4,डी लीडे 7-0-25-2,अहमद2-0-13-0

## हरबर्ल भारतीय महिला हॉकी टीम के मानसिक अनुकूलन कोच बने

**नई दिल्ली।** भारत ने आस्ट्रिया में जन्मे अमेरिकी पीटर हरबर्ल को राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम का मानसिक अनुकूलन कोच नियुक्त किया है। लाइसेंसधारी मनोवैज्ञानिक पीटर भारतीय महिला टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन के साथ काम करेंगे। वह नौ ओलंपिक खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों और टीमों के साथ काम कर चुके है। रांची में अगले साल 13 से 19 जनवरी तक होने वाले एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के मद्देनजर इस नियुक्ति से टीम का मनोबल बढ़ेगा।

## आईटीएफ दावणगेरे ओपनः पूनाचा, रामकुमार सेमीफाइनल में हारे

**दावणगेरे।** भारत के निकी कालियांदा पूनाचा और रामकुमार रामनाथन शनिवार को यहां सेमीफाइनल में हारने के कारण आईटीएफ दावणगेरे ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त निक चैपल ने पूनाचा को 6-3, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला दूसरे वरीय बोगदान बोब्राव से होगा, जिन्होंने भारत के एक अन्य खिलाड़ी रामनाथन को 6-4, 7-6 (4) से पराजित किया। इस बीच युगल फाइनल में सिद्धांत बंठिया और विष्णु वर्धन की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने साई कार्तिक रेड्डी गंता और मनीष सुरेशकुमार की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-2, 7-5 से हराकर खिताब जीता।

## पाकिस्तान के खिलाड़ियों पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना

**चेन्नई।** पाकिस्तान के खिलाड़ियों पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को यहां खेले गए इस मैच में एक विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विज्ञप्ति के अनुसार, बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम ने निर्धारित समय मे चार ओवर कम किए थे इसके बाद मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने यह जुर्माना लगाया।

# जीत का छक्का लगाने उतरेगी टीम इंडिया

● विश्वकप में भारत-इंग्लैंड का हाईवोल्टेज मैच आज, छठे जीत की तलाश में रोहित की सेना

मिहिर चंद्र श्रीवास्तव

### लखनऊ वाले जोश में , मैच के लिए इकाना तैयार



**लखनऊ ।** विश्वकप में अविजीत घोड़े के रथ पर सवार टीम इंडिया कल लखनऊ के इकाना स्टेडियम में इंग्लैंड की टीम को हराकर अपनी ताकत को और बढ़ाने के लिए उतरेगी। हल्की-हल्की ठंड के आगोश में जा रहे राजधानी के मौसम के बीच रविवार को होने वाले इस हाइवोल्टेज मैच में भारत अपनी छठी जीत की तलाश में भी होगा। मैच से पहले पत्रकारों से बातचीत में उप कप्ताप केएल राहुल ने उम्मीद जताई वह कल अपना मैच जीतेंगे। हालांकि इंग्लैंड की टीम ने भी पूरी तरह से कमर कसी हुई है। पिछले चैम्पियन इंग्लैंड के सामने अब सेमीफाइनल में दौड़ में बने रहने का प्रश्न है और ऐसे में दोनों टीमें आमने सामने होंगी तो मेजबान का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने लगातार पांच मैच जीते हैं जबकि सफेद गेंद के क्रिकेट की नई परिभाषा गढ़ने वाले इंग्लैंड के सामने टूर्नामेंट में अस्तित्व बनाए रखने की भी लड़ाई है। टी20 और वनडे क्रिकेट में आक्रामक खेल से इंग्लैंड को पिछले कुछ समय में सफलता जरूर मिली है लेकिन भारतीय हालात में यह दाव उलटा पड़ा है। नतीजा यह है कि मौजूदा चैम्पियन टीम लीग चरण से ही बाहर होने की कगार पर पहुंच गई है। भारत को इस मैच में हरफनमौला हार्दिक पंड्या की कमी खलेगी। स्पिनरों की मददगार पिच पर आम तौर पर शार्दुल ठाकुर की जगह रविचंद्रन अश्विन को उतारा जाता लेकिन पंड्या की गैर मौजूदगी में टीम प्रबंधन को पांच गेंदबाजों के साथ ही उतरना पड़ सकता है। जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा का चयन तो तय है। तीसरे स्पिनर के तौर पर अश्विन को उतारने के लिए मोहम्मद शमी या मोहम्मद सिराज में से एक को बाहर करना होगा। शमी ने धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच विकेट लिए लिहाजा उन्हें अब बाहर रखना मुश्किल होगा। रोहित शर्मा से अच्छी शुरूआत मिलने के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। टीम लक्ष्य का पीछा करने में महारथी साबित हुई है। पंड्या की गैर मौजूदगी में छठे नंबर पर सूर्यकुमार यादव उतर सकते हैं। टूर्नामेंट में अपने पहले मैच में दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट होने के बाद वह एक प्रभावी पारी खेलने को बेताब होंगे। धर्मशाला में श्रेयस अय्यर के विकेट से शॉर्टपिच गेंदों के सामने उनकी कमजोरी पर फिर चर्चा होने लगी है। वह अपने आलोचकों को बल्ले से जवाब देना चाहेंगे।

# निशानेबाज मनु भाकर पांचवें स्थान पर

● भारत के लिए 11वां ओलंपिक कोटा हासिल किया

**नई दिल्ली।** भारत की मनु भाकर ने कोरिया के चांगवोन में चल रही एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक का 11वां कोटा हासिल किया। तोक्यो ओलंपिक खेल चुकी मनु ने फाइनल में 24 स्कोर किया और शूटआफ में हारकर बाहर हो गई। ईरान की हनिए रोस्तामियां दूसरे स्थान पर रही। चीन की निशानेबाजों ने पहला, तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया। चीन को एक ही ओलंपिक कोटा मिल सकता था और हनिए पहले ही कोटा हासिल कर चुकी है तो पांचवें स्थान पर रहने के बावजूद मनु ने कोटा हासिल किया। मनु ने कहा , मेरा लक्ष्य कोटा हासिल करना था क्योंकि अब बहुत कम मौके रह गए हैं। मैं खुश हूं कि कोटा मिला लेकिन पदक मिलता तो और अच्छा होता। भारत ने अब तक राइफल में सात, शॉटगन में दो और पिस्टल में दो कोटा हासिल कर लिए हैं। मनु क्वालीफिकेशन में 591 अंक लेकर शीर्ष पर रही। भारत की ईशा सिंह 17वें और रिदम सांगवान 23वें स्थान पर रहीं। मनु, ईशा और रिदम ने 25 मीटर पिस्टल टीम वर्ग में रजत पदक हासिल किया। वहीं दिव्यांश सिंह पंवार और रमिता जिंदल ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में रजत पदक जीता।



# फिटनेस पर दिया ध्यानः केएल राहुल



**लखनऊ ।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल के लिए उस मैदान पर लौटना खट्टे-मीठे अनुभव की तरह रहा जहां छह महीने पहले उनकी जांघ गंभीर रूप से चोटिल हो गई थी। इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान को एक मई को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैच में गंभीर चोट लगी थी। उनकी जांघ की मांसपेशियों में गंभीर चोट लगी थी। इस चोट से उबरने के लिए सर्जरी की आवश्यकता थी और इसने शारीरिक और मानसिक रूप से राहुल पर बहुत बड़ा प्रभाव डाला। पिछले महीने एशिया कप में वापसी के बाद से बल्लेबाज और विकेटकीपर दोनों के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राहुल ने उस दौर को याद किया, जिसने उन्हें एक मजबूत इंसान बनाया था। उन्होंने कहा, हां, मैं इस बात से थोड़ा दुखी हूं। जब भी किसी को ऐसी चोट लगती है जिससे उबरने में सर्जरी की जरूरत होती है तो उसे खेल में वापसी के लिए बहुत मेहनत करना होता है। बहुत धैर्य की जरूरत होती है। आपको काफी कुछ से गुजरना पड़ता है और यह आसान नहीं होता है।

## बल्लेबाजों सावधानी बरतनी होगी : ट्रेस्कोथिक

**लखनऊ।** इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक का मानना है कि विश्व कप मे अब तक असफल रहे उनके बल्लेबाजो को परिस्थितियो को बेहतर ढंग से समझने की जरूरत है। इंग्लैंड के बल्लेबाज अभी तक भारतीय परिस्थितियो से तालमेल बिठाने मे नाकाम रहे है तथा दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे स्थानो पर जहां अन्य टीमो ने बड़े स्कोर बनाए, वहां इंग्लैंड के बल्लेबाजो को नाकामी हाथ लगी। ट्रेस्कोथिक से भारत के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर इंग्लैंड के बल्लेबाजो की नाकामी के बारे मे पूछा गया तो उन्होने कहा, पिछले कुछ वर्षो मे सीमित ओवरो की हमारी क्रिकेट मे बदलाव आया है और वह बेहतर हो गया है। हमे किस तरह से बल्लेबाजी करनी है इसको लेकर हमारा नजरिया बदल गया है और हम हमेशा सकारात्मक बने रहने का प्रयास करते है।। हम हमेशा विरोधी टीम पर दबाव बनाने का प्रयास करते है। हम जितना परिस्थितियो को समझते है उसके अनुसार विरोधी गेंदबाजो पर दबाव बनाने की कोशिश करते है। हमने कई बार ऐसा किया है।

## भारत की राह में रोड़ा होंगे ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका : गांगुली

**कोलकाता।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि भारत की वनडे विश्व कप मे फिर से विजेता बनने की राह में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका सबसे बड़ी बाधा होंगे। पांच बार के चैंपियन आस्ट्रेलिया ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के हाथो पराजय झेलने के बाद लगातार चार मैच जीत कर शानदार वापसी की। वह अंक तालिका मे अभी चोटी की चार टीम मे शामिल है। बांग्लादेश और नीदरलैंड के बीच ईडन गार्डन्स पर वर्तमान विश्व कप के पहले मैच के आयोजन के अवसर पर गांगुली ने कहा, भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका सबसे बड़ी चुनौती होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ऑस्ट्रेलिया ने वास्तव मे बहुत अच्छी वापसी की है और वह शानदार क्रिकेट खेल रहा है। उसकी न्यूजीलैंड के खिलाफ आज की जीत वास्तव मे बेहद रोमांचक थी। गांगुली ने इंग्लैंड के खराब प्रदर्शन पर हैरानी भी जताई। उसने अभी तक पांच मैच मे केवल एक मैच जीता है। इंग्लैंड का अगला मुकाबला रविवार को लखनऊमे भारत से होगा। मैने कभी नही सोचा था कि इंग्लैंड इस तरह का प्रदर्शन करेगा लेकिन यही खेल है। जहां तक भारत की बात है तो वह मजबूत टीम है और अच्छा प्रदर्शन कर रही है लेकिन अभी चैंपियनशिप दूर की कौड़ी है। पहले उन्हे नॉकआउट चरण से आगे बढ़ना होगा।

## अंपायर्स कॉल पर क्रिकेट जगत में मतभेद

**बेंगलुरु।** पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए विश्व कप मुकाबले मे मैच के बेहद अहम मौके पर पगबाधा की अपील में अंपायर्स कॉल के परिणाम के मुद्दे पर क्रिकेट जगत दो खेमो में बंट गया है। दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी के हारिस रउफ की पगबाधा अपील से बचने के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई, क्योकि टीवी अंपायर ने नॉट आउट देने के मैदान अंपायर के फैसले पर कायम रहने का फैसला किया। इस हार से पाकिस्तान की टीम विश्व कप से बाहर होने के कगार पर पहुंच गई है। हरभजन सिंह, ग्रीम स्मिथ जैसे पूर्व क्रिकेटरो और हर्षा भोगले जैसे कमेंटेटरो ने भी अपने विचार व्यक्त करने के लिए एक्स (पूर्व मे ट्विटर) का सहारा लिया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान कप्तान मिस्बाह उल हक ने अंपायर्स कॉल के नियम को खेल से हटाने की वकालत की। हरभजन ने भी इसी तरह विचार व्यक्त किए। खराब अंपायरिंग और खराब नियमो के कारण पाकिस्तान को यह मैच गंवाना पड़ा। आईसीसी को यह नियम बदलना चाहिए...अगर गेंद स्टंप से टकरा रही है तो आउट है, चाहे अंपायर ने आउट दिया हो या नॉटआउट, इससे कोई फर्क नही पड़ता...अन्यथा तकनीक का क्या फायदा? इस तकनीक पर काम करने वाले लोगो की हालांकि राय उनसे अलग है। आईसीसी मे इसस मुद्दे से जुड़े एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, इस समय, अंपायर्स कॉल को हटाया नही जाएगा।

## जका ने बाबर का फोन उठाना बंद कर दिया हैः लतीफ

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर राशिद लतीफ ने शनिवार को दावा किया कि कप्तान के रूप मे बाबर आजम के दिन अब गिने-चुने ही रह गए है क्योकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) प्रमुख जका अशरफ ने उनके फोन कॉल और मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया है। लतीफ को हालांकि साजिश के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है। पाकिस्तान शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका से हार कर विश्व कप से बाहर होने के कगार पर है। दक्षिण अफ्रीका ने उसे एक विकेट से शिकस्त दी, जो टीम की लगातार चौथी हार है। लतीफ ने सरकारी स्वामित्व वाले पीटीवी स्पोर्ट्स चैनल पर दावा किया, मै इस तथ्य के बारे में जानता हूं कि जब बाबर ने भारत से फोन और मैसेज किया तो उनसे (जका अशरफ) कोई जवाब नही मिला। लतीफ ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय अनुबंध के अनुसार खिलाड़ियो का कम से कम चार से पांच महीने का वेतन लंबित है।

## महाराज ने बता दिया था कि मैं आउट नही हूंः शम्सी

**चेन्नई।** पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी विश्व कप मैच मे पगबाधा की अपील पर बेहद ही मामूली अंतर से अपना विकेट बचाने वाले दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी ने कहा कि केशव महाराज ने उन्हे बता दिया कि वह आउट नही है। विश्व कप के इस बेहद रोमांचक मैच को दक्षिण अफ्रीका ने एक विकेट से अपने नाम किया जिससे पाकिस्तान की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो गई। शम्सी जब क्रीज पर बल्लेबाजी के लिए आए तो टीम को जीत के लिए 12 रन की जरूरत थी और सिर्फ एक विकेट बचा था। तेज गेंदबाज हारिस रउफ की शम्सी के खिलाफ पगबाधा अपील को मैदानी अंपायर ने नकार दिया। पाकिस्तान की टीम ने रिव्यू लिया लेकिन अंपायर्स कॉल के कारण शम्सी क्रीज पर बने रहे और दक्षिण अफ्रीका ने बेहद रोमांचक जीत दर्ज की।

**भारत के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में मैथ्यू वेड आस्ट्रेलिया के कप्तान**

**मेलबर्न।** अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड विश्व कप के बाद भारत मे होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया के कप्तान होंगे। पैतीस वर्ष के वेड का अंतरराष्ट्रीय कैरियर एक साल पहले लगभग खत्म हो गया था और लग रहा था कि पिछले साल का टी20 विश्व कप उनका आखिरी टूर्नामेंट है। अब हालांकि उन्हे 15 सदस्यीय आस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान बनाया गया है। इस साल आरोन फिंच के संन्यास के बाद से आस्ट्रेलिया के पास टी20 टीम का कोई स्थाई कप्तान नही है। मिचेल मार्श और वेड अंतरिम तौर पर यह जिम्मेदारी निभाते आए है। इस श्रृंखला के लिए उसे फिर कमान सौपी गई है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला मे मिचेल मार्श की तरह यह एक और मौका है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे हम अपनी नेतृत्व क्षमता और गहराई का विकास करे। विश्व कप के बाद वनडे और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड , मार्श और कैमरन ग्रीन स्वदेश लौट आएंगे लेकिन डेविड वॉर्नर, स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड टी20श्रृंखला के लिए रुकेंगे। श्रृंखला का पहला मैच 23 नवंबर को विशाखापत्तनम मे खेला जाएगा।

## धोनी ने भरा जोश

**मुंबई।** उत्सव के मौसम को ध्यान में रखते हुए इस साल जियोमार्ट और एम एस धोनी ने दिवाली के लिए सबसे बेहतरीन गिफ्ट्स की एक खास लिस्ट तैयार की है, जिनमें से आप अपने पसंदीदा तोहफे चुन सकते हैं। सही मायने में क्लासिक चीजों का कोई मुकाबला नहीं है! भारतीय मिठाइयों की तरह दुनिया की कोई ऐसी मिठाई नहीं है, जो हम भारतीयों के मीठे खाने की चाहत को संतुष्ट कर सके। चाहे बेसन के लड्डू हों , डोडा बर्फी हो या फिर काजू कतली हो, भारतीय मिठाइयों में विविधता की भरमार है। अब जियोमार्ट मिठाइयों के साथ ड्राई फ्रूट्स की प्रीमियम रेंज की पेशकश कर रहा है, जिसके बाद आपको अपने इलाके में इनकी सबसे अच्छी दुकान ढूंढने की कोई ज़रूरत नहीं है। आप जियोमार्ट पर बड़ी आसानी से ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं। यहाँ आपको शुद्ध सामग्रियों से तैयार एकदम असली स्वाद वाले बेहद मनभावन मिठाइयों की गारंटी मिलती है। चाहे आपको गिफ्ट देना हो या अपने मेहमानों को परोसना हो लेकिन इन लजीज मिठाइयों का एक अतिरिक्त बॉक्स का ऑर्डर देना न भूलें ताकि आप बाद में इसके स्वाद का आनंद ले सकें! 299 रुपये से शुरू होने वाले बेहतरीन ड्राई फ्रूटस और नट्स की खरीदारी कीजिएए साथ ही 50 प्रतिशत तक की छूट का आनंद लीजिए।

# गुजराती ने कोलार्स को हराया, वैशाली संयुक्त तीसरे स्थान पर



**आइल ऑफ मैन (ब्रिटेन)।** ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज के तीसरे दौर में अपनी तकनीकी प्रतिभा दिखाते हुए जर्मनी के दिमित्रीज कोलार्स को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यह प्रतियोगिता विश्व चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है। शुरुआती दौर में शिकस्त का सामना करने वाले गुजराती ने दूसरे राउंड में हमवतन अभिजीत गुप्ता को काले मोहरों से हराया था। उन्होंने एक बार फिर से काले मोहरों से खेलते हुए कोलार्स पर आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत दर्ज की। महिलाओं की स्पर्धा में आर वैशाली ने लेया गैरीफुलिना के खिलाफ रणनीति का शानदार प्रदर्शन किया करते हुए हराया। पहले तीन दौर के बाद वैशाली के नाम 2.5 अंक है। वह चीन की तान झांगए और यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक के बाद तीसरे स्थान पर हैं। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी एलेक्सी सराना के साथ ड्रॉ खेलने के बाद तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए है। रूस के सराना अब सर्बिया का प्रतिनिधित्व करते हैं। एरिगैसी ने सराना पर पकड़ बना ली थी लेकिन इस खिलाड़ी ने अच्छी वापसी करते हुए भारतीय को ड्रॉ करने पर मजबूर किया। एसएल नारायणन और अरविंद चिदंबरम ने क्रमशः इंग्लैंड के निकिता विटुइगोव और ईरान के अमीन तबताबेई के साथ मुकाबले को बराबरी पर खत्म किया। आर्यन चोपड़ा को दूसरी वरीयता प्राप्त हिकारू नाकामुरा की मुश्किल चुनौती मिली। वह तीसरे दौर में हार का सामना करने वाले इकलौते भारतीय है। अन्य भारतीयों में डी गुकेश को स्पेन के एलोन पिचोट ने ड्रॉ पर रोका, जबकि आर प्रज्ञानानंदा को हमवतन रौनक साधवानी के खिलाफ बराबरी का मुकाबला खेलना पड़ा। महिलाओं के वर्ग में तीसरे दौर में वैशाली जीत दर्ज करने वाली इकलौती खिलाड़ी रही।

# भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

● 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य जीते, पदकों की संख्या 111 रही

भाषा। हांगझोउ





**भारतीय पैरा** खिलाड़ियों ने शनिवार को इतिहास रचकर हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में अपने अभियान का अंत 111 पदक जीतकर किया जो किसी भी बड़े अंतरराष्ट्रीय बहु खेल टूर्नामेंट में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य जीते। इससे पहले 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक हुए हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत ने 107 पदक जीते थे। भारत पदक तालिका में पांचवें स्थान पर रहा। चीन ने 521 पदक (214 स्वर्ण, 167 रजत और 140 कांस्य) जीते जबकि ईरान ने 44 स्वर्ण, 46 रजत और 41 कांस्य अपने नाम किए। जापान तीसरे और कोरिया चौथे स्थान पर रहा। पहले पैरा एशियाई खेल 2010 में ग्वांग्झू में हुए थे जिसमें भारत 14 पदक जीतकर 15वें स्थान पर रहा था। इसके बाद 2014 में भारत 15वें और 2018 में नौवे स्थान पर रहा। भारत ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार 100 से अधिक (101) पदक जीते थे। खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि यह प्रदर्शन सरकार की दूरदर्शी नीतियों और जमीनी स्तर पर ध्यान केंद्रित करने का परिणाम है। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, यह प्रदर्शन हमारे एथलीटों की कड़ी मेहनत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलों में सही नीतियों की शुरूआत को दर्शाता है। चाहे वह जमीनी स्तर पर खेलो इंडिया योजना हो या विशिष्ट एथलीटों के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना। इन योजनाओं के माध्यम से मिलने वाले समर्थन का परिणाम दिख रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से खेल बजट में तीन गुना वृद्धि से मंत्रालय को एथलीटों की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने में मदद मिली है। 2014 की तुलना में खेल बजट में तीन गुना वृद्धि ने हम अपने सभी एथलीटों को बेहतर समर्थन देने में सक्षम हुए है, चाहे वह कोच, प्रशिक्षण, विदेशी प्रदर्शन, आहार और बुनियादी ढांचे के मामले में हो। भारतीय पैरालम्पिक समिति की अध्यक्ष दीपा मलिक ने कहा , हमने इतिहास रच दिया। हमारे पैरा एथलीटों ने देश को गौरवान्वित किया है। अब पेरिस पैरालम्पिक में तोक्यो से अधिक पदक जीतेंगे। हम इस प्रदर्शन से हैरान नहीं है। हमें 110 से 115 के बीच पदक मिलने की उम्मीद थी और 111 शुभ आंकड़ा है। भारतीय खिलाड़ियों ने सर्वाधिक 55 पदक एथलेटिक्स में पाए जबकि बैडमिंटन खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण समेत 21 पदक जीते। शतरंज में आठ और तीरंदाजी में सात पदक मिले जबकि निशानेबाजों ने छह पदक जीते। आखिरी दिन शनिवार को भारत ने चार स्वर्ण समेत 12 पदक जीते। इनमें से सात पदक शतरंज में, चार एथलेटिक्स में और एक नौकायन में मिला।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।